सूर्योदय 6:34 सूर्यास्त 6:28

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.0 न्यू | 23.0 अधि |
| धर्मशाला | 16.0 न्यू | 29.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,034 |
| निफ्टी | 23,639 |
| सोना | 1,65,200 |
| चांदी | 2,76,500 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 13 मार्च 2026 | 30 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 73, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 | follow us on: | 8894521702


# माता-पिता की इनकम के आधार पर ओबीसी क्रीमी लेयर में डालना गलत

## सुप्रीम कोर्ट ने यूपीएससी के कैंडिडेट्स को दी बड़ी राहत, केंद्र सरकार की अपीलों को किया खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने वीरवार को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) क्रीमी लेयर तय करने के मामले में कहा कि केवल माता-पिता या अभिभावकों की सैलरी के आधार पर किसी की कैटेगरी तय नहीं की जा सकती। माता-पिता या अभिभावकों के पद और स्थिति को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने फैसले में केंद्र सरकार की उन अपीलों को खारिज कर दिया, जो हाईकोर्ट के फैसलों के खिलाफ थीं।

◆ **कैंडिडेट्स के दावों पर 6 माह में विचार करने के आदेश**

सुप्रीम कोर्ट ने उन ओबीसी कैंडिडेट्स को बड़ी राहत दी है, जिन्हें सिविल सेवा परीक्षा पास करने के बावजूद नौकरी नहीं दी गई थी। सरकार ने उनके माता-पिता की सैलरी को आधार मानकर उन्हें क्रीमी लेयर की श्रेणी में डाल दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि अधिकारियों ने कैंडिडेट्स को आरक्षण से बाहर करने के लिए गलत पैमाना अपनाया। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया है कि वह 6 महीने के भीतर इन कैंडिडेट्स के दावों पर फिर से विचार करे। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर जरूरी हो तो इन कैंडिडेट्स को नौकरी देने के लिए अलग से पद बनाए जाएं। (अनंत ज्ञान)



### यह है पूरा मामला

**यह** पूरा विवाद उन कैंडिडेट्स से जुड़ा है, जिनके माता-पिता पब्लिक सेक्टर्स (पीएसयू), बैंक या इसी तरह के संस्थानों में काम करते थे। सरकार ने 2004 के एक स्पष्टीकरण पत्र का सहारा लेकर कैंडिडेट्स के माता-पिता की सैलरी को आय में जोड़ दिया था। इस वजह से कैंडिडेट्स आरक्षण के लाभ से वंचित हो गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने 1993 के सरकारी आदेश का हवाला दिया। यह आदेश इंदिरा साहनी मामले के बाद बना था। इसमें स्पष्ट है कि क्रीमी लेयर तय करने के लिए माता-पिता का पद (जैसे ग्रुप ए या ग्रुप बी अधिकारी) मुख्य आधार है। इस नियम के तहत सैलरी और खेती से होने वाली कमाई को आय/संपत्ति टेस्ट में शामिल नहीं किया जाता।

### सरकारी और पीएसयू कर्मचारियों के बीच भेदभाव करना सही नहीं

**यह** आदेश इंदिरा साहनी मामले के बाद बना था। इसमें स्पष्ट है कि क्रीमी लेयर तय करने के लिए माता-पिता का पद (जैसे ग्रुप ए या ग्रुप बी अधिकारी) मुख्य आधार है। इस नियम के तहत सैलरी और खेती से होने वाली कमाई को आय/संपत्ति में शामिल नहीं किया जाता। कोर्ट ने कहा कि 2004 का एक पत्र मुख्य नीति को नहीं बदल सकता। कोर्ट यह भी पाया कि सरकारी कर्मचारियों और पीएसयू कर्मचारियों के बीच भेदभाव करना गलत है। अगर सरकारी कर्मचारियों के बच्चों को पद के आधार पर छूट मिलती है, तो पीएसयू कर्मचारियों के बच्चों को केवल सैलरी के आधार पर आरक्षण से बाहर करना समानता के अधिकार का उल्लंघन है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### जम्मू में ड्रोन से गिराई 8 करोड़ की हेरोइन

**एजेंसी, जम्मू।** सिक्योरिटी फोर्स ने जम्मू में इंटरनेशनल बॉर्डर के पास 8 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत की 1.5 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। अधिकारियों ने बताया कि ड्रग्स बिश्नाह इलाके के बहादुरपुरा गांव में तब मिले, जब एक स्थानीय व्यक्ति ने एक खेत में एक संदिग्ध बैग पड़ा देखा। शुरुआती जांच से पता चलता है कि यह कंसाइनमेंट पाकिस्तानी ड्रोन से गिराया गया था। पुलिस ने केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### फारूक अब्दुल्ला को गैर जमानती वारंट जारी

**एजेंसी, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन के 43 करोड़ रुपए के गबन मामले में पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला को गैर-जमानती वारंट जारी किया गया। चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट तबस्सुम ने



यह वारंट तब जारी किया जब अब्दुल्ला खुद या ऑनलाइन कोर्ट में पेश नहीं हुए। कोर्ट ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि आरोपी पेश नहीं होते हैं, तो उनके विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अब इस मामले की अगली सुनवाई 30 मार्च को तय की गई है। (अनंत ज्ञान)

### सीबीआई ने 900 करोड़ की ठगी का किया खुलासा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने वीरवार को एक अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन धोखाधड़ी मामले में दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पंजाब में 15 स्थानों पर छापेमारी की। यह मामला दुबई स्थित फिनटेक प्लेटफॉर्म पाईपल (पीवाईवाईपीएल) के माध्यम से किए गए निवेश और पार्ट-टाइम नौकरी के नाम पर ठगी से जुड़ा है। सीबीआई ने यह मामला गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) से मिले इनपुट के आधार पर दर्ज किया था। आरोप है कि हजारों भारतीय नागरिकों से एक संगठित अंतरराष्ट्रीय गिरोह ने ऑनलाइन योजनाओं के जरिए करोड़ों रुपए की ठगी की। (अनंत ज्ञान)

### आदि कैलाश यात्रा 1 मई से शुरू करने की तैयारी

**एजेंसी, पिथौरागढ़।** उत्तराखंड में आदि कैलाश यात्रा 1 मई से शुरू करने की तैयारी है। मौसम अनुकूल रहा तो प्रशासन अप्रैल के आखिरी सप्ताह से इनर लाइन परमिट जारी कर सकता है। पिछले साल यहां 30 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे थे, ऐसे में इस बार और बड़ी संख्या में यात्रियों के आने की उम्मीद है। आदि कैलाश पिथौरागढ़ जिले के धारचूला क्षेत्र की व्यास घाटी में स्थित है। नवंबर से मार्च तक यहां भारी बर्फबारी के कारण आवागमन बंद रहता है। सुरक्षा कारणों के चलते व्यास घाटी में छियालेख से आगे जाने के लिए इनर लाइन परमिट अनिवार्य होता है, जिसे तहसील प्रशासन जारी करता है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- सूखे मौसम से शिमला के किसान बागवान हुए मायूस -पेज 2
- बोर्ड अध्यक्ष ने किया मंदल व धलूं परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण -पेज 4
- उत्कृष्ट बनेगा नादौन कॉलेज, शुरू होंगे नए कोर्स: -पेज 6
- गौ माता को न्याय दिलाने हाईकोर्ट पहुंचे रेणुकाजी के राजेंद्र सिंह-पेज 12


# सीबीएसई स्कूलों को दो माह में मिलेंगे शिक्षक : मुख्यमंत्री

## शिक्षा विभाग में भरे जाएंगे लेक्चरर और असिस्टेंट लेक्चरर के 400-400 पद

**अनंत ज्ञान**

**नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय महाविद्यालय नादौन के 29वें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बतौर मुख्यातिथि कहा कि प्रदेश में 140 स्कूलों को सीबीएसई पाठ्यक्रम आधारित किया जा रहा है और अगले दो महीनों के भीतर इन स्कूलों में सभी आवश्यक अध्यापक उपलब्ध करवा दिए जाएंगे। इन स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए अलग ड्रेस कोड भी निर्धारित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में जल्द ही लेक्चरर के 400 और असिस्टेंट लेक्चरर के 400 पद भरे जाएंगे। इसके अलावा साइंस कॉलेज हमीरपुर के लिए 20 करोड़ रुपए देने की घोषणा भी की।



मुख्यमंत्री ने कहा कि हमीरपुर में कैंसर अस्पताल के लिए 300 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। यहां सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक भी स्थापित किया जाएगा और 100 करोड़ रुपए की लागत से मदर एंड चाइल्ड अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नादौन कॉलेज में आने वाले समय में नए कोर्स शुरू किए जाएंगे। अगले शैक्षणिक सत्र से यहां भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान के साथ एमसीए और एमबीए कोर्स भी प्रारंभ किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, "नादौन मेरी जन्मभूमि भी है और कर्मभूमि भी। मैं यहां का विकास सुनिश्चित कर रहा हूं और आने वाले समय में नादौन स्पोर्ट्स टूरिज्म का केंद्र बनकर उभरेगा।'

### भाजपा सरकार के समय गिर गया था गुणात्मक शिक्षा का स्तर

**सीएम** ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए पिछली भाजपा सरकार ने पांच हजार करोड़ रुपए बांट दिए, लेकिन फिर भी उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में गुणात्मक शिक्षा के मामले में हिमाचल प्रदेश 21वें स्थान पर पहुंच गया था। हमने बदलाव व व्यवस्था परिवर्तन किया और आज हम पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने डॉ. वाई एस परमार विद्यार्थी ऋण योजना आरंभ की, जिसके तहत उच्च शिक्षा के लिए छात्रों को 20 लाख रुपए तक का ऋण एक प्रतिशत की दर पर दिया जा रहा है। साथ ही इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना के तहत विधवा महिलाओं के बच्चों की उच्च शिक्षा का खर्च भी राज्य सरकार प्रदान कर रही है। अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रुप में अपनाया गया है। इसके लिए कानून बनाने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बना जिसके तहत उन बच्चों का पूरा ध्यान राज्य सरकार रख रही है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के चोर दरवाजों को बंद करके 3800 करोड़ रुपए अर्जित किए, जिससे समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई जा रही हैं।

# 53 निकायों में आरक्षण रोस्टर लगाने के निर्देश

## हिमाचल के 21 नए निकायों में चुनाव पर असमंजस की स्थिति

## प्रदेश सरकार और चुनाव आयोग के आमने-सामने होने की आशंका

**अनंत ज्ञान**

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल के शहरी विकास विभाग ने राज्य के सभी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी को 53 स्थानीय शहरी निकायों के लिए आरक्षण रोस्टर जल्द लगाने के निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने वीरवार को इस संबंध में सभी डीसी को एक पत्र लिखा है, जिसमें 'मोस्ट अर्जेंट-टाइम बाउंड' मानकर रिजर्वेशन रोस्टर लगाने को बोला गया है। दूसरी ओर राज्य में नए बनाए गए स्थानीय शहरी निकायों में सरकार अभी चुनाव नहीं कराना चाह रही है।

इसके लिए स्टेट इलेक्शन कमीशन से अनुमति मांगने का जिक्र पत्र में किया गया है, मगर, इलेक्शन कमीशन ने सरकार को वापस पत्र लिखकर साफ कह दिया है कि सभी नगर निकायों में चुनाव एक साथ करवाए जाएंगे, क्योंकि एक साथ इलेक्शन नहीं करवाने पर आचार संहिता बार-बार लगानी पड़ती है। इसका असर विकास कार्यों पर भी पड़ता है और खर्च भी बार-बार करना पड़ता है।

राज्य सरकार और इलेक्शन कमीशन के इन पत्रों के बाद नए निकायों में चुनाव पर सस्पेंस बन गया है। इसे लेकर आने वाले दिनों में सरकार और इलेक्शन कमीशन आमने-सामने हो सकते हैं।

हिमाचल हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार 31 मार्च से पहले सभी निकायों में आरक्षण रोस्टर लगाया जाना है और 31 मई से पहले चुनाव करवाए जाने है। मगर शहरी विकास विभाग द्वारा आज डीसी को लिखे पत्र के मुताबिक, सरकार अभी 21 निकायों में चुनाव नहीं कराना चाहती। हालांकि कानून में दो साल तक चुनाव नहीं कराए जाने का प्रावधान है। आयोग के निर्देशों के अनुसार 6 अप्रैल तक सभी वार्डों में आरक्षण की प्रक्रिया पूरी कर उसकी अंतिम रिपोर्ट सरकार के माध्यम से राज्य निर्वाचन आयोग को भेजी जाएगी। यदि तय समय के भीतर किसी प्रकार की आपत्ति या अपील प्राप्त नहीं होती है, तो संबंधित उपायुक्त सीधे अंतिम परिसीमन आदेश जारी कर वार्ड आरक्षण की प्रक्रिया शुरू कर सकेंगे।

### कुछ नगर निकायों में वार्ड परिसीमन का कार्यक्रम जारी

**चुनाव** आयोग ने शिमला, ऊना और कांगड़ा जिलों के कुछ नगर निकायों में वार्ड परिसीमन का कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। इसके तहत शिमला के रोहड़ू नगर परिषद, ऊना नगर परिषद और कांगड़ा जिले की बीड़ नगर पंचायत में वार्डों की सीमाएं नए सिरे से तय की जाएंगी। परिसीमन का ड्राफ्ट प्रकाशित कर दिया गया है और संबंधित क्षेत्रों के लोग 19 मार्च तक अपनी आपत्तियां और सुझाव दे सकेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इन आपत्तियों का निपटारा 23 मार्च तक किया जाएगा। परिसीमन प्रक्रिया के तहत यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति होती है तो वह आदेश पारित होने के सात दिन के भीतर मंडलायुक्त के समक्ष अपील कर सकेगा। आयोग के कार्यक्रम के अनुसार मंडलायुक्त द्वारा सभी अपीलों का निपटारा 1 अप्रैल 2026 तक किया जाएगा। इसके बाद उपायुक्तों को 2 अप्रैल तक अंतिम परिसीमन आदेश जारी करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आगे की चुनावी प्रक्रिया में देरी न हो।

# विजिलेंस व एंटी करप्शन ब्यूरो आरटीआई के दायरे से बाहर

**अनंत ज्ञान**

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने भ्रष्टाचार निरोधक जांच एजेंसियों से जुड़ी सूचनाओं को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। सरकार ने राज्य के विजिलेंस एवं एंटी करप्शन ब्यूरो को सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई) के दायरे से बाहर रखने का फैसला किया है। इस निर्णय के बाद अब ब्यूरो से संबंधित कई तरह की सूचनाएं आरटीआई के माध्यम से आम नागरिकों को उपलब्ध नहीं कराई जाएंगी।

◆ **हिमाचल में अब भ्रष्टाचार की जांच से जुड़ी सूचनाओं पर नहीं मिलेगी जानकारी**

सरकार का तर्क है कि भ्रष्टाचार के मामलों की जांच की गोपनीयता बनाए रखने और जांच प्रक्रिया को प्रभावित होने से बचाने के लिए यह कदम उठाया गया है। विजिलेंस एवं एंटी करप्शन ब्यूरो को सूचना का अधिकार से बाहर किए जाने को लेकर यह कहा जा रहा है कि भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की जांच के दौरान कई संवेदनशील जानकारियां होती हैं, जिनके सार्वजनिक होने से जांच प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। इसलिए जांच एजेंसियों को आरटीआई से बाहर रखने का प्रविधान कानून में पहले से मौजूद है। हालांकि अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार भ्रष्टाचार या मानवाधिकार उल्लंघन से जुड़े मामलों में सूचना देने से पूरी तरह छूट नहीं होगी। ऐसे मामलों में सीमित जानकारी उपलब्ध कराई जा सकती है। आरटीआई अधिनियम की धारा 24 के तहत कुछ खुफिया और जांच एजेंसियों को आरटीआई से बाहर रखा जा सकता है। केंद्र और राज्य सरकारें अधिसूचना जारी कर ऐसी एजेंसियों को सूची में शामिल कर सकती हैं। हालांकि भ्रष्टाचार और मानवाधिकार उल्लंघन से जुड़े मामलों में जानकारी देने से पूरी छूट नहीं होती।

# मंडी में एचआरटीसी बस के ड्राइवर-कंडक्टर से मारपीट

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी बस स्टैंड पर मंगलवार देर रात एचआरटीसी बस के ड्राइव और कंडक्टर पर दो युवकों ने हमला कर दिया। इससे दोनों कर्मचारियों को चोटें आई है।

◆ **दिल्ली से मनाली जा रही थी बस, 2 आरोपी किए गिरफ्तार**

बताया जा रहा है कि दोनों युवक नशे में धुत थे। इस दौरान उन्होंने ड्राइवर-कंडक्टर की वर्दी तक फाड़ दी। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार- यह घटना मंगलवार देर रात करीब एक बजे की है। जब परमाणु डिपो की एचआरटीसी बस दिल्ली से सवारियां लेकर मनाली की ओर जा रही थी और चाय-पान के लिए मंडी बस स्टैंड पर रुकी। इसी दौरान दो युवक बस में चढ़ गए और यात्रियों से आधार कार्ड मांगने लगे। कंडक्टर ललित कुमार ने बताया कि जब यात्रियों ने आधार कार्ड न होने की बात कही तो दोनों युवक उनसे उलझ पड़े और हाथापाई करने लगे। यात्रियों ने इसकी सूचना ड्राइवर भास्कर गौतम और कंडक्टर को दी। जब ड्राइवर-कंडक्टर ने युवकों को समझाने और रोकने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट शुरू कर दी और उनकी वर्दी फाड़ दी।

# होर्मुज बंद रहेगा, पड़ोसियों पर हमले जारी रहेंगे : मोजताबा

**एजेंसी, तेहरान**

ईरान के नए सर्वोच्च नेता आयातुल्ला मोजताबा खामेनेई ने अमेरिका और इसराइल के साथ जारी जंग के बीच अपना पहला बयान जारी किया, जिसे वीरवार को सरकारी टेलीविजन पर एक समाचार एंकर ने पढ़ा। खामेनेई खुद कैमरे पर नजर नहीं आए, लेकिन उनके बयान को पूरे देश में दिखाया गया। बयान में खामेनेई ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने का इस्तेमाल ताकत के रूप में किया जाएगा और खाड़ी के अरब पड़ोसी देशों पर हमारे हमले जारी रहेंगे। पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच यह उनका पहला संदेश है। बयान में उन्होंने यह भी कहा कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ मित्रता चाहता है और अब केवल अमेरिका के ठिकानों को निशाना बना रहा है, जिस पर हमले जारी रहेंगे।



मोजतबा खामेनेई ने देश से एकजुटता आह्वान किया और कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद रखा जाएगा, ताकि ईरान के दुश्मनों पर दबाव बनाया जा सके। उन्होंने कहा, हम अपने शहीदों के खून का बदला लेंगे। मोजतबा खामेनेई के सार्वजनिक रूप से दिखाई न देने पर कई रिपोर्ट्स में बताया गया था कि उन्हें युद्ध के दौरान शुरुआती हमलों में चोटें आई थीं। शुरुआती अमेरिकी और इसराइली हवाई हमलों में उनके पिता पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और उनके परिवार के कई सदस्य मारे गए थे। (अनंत ज्ञान)

# फरवरी में बढ़कर 3.21% पहुंची रिटेल महंगाई दर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** फरवरी में रिटेल महंगाई दर बढ़कर 3.21% पहुंच गई है। इससे पहले जनवरी में यह 2.74% थी। 2 मार्च को ये आंकड़े जारी किए गए हैं। महंगाई में यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब इसराइल-अमेरिका और ईरान के बीच जंग चल रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह जंग लंबी चली तो कच्चे तेल के दाम 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकते हैं। इससे पेट्रोल-डीजल महंगा हो सकता है, जिससे माल ढुलाई का खर्च बढ़ेगा और फल-सब्जी समेत हर जरूरी सामान की कीमतें बढ़ जाएंगी। महंगाई बढ़ने की सबसे बड़ी वजह खाने-पीने की चीजों के दामों का बढ़ना है। फूड इन्फ्लेशन फरवरी में बढ़कर 3.47% पर पहुंच गया। जनवरी में यह आंकड़ा केवल 2.13% था। ग्रामीण इलाकों की तुलना में शहरों में महंगाई थोड़ी कम रही। ग्रामीण महंगाई जनवरी के 2.73% से बढ़कर 3.37% हो गई, जबकि शहरी महंगाई 2.75% से बढ़कर 3.02% रही। (अनंत ज्ञान)

◆ **देश में खाने-पीने की चीजों के और महंगा होने की संभावना**

# हिमाचल के ऊंचे पहाड़ों पर ताजा बर्फबारी

## अटल टनल, शिंकुला दर्रा, रोहतांग पास, कोकसर में गिरे बर्फ के फाहे

**अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की ऊंची चोटियों पर वीरवार सुबह के वक्त ताजा हिमपात हुआ। अटल टनल रोहतांग समेत शिंकुला दर्रा, रोहतांग पास, कोकसर और लाहौल घाटी में बर्फ के फाहे गिरे। इससे ऊंचे क्षेत्रों के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। बुधवार की रात को भी लाहौल-स्पीति की अधिक ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात दर्ज किया गया।

मनाली समेत कुल्लू की सैंज वैली में भी दोपहर 12 बजे के बाद हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने ताजा बुलेटिन जारी शुक्रवार दोपहर बाद 3 बजे तक लाहौल -स्पीति के ऊंचे क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी किया है। मंडी, कांगड़ा,



चंबा व किन्नौर की ऊंची चोटियों पर भी हल्का हिमपात और हमीरपुर व ऊना में हल्की बारिश का पूर्वानुमान है। शिमला समेत प्रदेश के ज्यादातर भागों में भी आज सुबह से ही मौसम खराब बना हुआ। आईएमडी की मानें तो राज्य में अगले छह दिन तक बारिश और बर्फबारी के आसार है। आज भी पांच जिले चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला में आंधी व तूफान का यलो अलर्ट जारी कर रखा है। इन जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तूफान चल सकता है।

### अगले 6 दिन भी बर्फबारी व हल्की बारिश के आसार

**आईएमडी** के अनुसार, अगले छह दिन के दौरान अधिक ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले और मध्यम ऊंचाई वाले भागों में हल्की बारिश के आसार है। शुक्रवार को जरूर वेस्टर्न डिस्टरबेंस थोड़ा कमजोर पड़ेगा। मगर 14 मार्च को यह फिर से स्ट्रॉन्ग होकर बरसेगा। इससे विशेषकर 15 मार्च को पूरे प्रदेश में अच्छी बारिश और बर्फबारी का पूर्वानुमान है। 16 और 17 मार्च को भी अधिक ऊंचे व मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी के आसार है।

**बजट सत्र** संसद परिसर में विपक्ष ने गैस संकट को लेकर किया प्रदर्शन, सरकार के खिलाफ नारेबाजी

# एलपीजी की किल्लत को लेकर संसद में नोकझोंक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश में एलपीजी सिलेंडर की कथित किल्लत को लेकर संसद में वीरवार को विपक्ष ने सरकार को घेरा। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए नोटिस दिया, जबकि संसद परिसर में विपक्षी सांसदों ने एलपीजी संकट को लेकर प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान कई विपक्षी सांसदों ने 'नरेंदर भी गायब, सिलेंडर भी गायब' जैसे नारे लगाए और सरकार से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। विपक्ष का कहना है कि देश के कई हिस्सों में सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित हो रही है और इस पर सरकार को स्पष्ट जवाब देना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। लेकिन वह खुद घबराए हुए लग रहे हैं, बिलकुल अलग वजहों से। वे एप्स्टीन अडानी केस की वजह से पैनिक हैं। आपने कल देखा कि सदन के अंदर प्रधानमंत्री की कुर्सी खाली थी। वह देश से कह रहे हैं कि घबराएं नहीं, जबकि वह खुद परेशान लग रहे हैं।

वहीं, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में कच्चे तेल की उपलब्धता फिलहाल पूरी तरह सामान्य और आरामदायक स्थिति में है और किसी भी पेट्रोल पंप पर ईंधन खत्म होने की कोई खबर नहीं है। भारत हर दिन लगभग 55 लाख बैरल कच्चे तेल का इस्तेमाल करता है और देश दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर है। इसी वजह से पेट्रोल और डीजल जैसे उत्पादों की उपलब्धता को लेकर सरकार को भरोसा है कि आम लोगों को किसी तरह की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

### पेट्रोलियम मंत्री ने एपस्टीन को कहा था दोस्त : राहुल



**राहुल** गांधी ने लोकसभा में कहा, 'अभी तो दर्द की शुरुआत हुई है। रेस्टोरेंट बंद हो रहे हैं, एलपीजी को लेकर घबराहट है और सड़क किनारे के विक्रेता प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की बुनियाद उसकी ऊर्जा सुरक्षा होती है। अगर अमेरिका यह तय करे कि हम रूस से गैस या तेल खरीद सकते हैं या नहीं, तो यह समझ से परे है। मैं समझने की कोशिश कर रहा हूं कि यह पहेली क्या है और यह समझौते से जुड़ी लगती है। तेल मंत्री खुद कह चुके हैं कि वे एपस्टीन के दोस्त हैं। इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया।

### राहुल गांधी मुख्य मुद्दे पर बात नहीं करते : रिजिजू



**लोकसभा** में केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मिस्टर राहुल गांधी को खास इजाजत दी गई थी। जैसे ही उन्हें बोलने की इजाजत मिली, उन्होंने एलपीजी पर बात नहीं की, बल्कि ग्लोबल मुद्दों पर बोलना शुरू कर दिया। उन्होंने इस विषय पर बात नहीं की। जब केंद्रीय पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्री, हरदीप सिंह पुरी बयान दे रहे थे, तो राहुल गांधी ने फिर से अपने सभी सांसदों को वेल में भेज दिया। उन्होंने फिर से कागज फाड़कर फेंक दिए और हंगामा किया और सदन को स्थगित करना पड़ा।

## न्यूज ब्रीफ

### दत्तनगर में आयुष ग्राम मेला 17 मार्च को

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** आयुष विभाग के सौजन्य से 17 मार्च को ग्राम पंचायत भवन दत्तनगर में आयुष ग्राम मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले का उद्देश्य लोगों को पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के प्रति जागरूक करना तथा औषधीय पौधों की खेती के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है। मेले में विशेषज्ञों द्वारा अश्वगंधा, गिलोय, तुलसी और एलोवेरा जैसे औषधीय पौधों की वैज्ञानिक व व्यावसायिक खेती के बारे में किसानों और बागवानों को जानकारी दी जाएगी। खंड स्तरीय आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोहिणी शर्मा ने बताया कि मेले में आयुष विभाग के चिकित्सकों द्वारा सामान्य तथा पुरानी बीमारियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श और दवाइयां प्रदान की जाएंगी। साथ ही ग्रामीणों को घरों में औषधीय वाटिका विकसित करने के लिए पौधे वितरित किए जाएंगे, योग सत्र आयोजित होंगे तथा जड़ी-बूटियों की पहचान से जुड़े विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे। यह मेला 17 मार्च को प्रातः 10:30 बजे से सायं 4:00 बजे तक आयोजित होगा।

### कार्यालयों में तैनात शिक्षकों को भेजें स्कूलों में : भोटका



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला भाजपा प्रवक्ता जितेंद्र भोटका ने कहा कि शिक्षा निदेशालय और उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय में कई शिक्षक क्लर्क का कार्य कर रहे हैं, जबकि अनेक विद्यालय स्टाफ की कमी से जूझ रहे हैं। उन्होंने मांग की कि ऐसे शिक्षकों को वापस संबंधित स्कूलों में भेजा जाए, जहां से उनका वेतन निकल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि कार्यालय में लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की कमी है तो सरकार को क्लर्कों की भर्ती करनी चाहिए, न कि शिक्षकों से यह कार्य लिया जाए। वहीं उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा शिमला निशा बलूनी ने कहा कि कर्मचारियों की कमी के कारण सरकार के आदेशानुसार कुछ शिक्षकों को कार्यालय में रखा गया है और वे कार्यालय कार्य सुचारु रूप से कर रहे हैं।

### शिमला बस अड्डा विवादः चालक-परिचालकों ने किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो शिमला।** राजधानी शिमला के पुराना बस अड्डा परिसर में हिमाचल पथ परिवहन निगम के चालक-परिचालकों ने गुरुवार को प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का कहना है कि बस अड्डे पर बसों को खड़ा करने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण कई बार बसों को सड़क किनारे खड़ा करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में यातायात पुलिस द्वारा निगम की बसों के चालान काटे जा रहे हैं, जिससे चालक-परिचालकों में रोष व्याप्त है। चालक-परिचालक यूनियन के अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर ने बताया कि इस समस्या को लेकर पहले भी पुलिस और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। उनका कहना है कि यदि बसों की पार्किंग की व्यवस्था नहीं की गई तो कर्मचारियों को अनावश्यक दिक्कतों का सामना करना पड़ता रहेगा और निगम की सेवाएं भी प्रभावित होंगी।

### निकाय चुनाव से भाग रही कांग्रेस सरकारः संदीपनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार लगातार लोकतांत्रिक प्रक्रिया से बचने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को जनता के बीच अपनी लोकप्रियता पर भरोसा नहीं है, इसलिए पंचायत चुनावों के बाद अब शहरी निकाय चुनावों को भी टालने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार 53 शहरी निकायों में आरक्षण रोस्टर लगाने के निर्देश दे रही है, जबकि दूसरी ओर नए बनाए गए 21 निकायों में चुनाव कराने से बच रही है, जिससे सरकार की मंशा स्पष्ट हो जाती है। संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि राज्य चुनाव आयोग ने सभी शहरी निकायों में चुनाव एक साथ कराने की बात कही है ताकि बार-बार आचार संहिता लागू होने से विकास कार्य प्रभावित न हों। इसके बावजूद सरकार प्रक्रिया में देरी कर आयोग पर दबाव बनाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई निकायों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और वहां प्रशासक नियुक्त किए गए हैं, जबकि नियमों के अनुसार समय पर चुनाव होने चाहिए थे। भाजपा ने सरकार से मांग की है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था का सम्मान करते हुए नगर निकाय चुनाव समय पर कराए जाएं।

# सूखे मौसम से शिमला के किसान-बागवान हुए मायूस

## बारिश न होने से फलों की फसल प्रभावित, खाद और सिंचाई कार्य ठप

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** जिला शिमला में लंबे समय से बारिश न होने के कारण किसान और बागवान भारी चिंता में हैं। मौसम के लगातार शुष्क बने रहने से बागवानी से जुड़े कई आवश्यक कार्य प्रभावित हो गए हैं।

खेतों और बागों में खाद डालने तथा अन्य देखभाल संबंधी काम लगभग ठप पड़ गए हैं। सामान्यतः इस समय गोबर खाद के साथ यूरिया और कैल्शियम नाइट्रेट जैसी उर्वरक डालने का कार्य किया जाता है, लेकिन बारिश न होने से भूमि में पर्याप्त नमी नहीं बन पा रही है। ऐसे में बागवान खाद डालने से भी परहेज कर रहे हैं क्योंकि सूखी जमीन में खाद का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता। जानकारी के अनुसार जिला शिमला के ऊपरी और मध्य क्षेत्र विशेष रूप से इस स्थिति से प्रभावित हैं। जुब्बल-कोटखाई, रामपुर बुशहर, नारकंडा, ठियोग, कुमारसैन, किन्नौर से सटे क्षेत्र तथा रोहड़ू और चौपाल जैसे बागवानी क्षेत्रों में बागवानों की चिंता बढ़ गई है। इन इलाकों में जनवरी और फरवरी माह में जिन बागवानों ने नए पौधे लगाए थे, उनमें पानी की कमी के कारण सूखने का खतरा बढ़ गया है। कई स्थानों पर पेयजल की कमी पहले से बनी हुई है, ऐसे में सिंचाई के लिए पानी जुटाना भी मुश्किल हो रहा है। बागवानों का कहना है कि यदि एक-दो दिन के भीतर बारिश नहीं होती तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

सूखे मौसम का असर फलों की फसल पर भी दिखाई देने लगा है। स्टोन फ्रूट में समय से पहले फूल आने की अवस्था देखी जा रही है, जबकि सेब की रॉयल किस्म में भी पत्तियां निकलने की प्रक्रिया अपेक्षा से लगभग 15 दिन पहले शुरू हो गई है।

विशेषज्ञ इसे सिल्वर टिप अवस्था का जल्दी आना बता रहे हैं। मौसम के इस असामान्य बदलाव से आगामी फसल पर प्रभाव पड़ने की आशंका बढ़ गई है और बागवानों में भविष्य को लेकर चिंता का माहौल व्याप्त है।

### सूखे दौर में सिंचाई और मल्चिंग पर दें ध्यान: डॉ. एसपी भारद्वाज



**बागवानी** विभाग के पूर्व विशेषज्ञ डॉ. एसपी भारद्वाज का कहना है कि वर्तमान सूखा दौर निश्चित रूप से चिंता का विषय है, लेकिन बागवान उचित प्रबंधन से नुकसान को काफी हद तक कम कर सकते हैं। उन्होंने सलाह दी है कि बागवान पौधों की नियमित सिंचाई का विशेष ध्यान रखें और बगीचों में मल्चिंग का प्रयोग बढ़ाएं, ताकि मिट्टी में नमी बनी रहे और खरपतवार का प्रकोप भी कम हो। इसके अलावा आधुनिक बागवानी तकनीकों को अपनाने से पौधों की सुरक्षा और बेहतर विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। उनका मानना है कि यदि आने वाले दिनों में मौसम अनुकूल रहता है और बागवान सावधानी बरतते हैं, तो संभावित नुकसान को काफी हद तक टाला जा सकता है।

# जिले में गैस, पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त आपूर्ति



उपायुक्त कार्यालय में बैठक करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शिमला जिले में घरेलू गैस, पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है तथा इनकी आपूर्ति नियमित रूप से जारी है। उपायुक्त कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी गई कि आवश्यक पेट्रोलियम उत्पादों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और जनता को घबराहट में आकर अनावश्यक रूप से इन वस्तुओं का भण्डारण नहीं करना चाहिए।

डीसी ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एलपीजी की आपूर्ति को लेकर कुछ एहतियाती कदम उठाए गए हैं। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति फिलहाल प्राथमिकता के आधार पर अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को दी जा रही है। अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को अस्थायी रूप से आपूर्ति में सीमितता का सामना करना पड़ सकता है, ऐसे प्रतिष्ठान आवश्यकता अनुसार मिट्टी तेल या कोयले की मांग जिला नियंत्रक कार्यालय में दर्ज करवा सकते हैं।

डीसी ने आम लोगों से अपील की कि घबराहट में आकर एलपीजी सिलेंडर या पेट्रोलियम उत्पादों की अनावश्यक खरीद न करें, क्योंकि इससे कृत्रिम कमी पैदा हो सकती है। साथ ही सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में पेट्रोल पंप और गैस एजेंसियों की स्थिति की नियमित निगरानी करने, स्टॉक की जांच करने तथा पेट्रोल-डीजल को कैन में देने पर रोक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# क्यारवीं में सड़क संपर्क मार्ग की सफल पासिंग

## स्थानीय लोगों ने शिक्षा मंत्री के प्रति जताया आभार

अनंत ज्ञान



सड़क मार्ग की पासिंग पर खुशी व्यक्त करते स्थानीय लोग। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** कोटखाई उपमंडल की ग्राम पंचायत क्यारवीं की बघाल घाटी से गांव बघाल तक प्रस्तावित सड़क संपर्क मार्ग को प्रशासन द्वारा सफलतापूर्वक पास कर दिया गया है। इस महत्वपूर्ण निर्णय से क्षेत्र की जनता में खुशी का माहौल है और लोगों का मानना है कि इससे गांव के विकास को नई गति मिलेगी तथा दूरस्थ बस्तियों को बेहतर संपर्क सुविधा प्राप्त होगी।

ग्राम पंचायत क्यारवीं के लोगों ने सड़क मार्ग की पासिंग के लिए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार व्यक्त किया। स्थानीय जनता का कहना है कि सड़क बनने से जहां आवागमन सुगम होगा, वहीं कृषि और बागवानी गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर ब्लॉक कोटखाई समिति के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा, पंचायत के वरिष्ठ नागरिक, लोक निर्माण विभाग और हिमाचल पथ परिवहन निगम के अधिकारी-कर्मचारी सहित स्थानीय महिलाएं और युवा उपस्थित रहे।

# वेतन न मिलने पर ठेका मजदूरों का प्रदर्शन

अनंत ज्ञान




वेतन की मांग को लेकर प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** रामपुर बुशहर में नगर परिषद के ठेका मजदूरों ने फरवरी माह का वेतन न मिलने के विरोध में गुरुवार को नगर परिषद कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। सीटू के बैनर तले हुए इस प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह, यूनियन अध्यक्ष ललिता और महासचिव संतोष ने आरोप लगाया कि नगर परिषद प्रबंधन, ठेकेदार और श्रम विभाग की मिलीभगत के कारण कूड़ा-सफाई कार्य करने वाले मजदूरों को अब तक वेतन नहीं दिया गया है।

उन्होंने कहा कि कानून के अनुसार सात तारीख तक वेतन देना अनिवार्य है, जबकि कॉन्ट्रैक्ट लेबर एक्ट 1970 की धारा 21(4) के तहत ठेकेदार के चूकने पर नगर परिषद की जिम्मेदारी बनती है, लेकिन प्रबंधन अपनी जिम्मेदारी से बच रहा है। यूनियन नेताओं ने कहा कि ठेका मजदूरों पर श्रम कानून लागू नहीं हो रहे और उन्हें सुरक्षा सुविधाएं, पहचान पत्र, वेतन पर्ची तथा अवकाश जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं। समय पर वेतन न मिलने से मजदूर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं।

मजदूरों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द वेतन जारी नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा तथा कूड़ा उठाने का कार्य पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। प्रदर्शन के कारण रामपुर बाजार और एनएच-05 पर जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए। इस दौरान राजू राणा, नीलम, मनिता, अमित, नील चंद, अशोक, आकाश, मोती राम, तारामणि, रजनी, किरण, सुशीला, सोमारी, सोनी, सीता, उस्तानी, बीरमानिय, सोनिया और चिंता सहित कई मजदूर मौजूद रहे।

## हिम संगीत उत्सव का तीसरा दिवस

# पंजाबी गायक माणक अली ने सूफियाना कलाम से बांधा समां



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला, भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश तथा गेयटी ड्रामेटिक सोसायटी शिमला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हिम संगीत उत्सव-2026 के तृतीय दिवस पर प्रसिद्ध पंजाबी एवं सूफी गायक माणक अली ने अपनी सुमधुर प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

माणक अली शिमला संगीत एवं नाट्य प्रभाग सूचना एवं आउटरीच ब्यूरो में कैजुअल कलाकार के रूप में भी कार्य कर चुके हैं और प्रदेश के अंतरराष्ट्रीय मेलों व सांस्कृतिक उत्सवों में अनेक प्रस्तुतियां दे चुके हैं। उन्होंने इंग्लैंड और यूरोप के कई देशों में भी अपनी गायकी का जादू बिखेरा है। भाषा एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त निदेशक भानु गुप्ता ने बताया कि 10 से 14 मार्च तक चलने वाले इस पांच दिवसीय उत्सव में 13 मार्च को सुप्रसिद्ध कव्वाली गायक निजामी ब्रदर्स प्रस्तुति देंगे।

## नौतोड़ मुद्दे पर मंत्री जगत नेगी को घेरा

# संवैधानिक पदों पर बयानबाजी करना दुर्भाग्यपूर्ण : सूरत नेगी

अनंत ज्ञान



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते भाजपा प्रवक्ता सूरत नेगी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रवक्ता सूरत नेगी ने जनजातीय मंत्री जगत सिंह नेगी द्वारा राज्यपाल के खिलाफ दिए गए बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह संवैधानिक पद की गरिमा के खिलाफ है। उन्होंने आयोजित पत्रकार वार्ता आरोप लगाया कि मंत्री नौतोड़ जैसे संवेदनशील मुद्दे पर सरकार की विफलता छिपाने के लिए राज्यपाल को निशाना बना रहे हैं और जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं।

सूरत नेगी ने कहा कि नौतोड़ का विषय पिछले कई वर्षों से लंबित है। वर्ष 2006 में ट्राइबल एडवाइजरी कमेटी की बैठक में यह शर्त रखी गई थी कि नौतोड़ की जमीन केवल भूमिहीन लोगों को दी जाएगी, जिससे इसका लाभ सीमित हो गया। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार जनजातीय हितों की रक्षा करने में विफल रही है और मंत्री को बयानबाजी के बजाय केंद्र और राज्यपाल से संवाद कर समाधान निकालना चाहिए।

## सिक्योरिटी गार्ड भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू 16 से

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** जिला रोजगार कार्यालय शिमला की ओर से निजी सुरक्षा कंपनी एसआईएस इंडिया लिमिटेड (झबोला, जिला बिलासपुर) के लिए सिक्योरिटी गार्ड और सिक्योरिटी सुपरवाइजर के पदों को भरने के लिए उपमंडल के विभिन्न रोजगार कार्यालयों में कैंपस इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। यह इंटरव्यू 16 से 20 मार्च तक जुब्बल, रोहड़ू, रामपुर, कुमारसैन और ठियोग में आयोजित होंगे। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि कंपनी के लिए लगभग 150 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए अभ्यर्थियों की न्यूनतम ऊंचाई 168 सेंटीमीटर, वजन 52 से 95 किलोग्राम तथा शारीरिक रूप से पूरी तरह फिट होना आवश्यक है, जबकि आयु सीमा 19 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास या उससे अधिक रखी गई है, हालांकि 10वीं फेल अभ्यर्थी भी आवेदन के पात्र होंगे।

उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को 17,500 से 23,000 रुपए तक मासिक वेतन के साथ ईएसआई और ईपीएफ जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। यह भर्ती केवल पुरुष अभ्यर्थियों के लिए होगी। इंटरव्यू का समय सभी स्थानों पर सुबह 11 बजे निर्धारित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि और स्थान पर पहुंच सकते हैं।

# विनय कुमार के जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यालय में रक्तदान शिविर

अनंत ज्ञान

## राजीव भवन में जुटे नेता व कार्यकर्ताओं ने दी शुभकामनाएं



शिमला में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार के जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर में भाग लेते कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक विनय कुमार के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन शिमला में जिला कांग्रेस कमेटी शिमला शहरी की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने उत्साह के साथ भाग लिया और कुल 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

इससे पहले राजीव भवन में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और अग्रणी संगठनों महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल व एनएसयूआई सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने विनय कुमार को जन्मदिन की बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मिठाइयां बांटी, जबकि दिन भर पार्टी मुख्यालय में उन्हें शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा। विनय कुमार ने सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं और रक्तदानियों का आभार व्यक्त किया।

**परेशानी** — पर्यटन और होटल उद्योग हांफा, पिछले दो दिनों से बढ़ी दिक्कत

# कमर्शियल सिलेंडरों की कमी से होटल-ढाबा कारोबार प्रभावित

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** खाड़ी देशों में जारी युद्ध के प्रभाव अब राज्य में भी महसूस किए जाने लगे हैं। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित होने से प्रदेश में गैस सिलेंडरों की किल्लत गहराती जा रही है। इसका असर विशेष रूप से पर्यटन और होटल उद्योग पर पड़ने लगा है। राज्य के कई हिस्सों में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रहे, जिससे होटल, ढाबा और रेस्टोरेंट संचालकों को अपने कारोबार को सुचारु रूप से चलाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश के पर्यटन नगरों में होटल कारोबारियों का कहना है कि बीते दो दिनों से कमर्शियल गैस सिलेंडर मिलना बेहद कठिन हो गया है। इससे मेहमानों के लिए भोजन तैयार करना भी चुनौती बनता जा रहा है। हिमाचल होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष एमके सेठ ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर स्थिति पर चिंता जताई है और शीघ्र समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो कई छोटे होटल और ढाबे अस्थायी रूप से बंद करने की स्थिति में आ सकते हैं।

### बुकिंग के 25 दिन बाद मिलेगा अब घरेलू गैस सिलेंडर

**फिलहाल** राहत की बात यह है कि घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति अभी सामान्य बनी हुई है, हालांकि, बुकिंग के बाद सिलेंडर मिलने में समय बढ़कर लगभग 25 दिन तक पहुंच गया है। लेकिन कमर्शियल सिलेंडरों की कमी लगातार गंभीर होती जा रही है, जिससे पर्यटन सीजन से पहले होटल और रेस्टोरेंट कारोबारियों की चिंता बढ़ गई है।

### ◆स्टील के बर्तनों की बिक्री में आया उछाल

एलपीजी की कमी के बीच लोगों ने वैकल्पिक उपाय तलाशने शुरू कर दिए हैं। बाजारों में इंडक्शन चूल्हों पर उपयोग होने वाले स्टील के बर्तनों की मांग अचानक बढ़ गई है। दुकानदारों के अनुसार पिछले दो दिनों में ऐसे बर्तनों की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, क्योंकि लोग गैस के विकल्प के रूप में इंडक्शन का सहारा लेने लगे हैं।

### ऑनलाइन बुकिंग ठप एजेंसियों के चक्कर शुरू

**राज्य** में एलपीजी सिलेंडरों की ऑनलाइन बुकिंग भी फिलहाल बाधित हो गई है। गैस कंपनियों का कहना है कि सर्वर में तकनीकी समस्या आने के कारण यह दिक्कत सामने आई है। इसके चलते उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों तक जाकर बुकिंग करवानी पड़ रही है। शिमला के वरिष्ठ नागरि का कहना है कि जब अधिकांश सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं, ऐसे में गैस बुकिंग के लिए एजेंसियों के चक्कर लगाना लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है।

# एसजेपीएनएल में मनाया राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह

## परियोजना कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान



राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के समापन अवसर पर प्रतिभागी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** एसजेपीएनएल की 24×7 जल आपूर्ति परियोजना पर कार्यरत सुएज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर 4 मार्च से 10 मार्च तक विभिन्न जागरूकता और सहभागिता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह की थीम 'सभी को जोड़ो, शिक्षित करो और सशक्त बनाओ ताकि सुरक्षा को और सुदृढ़ किया जा सके' रखी गई। इस अवसर पर कर्मचारियों तथा परियोजना से जुड़े अन्य लोगों को कार्यस्थल पर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सुरक्षा सप्ताह के दौरान कर्मचारियों और प्रतिभागियों में जागरूकता बढ़ाने के लिए ड्रॉइंग प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, मॉक ड्रिल तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को सुरक्षा नियमों के महत्व, आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्कता तथा सुरक्षित कार्य पद्धतियों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रमों में कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सुरक्षा को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाने का संदेश दिया।

इन गतिविधियों के समापन के उपलक्ष्य में 11 मार्च को एक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान कर्मचारियों और प्रतिभागियों के लिए मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण उत्साह और उल्लास से भर गया तथा सभी ने मिलकर सुरक्षा के महत्व को पुनः रेखांकित किया।

# चैत्र नवरात्र मेले को लेकर नयना देवी में भारी वाहनों पर प्रतिबंध

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी मंदिर में 19 से 28 मार्च तक आयोजित होने वाले चैत्र नवरात्र मेले को लेकर जिला प्रशासन ने विशेष यातायात व सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी है। श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए जिला दंडाधिकारी बिलासपुर राहुल कुमार ने मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 115 के तहत आदेश जारी कर टोबा से श्री नयना देवी जी मंदिर तक के सड़क मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।

जारी आदेशों के अनुसार मेला अवधि के दौरान टोबा से मंदिर तक के मार्ग पर केवल बसों व छोटे यात्री वाहनों जैसे टैक्सियों की ही आने-जाने की अनुमति होगी। इस दौरान ट्रक, कैंटर, ट्रैक्टर, टैम्पू तथा अन्य भारी वाणिज्यिक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। इसके अलावा यदि ट्रक, टैंपू या ट्रैक्टर सवारियों से लदे हुए पाए जाते हैं, तो उन्हें हिमाचल प्रदेश की सीमा के प्रवेश बिंदुओं गढ़ामोड़ा तथा ग्वालथाई (भाखड़ा) से आगे श्री नयना देवी जी की ओर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी, ऐसे श्रद्धालुओं को इन स्थानों से आगे केवल बसों या टैक्सियों के माध्यम से ही मंदिर तक पहुंचना होगा।

मेले के दौरान कानून व्यवस्था व सार्वजनिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला दंडाधिकारी ने भारतीय दंड संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा भी लागू की है। इसके तहत पुलिस थाना कोट कहलूर के अधिकार क्षेत्र में 19 मार्च से 28 मार्च तक किसी भी व्यक्ति द्वारा अस्त्र-शस्त्र, गोला-बारूद, दूर से मार करने वाले हथियार तथा तेजधार हथियार लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। हालांकि, यह आदेश आम नागरिकों पर लागू होगा, जबकि पुलिस बल को इससे छूट प्रदान की गई है। डीसी राहुल कुमार ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी आदेशों का पालन करें ताकि चैत्र नवरात्र मेला शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

# शिमला में होगी 'तीसरे मोर्चे' की घोषणा

## कांग्रेस-भाजपा से नाराज चेहरों को साधने की कोशिश, कई जिलों में बैठकों का दौर जारी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश की सियासत एक नए मोड़ की आहट महसूस कर रही है। राजनीतिक गलियारों में थर्ड फ्रंट की सरगोशियां तेज हो गई हैं और सत्ता की पारंपरिक दो-ध्रुवीय राजनीति के बीच एक तीसरे विकल्प की जमीन तैयार होती दिखाई दे रही है।

यह पहल केवल नाराज नेताओं का अस्थायी मंच नहीं माना जा रहा, बल्कि एक संगठित राजनीतिक ताकत के रूप में उभरने की तैयारी में है। यदि बड़े राजनीतिक चेहरे व प्रभावशाली नेता इस मंच से जुड़ते हैं तो आने वाले चुनावों में प्रदेश की सियासत के समीकरण बदलना तय माना जा रहा है।

राजनीतिक सूत्रों का कहना है कि दरअसल, इस राजनीतिक हलचल के केंद्र में पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय का नाम सामने आ रहा है। भाजपा से टिकट कटने के बाद उपजे असंतोष को अब वह एक व्यापक राजनीतिक रूप देने की कवायद में जुटे बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि हाल ही में कुल्लू में हुई एक अहम बैठक में करीब 22 पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक और पूर्व सांसद शामिल हुए, जिनमें कई ऐसे चेहरे भी थे जो भाजपा और कांग्रेस की मौजूदा राजनीति से असहज बताए जा रहे हैं। हालांकि मार्कंडेय अभी तक किसी भी बड़े नेता का नाम सार्वजनिक करने से बच रहे हैं, लेकिन संकेत साफ हैं कि जल्द ही शिमला से एक नए राजनीतिक मंच की औपचारिक घोषणा हो सकती है।

राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो टिकट वितरण को लेकर उपजा असंतोष इस नए समीकरण की बड़ी वजह बन रहा है। दिसंबर 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपने आठ मौजूदा विधायकों के टिकट काटे थे, वहीं हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों में भी कई पुराने नेताओं को किनारे किए जाने की चर्चा रही।

सूत्रों का दावा है कि जिन नौ नेताओं के टिकट कटे थे, उनमें से सात नेता हाल ही में कुल्लू की बैठक में मौजूद रहे। ऐसे में माना जा रहा है कि यह असंतोष अब संगठित रूप लेकर एक नई राजनीतिक धुरी का रूप ले सकता है।

सूत्र बताते हैं कि थर्ड फ्रंट की गतिविधियां केवल एक-दो जिलों तक सीमित नहीं हैं। पिछले कुछ दिनों से कुल्लू, बिलासपुर, हमीरपुर और कांगड़ा सहित कई जिलों में लगातार बैठकों का दौर चल रहा है, जहां स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं से संवाद कर राजनीतिक जमीन तैयार की जा रही है। चर्चा यह भी है कि इस नए मंच के संपर्क में केवल भाजपा-कांग्रेस के असंतुष्ट नेता ही नहीं, बल्कि पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के कुछ समर्थक भी बताए जा रहे हैं। इसी वजह से प्रदेश की सियासत में इस संभावित मोर्चे को लेकर चर्चाएं और भी तेज हो गई हैं।

### थर्ड फ्रंट की तैयारी अंतिम चरण में : डॉ. मार्कंडेय



**इसके** सूत्रधार डॉ. रामलाल मार्कंडेय ने संपर्क साधने पर बताया कि नई पार्टी के गठन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है और इसके लिए संगठनात्मक ढांचे को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उनका दावा है कि प्रदेश के 12 में से 10 जिलों में कई प्रभावशाली चेहरे इस नए मंच से जुड़ने के लिए तैयार हैं। सोलन और सिरमौर जिलों में भी बातचीत को आगे बढ़ाया जा रहा है ऐसे में यदि यह पहल आकार लेती है और मजबूत नेतृत्व सामने आता है, तो हिमाचल की पारंपरिक कांग्रेस-भाजपा राजनीति के बीच यह तीसरा विकल्प आगामी चुनावों में नई सियासी करवट का कारण बन सकता है।

# घुमारवीं-बिलासपुर में रामलाल मार्कंडेय की सक्रियता से बढ़ीं सियासी सरगर्मियां

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश की राजनीति में इन दिनों तीसरे मोर्चे की संभावनाओं को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। खासतौर पर बिलासपुर और घुमारवीं क्षेत्र में राजनीतिक हलचल बढ़ती नजर आ रही है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इन दोनों क्षेत्रों में कांग्रेस और भाजपा के कई असंतुष्ट नेता पहले से सक्रिय हैं। ऐसे में यदि पूर्व मंत्री रामलाल मारर्कंडेय इस असंतोष को सही दिशा देते हैं, तो बिलासपुर जिले से भी कुछ नेताओं के संभावित रूप से तीसरे मोर्चे की ओर रुख करने की संभावना जताई जा रही है।

हाल ही में मारर्कंडेय का घुमारवीं और बिलासपुर क्षेत्र का दौरा सियासी हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जा रहा है कि इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर मौजूदा राजनीतिक हालात पर चर्चा की। सूत्रों के अनुसार घुमारवीं में उन्होंने योगेश नामक एक युवक से भी मुलाकात की, जिसे लेकर क्षेत्र में कई तरह की राजनीतिक अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि, इस मुलाकात को लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि प्रदेश की राजनीति लंबे समय से कांग्रेस और भाजपा के इर्द-गिर्द रही है, लेकिन दोनों दलों के भीतर समय-समय पर असंतोष की आवाजें भी उठती रही हैं। ऐसे में यदि कोई मजबूत तीसरा विकल्प सामने आता है तो प्रदेश की राजनीति में नई हलचल हो सकती है।

गौरतलब है कि रामलाल मारकंडेय प्रदेश सरकार में मंत्री रह चुके हैं और खासकर जनजातीय क्षेत्रों में उनका प्रभाव माना जाता है। पिछले कुछ समय से वे प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में लगातार सक्रिय हैं और लोगों से संपर्क साध रहे हैं। बिलासपुर और घुमारवीं में हुई हालिया मुलाकातों ने राजनीतिक माहौल को और गर्मा दिया है। अब नजर इस बात पर है कि उनकी आगे की रणनीति क्या रूप लेती है।

# खराब मौसम के चलते सीएम सुक्खू का हेलिकॉप्टर ऊना में उतारा

अनंत ज्ञान



चौपर में मुख्यमंत्री के साथ बैठे विवेक शर्मा | अनंत ज्ञान

**राजेश शर्मा, ऊना।** खराब मौसम के कारण गुरुवार को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हेलिकॉप्टर को एहतियातन ऊना में उतारना पड़ा। मुख्यमंत्री का हेलिकॉप्टर पुलिस लाइन झलेड़ा स्थित मैदान में सुरक्षित रूप से लैंड कराया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री कुछ समय के लिए वहीं रुके और मौजूद अधिकारियों व स्थानीय लोगों से बातचीत भी की।

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री का सुबह करीब 11:20 बजे अपने गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन (जिला हमीरपुर) पहुंचने का कार्यक्रम निर्धारित था, जहां अमतर में हेलीकॉप्टर की लैंडिंग प्रस्तावित थी, लेकिन उड़ान के दौरान मौसम अचानक खराब हो गया, जिसके चलते सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हेलीकॉप्टर को ऊना में ही उतारने का फैसला लिया गया। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री का हेलिकॉप्टर शिमला से रवाना हुआ था और चंडीगढ़ तक मौसम सामान्य था। हालांकि इसके बाद आगे के क्षेत्र में मौसम खराब होने की सूचना मिलने पर एहतियाती कदम उठाते हुए हेलीकॉप्टर को ऊना में सुरक्षित रूप से लैंड कराया गया।

### कुछ देर बाद नादौन के लिए भरी उड़ान

कुछ समय बाद नादौन क्षेत्र में मौसम साफ होने की जानकारी मिलने पर हेलिकॉप्टर ऊना से दोबारा रवाना हुआ। इसके बाद मुख्यमंत्री ने नादौन कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया और क्षेत्र के लोगों की जनसमस्याएं भी सुनीं। मुख्यमंत्री का रात्रि विश्राम सेरा स्थित विश्राम गृह में निर्धारित है।

उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि नादौन क्षेत्र में खराब मौसम के कारण मुख्यमंत्री का हेलिकॉप्टर एहतियातन ऊना में उतारा गया था। मौसम में सुधार होने के बाद हेलिकॉप्टर यहां से नादौन के लिए रवाना हो गया।

इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ कांग्रेस नेता सतपाल रायजादा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष देसराज गौतम और कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा भी मौजूद रहे। विधायक विवेक शर्मा मुख्यमंत्री के साथ हेलिकॉप्टर में नादौन तक गए और इस दौरान कुटलैहड़ के प्रस्तावित दौरे को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा भी हुई।

# 30 सितंबर तक तय उम्र पूरी करने वाले बच्चों को सत्र शुरू होते ही मिलेगा प्रवेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में नर्सरी से पहली कक्षा तक प्रवेश के लिए लागू आयु मानदंड को लेकर उठ रहे सवालों के बीच हिमाचल सरकार ने स्पष्ट किया है कि जिस शैक्षणिक वर्ष में प्रवेश लिया जाना है, उस वर्ष 30 सितंबर तक निर्धारित आयु पूरी करने वाले बच्चों को उसी सत्र की शुरुआत से संबंधित कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा।

शिक्षा विभाग ने इस संबंध में जारी निर्देशों में कहा है कि विभाग को फील्ड अधिकारियों, स्कूलों, अभिभावकों और अन्य हितधारकों से लगातार प्रश्न प्राप्त हो रहे थे। इन प्रश्नों को ध्यान में रखते हुए सरकार स्तर पर मामले की विस्तार से समीक्षा की गई और अब प्रवेश व पदोन्नति से जुड़ी प्रक्रिया को स्पष्ट कर दिया गया है। निर्देशों के अनुसार यदि कोई बच्चा संबंधित कक्षा के लिए निर्धारित आयु 30 सितंबर तक पूरी कर लेता है, तो उसे उसी शैक्षणिक सत्र के आरंभ से प्रवेश दिया जाएगा। उदाहरण के तौर पर यदि किसी बच्चे की जन्मतिथि 15 अप्रैल 2023 है और वह 2026-27 सत्र में बालवाटिका एक में प्रवेश लेना चाहता है, तो वह प्रवेश के लिए पात्र होगा।

# शहरी विकास व पीडब्ल्यूडी परियोजनाओं के लिए केंद्र से विशेष सहायता की मांग

अनंत ज्ञान



केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात करते मंत्री विक्रमादित्य सिंह। | अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने नई दिल्ली स्थित संसद भवन में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात कर राज्य की शहरी विकास और पीडब्ल्यूडी से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए विशेष केंद्रीय सहायता की मांग उठाई।

बैठक में उन्होंने कहा कि हिमाचल जैसे पर्वतीय राज्य में कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, नाजुक पर्यावरणीय संतुलन और बिखरी हुई बसाहटों के कारण सड़क, जलापूर्ति, सीवरेज और अन्य नागरिक सुविधाओं के निर्माण की लागत मैदानी राज्यों की तुलना में कहीं अधिक होती है, इसलिए केंद्र की योजनाओं में हिमाचल को विशेष मानकों के साथ सहयोग दिया जाना चाहिए।

### विक्रमादित्य सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से की अहम मुलाकात

उन्होंने विशेष रूप से अमृत 2.0 और स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत हिमाचल प्रदेश के लिए अधिक आवंटन की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि राज्य के अधिक नगर निकायों में पेयजल आपूर्ति, सीवरेज नेटवर्क, वर्षा जल निकासी और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन जैसी परियोजनाओं को गति दी जा सके। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन के तहत लागू किए जा रहे यूपीयोग प्लेटफॉर्म और 'वन स्टेट, वन पोर्टल' पहल की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सभी नगर सेवाओं को एकीकृत डिजिटल मंच पर लाने की दिशा में कार्य कर रहा है, जिसके लिए केंद्र से अतिरिक्त वित्तीय और तकनीकी सहयोग जरूरी है। विक्रमादित्य सिंह ने बैठक में यह भी कहा कि हिमाचल के शहरी क्षेत्रों का विकास मजबूत सड़क संपर्क से जुड़ा हुआ है, क्योंकि ये शहर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यापार और पर्यटन के केंद्र के रूप में कार्य करते हैं।

## छतरी में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम का कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार, कहा-

# पंचायत चुनाव रोकना सरकार का विकास विरोधी कृत्य

अनंत ज्ञान



प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए जयराम ठाकुर। | अनंत ज्ञान

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने अपने गृह क्षेत्र सराज के प्रवास के दौरान प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार करते हुए इसे विकास विरोधी और जनविरोधी करार दिया। छतरी में उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने पंचायत चुनाव समय पर संपन्न करवाए होते तो ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य युद्धस्तर पर चल रहे होते, लेकिन आपदा का बहाना बनाकर चुनाव टाल दिए गए।

उन्होंने कहा कि 9 माह बीतने के बाद भी राहत और पुनर्निर्माण के कार्य धरातल पर नजर नहीं आ रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि आज भी कई सड़कें मलबे से अटी पड़ी हैं, पेयजल योजनाएं प्रभावित हैं और बिजली के खंभों तक की सुध नहीं ली गई है। नदी-नालों पर पुलिया निर्माण न होने से ग्रामीणों को कठिन रास्तों से गुजरना पड़ रहा है, जो सरकार की लापरवाही को दर्शाता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार से सहायता मिलने के बावजूद पंचायतों में कार्य ठप्प पड़े हैं और सरकार की मंशा पर उच्च न्यायालय भी सवाल उठा चुका है। उन्होंने 'व्यवस्था परिवर्तन' के नारे को 'व्यवस्था पतन' का प्रतीक बताते हुए कहा कि सरकार का ध्यान केवल अपने मित्रों को उपकृत करने पर है। इस दौरान छतरी कॉलेज के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में उन्होंने स्थानीय कॉलेज और आईटीआई जैसे संस्थानों की उपेक्षा पर भी चिंता जताई तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों के लिए 51 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।

# परवाणू-शिमला फोरलेन परियोजना की प्रगति पर केंद्र का विस्तृत जवाब

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** संसद में भाजपा सांसद सुरेश कश्यप के सवाल के जवाब में केंद्र सरकार ने परवाणू-शिमला फोरलेन परियोजना की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि परवाणू-सोलन खंड पर 1683.31 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण कार्य पूरी तरह पूरा हो चुका है, जबकि सोलन-कैथलीघाट और कैथलीघाट-ढली सहित अन्य हिस्सों में निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है।

उन्होंने कहा कि भारी वर्षा, भूस्खलन और डंपिंग साइट से जुड़ी समस्याओं के कारण कुछ स्थानों पर कार्य में देरी हुई है, लेकिन मार्ग के 85 संवेदनशील स्थलों में से अधिकांश पर ढलान सुरक्षा के स्थायी कार्य किए जा चुके हैं।

### सुरेश कश्यप और हर्ष महाजन के सवाल पर संसद में नितिन गडकरी ने दी जानकारी

वहीं, राज्यसभा में भाजपा सांसद हर्ष महाजन के प्रश्न के उत्तर में केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को विभिन्न केंद्रीय शिक्षा योजनाओं के तहत जारी निधियों का ब्यौरा दिया। शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने बताया कि समग्र शिक्षा, स्टार्स, पीएम श्री, उल्लास और पीएम पोषण जैसी योजनाओं के माध्यम से पिछले तीन वर्षों में राज्य को सैकड़ों करोड़ रुपए की सहायता दी गई है, जिससे प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने में मदद मिल रही है।

# एचएएस अधिकारी अक्षय सूद बने आईएएस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश कैडर के एचएएस अधिकारी अक्षय सूद को भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत कर आईएएस बना दिया गया है। केंद्र सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। सेलेक्ट लिस्ट 2024 के तहत यह पदोन्नति दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार अक्षय सूद को हिमाचल प्रदेश कैडर ही आवंटित किया गया है और उन्हें फिलहाल प्रोबेशन पर आईएएस में नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति एक जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 के बीच उत्पन्न रिक्तियों के आधार पर की गई है। वर्तमान में अक्षय सूद तकनीकी शिक्षा निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। वह एक अक्तूबर 2010 को हिमाचल प्रशासनिक सेवा में शामिल हुए थे। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह पदोन्नति हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में लंबित कुछ याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगी।

# हिमाचल के विकास के बिना विकसित भारत अधूरा : अनुराग

अनंत ज्ञान



**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने दिल्ली के अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित हिम मिलन कार्यक्रम में हिमाचल के प्रवासी गणमान्यों से प्रदेश के विकास पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना बिना विकसित हिमाचल अधूरी है।

अनुराग सिंह ने कारगिल युद्ध में हिमाचल के वीर जवानों की शौर्यगाथा याद करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने बताया कि वीरभूमि हिमाचल के 52 सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए, जबकि कैप्टन विक्रम बत्रा और राइफलमैन संजय कुमार को परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। इसके अलावा महावीर चक्र, वीर चक्र और अशोक चक्र सहित अन्य सैन्य सम्मानों ने प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाया।

उन्होंने कहा कि समावेशी और संतुलित विकास तभी संभव है जब केंद्र और राज्य सरकार सक्रिय भूमिका निभाएं। अनुराग सिंह ने कांग्रेस सरकार की उधार-आधारित नीतियों, अधूरे वादों और रोजगार में कमी की आलोचना की। हिमाचल का कर्ज अब 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो चुका है।

अनुराग सिंह ने बताया कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने हिमालयी राज्यों के लिए विशेष योजनाएं लागू की हैं। उनका कहना था कि विकसित भारत का मार्ग हिमाचल से होकर गुजरता है, इसलिए विकसित भारत का लक्ष्य विकसित हिमाचल के बिना पूरा नहीं हो सकता।

## आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण पर हुई राज्य स्तरीय कार्यशाला

# श्रम बाजार संकेतकों के विश्वसनीय आकलन को मजबूत करने पर जोर

अनंत ज्ञान




कार्यशाला में संबोधित करते आर्थिक सलाहकार डॉ. विनोद राणा। | अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्मिकों के लिए शिमला में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारम्भ आर्थिक सलाहकार डॉ. विनोद राणा ने किया। उन्होंने कहा कि साक्ष्य-आधारित शासन और प्रभावी विकास योजनाओं के लिए सटीक तथा विश्वसनीय सांख्यिकी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने क्षेत्रीय कार्मिकों को डेटा संकलन में सावधानी बरतने तथा आधुनिक तकनीकों के उपयोग के माध्यम से समयबद्ध और प्रभावी कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### क्षेत्रीय अन्वेषकों को सटीक आंकड़े संकलन के लिए दिया प्रशिक्षण

उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण के अंतर्गत राज्य नमूने में लगभग 180 ग्रामीण और 120 शहरी ब्लॉकों से आंकड़े एकत्रित किए जाएंगे। इस सर्वेक्षण के माध्यम से श्रमिक जनसंख्या अनुपात, श्रम बल भागीदारी दर और बेरोजगारी दर जैसे प्रमुख श्रम बाजार संकेतकों के विश्वसनीय अनुमान तैयार किए जाएंगे, जिससे रोजगार सृजन और सामाजिक-आर्थिक विकास से जुड़ी नीतियों के निर्माण में मदद मिलेगी।

# मेलों के नाम पर कर्मचारियों से जबरन पर्चियां काटना बंद करे सरकार : कर्मचारी संघर्ष मोर्चा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल राज्य कर्मचारी संघर्ष मोर्चा आरोप लगाया है कि प्रदेश में मेलों के आयोजन के दौरान कर्मचारियों से 200 से 500 रुपए तक की पर्चियां काटकर हर वर्ष लाखों रुपए एकत्र किए जाते हैं।

मोर्चा के संस्थापक प्रवीण शर्मा, वरिष्ठ सलाहकार डाक्टर अरुण दत्त और रविंद्र शर्मा मल्लू ने कहा कि जब महंगाई भत्ते की बात आती है तो दान के नाम पर भरे गए इस खजाने को खाली बताकर कर्मचारियों की मांगों को दबा दिया जाता है, जिससे कर्मचारियों का अन्य तरीकों से शोषण हो रहा है।

उन्होंने कहा कि मेलों के समय कर्मचारियों से जबरन पर्चियां काटी जाती हैं, जबकि जिन मैदानों में मेले लगाए जाते हैं वहां की जमीन इंचों के हिसाब से करोड़ों रुपये की होती है और आयोजनों से भी भारी भरकम आमदनी होती है। इसके बावजूद कर्मचारियों से अलग से धन वसूला जाना अनुचित है। मोर्चा ने कहा कि किसी भी नियम या विधान में यह प्रावधान नहीं है कि मेलों के आयोजन के लिए कर्मचारियों से जबरदस्ती पैसे लिए जाएं, इसलिए इस व्यवस्था को तुरंत बंद किया जाना चाहिए।

## सुविधा | एचपीएमसी की बोर्ड बैठक में लिए कई अहम फैसले

# चौपाल में सीए स्टोर व ग्रेडिंग-पैकिंग लाइन को मंजूरी

अनंत ज्ञान




बैठक की अध्यक्षता करते बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी। | अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश बागवानी उत्पाद विपणन एवं प्रसंस्करण निगम लिमिटेड (एचपीएमसी) के निदेशक मंडल की 220वीं बैठक गुरुवार को राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में निगम की कार्यक्षमता, वित्तीय स्थिति तथा बागवानी क्षेत्र को मजबूत बनाने से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

निदेशक मंडल को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में एचपीएमसी का वार्षिक कारोबार लगभग 111 करोड़ रुपए रहा है और निगम ने 6.65 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। साथ ही रणनीतिक योजना और प्रोजेक्ट विकास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एचपीएमसी के उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में एक उप-समिति गठित करने को स्वीकृति दी गई, जो विपणन योजना तैयार करने, निगम की खाली या कम उपयोग हो रही संपत्तियों के बेहतर उपयोग तथा राजस्व बढ़ाने के उपायों पर कार्य करेगी।

### 111 करोड़ का वार्षिक कारोबार 6.65 करोड़ का शुद्ध लाभ

बैठक में चौपाल क्षेत्र के लिए बागवानी विभाग की उपलब्ध भूमि पर ग्रेडिंग-पैकिंग लाइन तथा नियंत्रित वातावरण भंडार (सीए स्टोर) स्थापित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई, जिससे क्षेत्र के सेब उत्पादकों को भंडारण और प्रसंस्करण की बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

निगम में श्रमशक्ति की कमी को देखते हुए बागवानी विभाग से प्रतिनियुक्ति आधार पर कर्मियों की तैनाती का निर्णय भी लिया गया। इसके अतिरिक्त मंडी मध्यस्थता योजना के अंतर्गत बागवानों और किसानों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से भुगतान करने पर चर्चा हुई तथा छोटे और जरूरतमंद किसानों को राहत देने के लिए सीमित मात्रा में एचएमओ स्प्रे तेल उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। बागवानी मंत्री एवं एचपीएमसी अध्यक्ष जगत सिंह नेगी ने निगम प्रबंधन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में बागवानी क्षेत्र की मजबूती के लिए विपणन तंत्र, आधारभूत ढांचे और किसान-केंद्रित पहलों को और सुदृढ़ करना समय की आवश्यकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### बिजली बिल में वसूला जा रहा मिल्क सेस

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** हिमाचल सरकार पर बिजली बिल में मिल्क सेस वसूलने का आरोप लगा है। भूतपूर्व सैनिक जनकल्याण सभा रैत के अध्यक्ष एवं बिजली उपभोक्ता मदन लाल शर्मा ने कहा कि सरकार ने 300 यूनिट तक फ्री बिजली देने का लालच देकर लोगों को धोखा दिया है। उन्होंने बताया कि उनके दो घरेलू बिजली मीटरों में मिल्क सेस वसूल किया जा रहा है, जिसमें से एक बिल में 23 रुपए 40 पैसे और दूसरे में 12 रुपए 80 पैसे का टैक्स जोड़ा गया है। शर्मा ने आरोप लगाया कि यह टैक्स दूध से संबंधित नहीं है और यह जनता से भद्दा मजाक किया जा रहा है।

### बिजली बिल जमा न करने पर कटेगा कनेक्शन

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल ढलियारा के सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि जिन्होंने फरवरी या उससे पहले का बिजली बिल अभी तक जमा नहीं किया है, वे शीघ्र अपना बकाया बिल जमा करवा लें। उपभोक्ता अपना बिल विद्युत उप मंडल ढलियारा कार्यालय या ऑनलाइन साइट के माध्यम से जमा कर सकते हैं। सहायक अभियंता ई. मनीष कुमार संधू ने बताया कि अगर उपभोक्ता समय पर बकाया बिल जमा नहीं करते, तो उनके बिजली कनेक्शन बिना पूर्व सूचना के अस्थायी रूप से काट दिए जाएंगे। यह सूचना अंतिम मानी जाएगी और इसके आधार पर कोई अलग से नोटिस जारी नहीं किया जाएगा।

### स्वां खड्ड में अवैध खनन करते चार टिप्पर पकड़े

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** स्वां खड्डा संसारपुर टैरेस के समीप रिडी कुठेड़ा क्षेत्र में खनन विभाग की टीम ने देर रात दबिश देकर चार टिप्परों को पकड़ा है। बुधवार रात करीब 11:30 बजे खनन निरीक्षक अश्वनी कौंडल और सहायक खनन निरीक्षक जोगिंद्र सिंह ने अपनी टीम के साथ स्वां खड्ड क्षेत्र में छापेमारी की। खनन निरीक्षक अश्वनी कौंडल ने बताया कि जिला खनन अधिकारी शैलजा चौधरी के निर्देशों पर यह कार्रवाई की गई, क्योंकि इस क्षेत्र में अवैध खनन की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। पकड़े गए चार टिप्परों के चालान कर उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा।

### धर्मशाला कॉलेज में बजट पर कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा केंद्रीय बजट 2026 के विश्लेषण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बजट के विभिन्न पहलुओं और उनके आर्थिक प्रभावों से अवगत कराना था। कार्यशाला में 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सात विद्यार्थियों ने बजट के विभिन्न विषयों पर अपनी प्रस्तुतियां दीं, जैसे कराधान, ग्रामीण विकास और रोजगार योजनाएं। अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. बालक राम ने आलोचनात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया, वहीं डॉ. नीरज कौशल ने बजट के महत्वपूर्ण प्रावधानों को सरल रूप में समझाया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने इस प्रयास की सराहना की और विद्यार्थियों को समसामयिक आर्थिक मुद्दों के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया।

### केंद्र की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन 15 व 16 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला।** केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण के खिलाफ सीपीएम द्वारा पूरे देश में चलाए जा रहे जन आक्रोश जत्था अभियान के तहत हिमाचल प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 15 मार्च 2026 को मंड रियाली आर्नी यूनिवर्सिटी के नजदीक और 16 मार्च 2026 को प्रातः 11 बजे कचहरी अड्डा धर्मशाला में विशाल जनसभा होगी। इस सभा में पार्टी के नेता और जन संगठनों के प्रतिनिधि केंद्र सरकार की नीतियों से आम जनता पर पड़ रहे प्रभावों को उजागर करेंगे। धर्मशाला कार्यक्रम के बाद मझिण खुंडिया (कांगड़ा) में भी जनसभा आयोजित की जाएगी।

### दरग्याह सकरी सभा का वार्षिक अधिवेशन 15 को

**अनंत ज्ञान, देहरा।** दी दरग्याह सकरी कृषि सेवा सहकारी सभा समिति का वार्षिक साधारण अधिवेशन 15 मार्च को सुबह 11 बजे सभा के सभागार में होना निश्चित हुआ है। यह सूचना प्रधान मनजीत सिंह गुलेरिया तथा सचिव अनिल राणा द्वारा दी गई उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि उपरोक्त समय अनुसार इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर सभा के कारोबार की सारी जानकारी प्राप्त करें और साथ ही सभा के वृद्धि हेतु अपने सुझाव भी दें।

# बंडू भरवाना तक पहुचाएंगें निर्माणाधीन पेयजल योजना से पानी : यादविंद्र गोमा

## मंत्री ने पंचरुखी के बंडू भरवाना में आयुष मेले में की बतौर मुख्यातिथि शिरकत

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** पलम क्षेत्र के लिए निर्माणाधीन 32 करोड़ की पेयजल योजना से सरकार पंचरुखी क्षेत्र के लोगों को पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस योजना का पानी बंडू भरवाना क्षेत्र के लोगों तक पहुंचाया जाएगा।

यह बात आयुष, युवा सेवाएं तथा खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने उक्त पचायत में आयोजित आयुष मेले के दौरान ये बात कही। मंत्री बंडू भरवाना में आयोजित आयुष मेले में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि इससे पूर्व पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए स्थानीय लोगों को पालमपुर क्षेत्र की योजनाओं पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब क्षेत्र को जल्द अपनी पेयजल योजना मिलने जा रही है। इसके अलावा पंचरुखी में अस्पताल भवन भी जुलाई माह तक तैयार करने की बात भी मंत्री ने कही। इस कार्य के लिए हाल ही में उन्होंने 2 करोड़ रुपए मंजूर करवाए हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय सडक़ के चौड़ीकरण के लिए 5 करोड़ रुपए नाबार्ड से स्वीकृत हुए हैं। जल्द इस पर भी कार्य शुरु होगा। पंचरुखी में तहसील बनने से स्थानीय लोगों को सुविधा प्राप्त हुई है। आयुष विभाग की ओर से मंत्री को इस अवसर पर सम्मानित किया गया। मंत्री गोमा ने कहा कि प्रदेश सरकार आयुष पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा जैसी पारंपरिक पद्धतियां न केवल रोगों के उपचार में सहायक हैं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी लोगों को प्रेरित करती हैं। आयुष विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे आयुष मेले लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। मेले के दौरान लोगों को औषधीय पौधों का वितरण किया गया। गोमा ने स्वयं भी लोगों को औषधीय पौधे वितरित किए और उन्हें आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। आयुष मेले में करीब 100 लोगों ने स्वास्थ्य जांच और चिकित्सा परामर्श का लाभ उठाया तथा उन्हें निशुल्क दवाएं वितरित कीं। इस अवसर पर जिला आयुर्वेद अधिकारी एसडीएमओ डॉ. तनुजा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



लोगों को औषधीय पौधों का वितरण भी किया। अनंत ज्ञान

# मंडी में 22 को कार्यकर्ता सम्मेलन से हुंकार भरेंगे सिसोदिया : भंडारी

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने प्रेस बयान में कहा कि आगामी 22 मार्च को मंडी में पार्टी का एक विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और पार्टी के कद्दावर नेता मनीष सिसोदिया मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

भंडारी ने स्पष्ट किया कि मंडी की यह धरती एक बड़े राजनीतिक बदलाव की गवाह बनेगी। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन के मंच से मनीष सिसोदिया पार्टी द्वारा प्रदेश में दमदार अंदाज में विधानसभा चुनाव लड़ने की विधिवत घोषणा करेंगे। यह आयोजन केवल एक सभा नहीं, बल्कि हिमाचल की राजनीति में नई ऊर्जा और दिशा का संचार करने वाला एक ऐतिहासिक पड़ाव साबित होगा जिसके सफल और भव्य आयोजन के लिए पार्टी पूरी तरह तैयारियों में जुट गई है। दिल्ली और पंजाब के शासन मॉडल का उदाहरण देते हुए कहा कि पार्टी की ईमानदार राजनीति आज देश में पारदर्शिता और जनहित का पर्याय बन चुकी है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी के क्षेत्र में किए गए कार्यों ने साबित किया है कि साफ नीयत से व्यवस्था बदली जा सकती है। हिमाचल की जनता पारंपरिक राजनीति से त्रस्त है और अब एक जवाबदेह, विकासोन्मुख विकल्प के रूप में आप की ओर देख रही है। मंडी में होने वाले इस सम्मेलन में प्रदेश के हर कोने से हज़ारों की संख्या में कार्यकर्ता,पदाधिकारी और आम नागरिक जुटेंगे।

कल्याण भंडारी ने विश्वास जताया कि यह सम्मेलन न केवल संगठन की शक्ति को दिखाएगा, बल्कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन की नींव भी रखेगा।

# पोर्टल पर पंजीकरण, प्रस्ताव अपलोड करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया



कार्यशाला आयोजित कर एंगेज पोर्टल की जानकारी दी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में ग्रामीण विकास से जुड़े गैर सरकारी संगठनों की क्षमता को सुदृढ़ करने तथा नाबार्ड की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से आज नाबार्ड, जिला विकास प्रबंधक (डीडीएम) कार्यालय कांगड़ा द्वारा धर्मशाला में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

डीडीएम, नाबार्ड हिमांशु साहू ने अपने संबोधन में ग्रामीण विकास में गैर सरकारी संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। नाबार्ड द्वारा समर्थित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे माइक्रो एंटरप्राइज डेवलपमेंट प्रोग्राम, लाइवलीहुड एंड एंटरप्राइज डेवलपमेंट प्रोग्राम तथा अन्य विकासात्मक पहलों के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला का प्रमुख आकर्षण नाबार्ड के एंगेज पोर्टल का विस्तृत प्रदर्शन (डेमो) रहा। प्रतिभागियों को बताया गया कि अब से नाबार्ड द्वारा गैर सरकारी संगठनों से प्राप्त होने वालेपरियोजना प्रस्ताव तथा दावों को एंगेज पोर्टल के माध्यम से ही ऑनलाइन स्वीकार किया जाएगा।

इस दौरान पोर्टल पर पंजीकरण, प्रस्ताव अपलोड करने तथा विभिन्न चरणों में आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। कार्यशाला में 11 गैर सरकारी संगठनों के 40 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही। अंत में डीडीएम, नाबार्ड ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की कि गैर सरकारी संगठनों और नाबार्ड के बीच सहयोग से जिले में सतत और समावेशी ग्रामीण विकास को और गति मिलेगी।

### इग्नू के पाठ्यक्रम, परीक्षा प्रणाली, और शैक्षिक संसाधनों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डिग्री कॉलेज धर्मशाला में स्थित इग्नू केंद्र पर नए छात्रों के लिए इंडक्शन मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत इग्नू केंद्र के समन्वयक प्रो. अश्वनी चौधरी ने की, जिन्होंने सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया। इस सत्र में दाखिला लेने वाले नए छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इग्नू के अध्ययन केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम में वक्ता के रूप में तरसेम जरयाल ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने उच्च शिक्षा, अनुशासन और निरंतर अध्ययन के महत्व पर जोर दिया और इग्नू के खुले विश्वविद्यालय मॉडल को विद्यार्थियों के कौशल और ज्ञान को विकसित करने के एक बेहतरीन अवसर के रूप में प्रस्तुत किया। प्रो. अश्वनी चौधरी ने कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को इग्नू के पाठ्यक्रम, परीक्षा प्रणाली, और शैक्षिक संसाधनों के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों को इग्नू से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं और सुविधाओं के बारे में भी बताया।

# बोर्ड अध्यक्ष ने किया मंदल और धलूं परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण

## डॉ. राजेश ने स्टाफ को निष्पक्षता और अनुशासन बनाए रखने के दिए निर्देश

### व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**निरीक्षण** के दौरान डॉ. शर्मा ने न केवल परीक्षा हॉल का दौरा किया, बल्कि केंद्रों पर सुरक्षा और सिटिंग प्लान का भी बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बोर्ड का मुख्य उद्देश्य परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न करवाना है।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं को नकल विहीन और पारदर्शी बनाने के लिए बोर्ड प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी कड़ी में बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने वीरवार को धरातल पर उतरकर परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं को परखा। डॉ. शर्मा ने राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मंदल तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, धलूं सहित आसपास के कई केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डॉ. राजेश ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक इंतजाम पूरे हैं। हम निरंतर निगरानी कर रहे हैं ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे। मुझे विश्वास है कि सभी केंद्रों पर मानकों के अनुरूप ही परीक्षाएं संपन्न होंगी।

### उड़नदस्तों ने नकल करते पकड़े छह परीक्षार्थी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से 12 मार्च को हिंदी विषय की परीक्षा का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षा बोर्ड की ओर से गठित उड़नदस्तों ने 6 अभ्यर्थियों से नकल का सामान पकड़ा है। शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि शिक्षा बोर्ड पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं करवा रहा है। नकल रोकने के लिए पूरी व्यवस्था की गई है। इसके चलते ही 12 मार्च को हुई हिंदी विषय की परीक्षा में हमीरपुर जिले से चार, जबकि कुल्लू जिले से दो अभ्यर्थियों को नकल करते हुए पकड़ा है। उन्होंने बताया कि नकल के साथ पकड़े गए अभ्यर्थियों के यूएमसी केस बनाए गए हैं।

# प्रदेश सरकार कर रही संवैधानिक पदों की गरिमा से खिलवाड़ : परमार

अनंत ज्ञान

◆ **नेगी के बयान पर किया पलटवार**

**राकेश डोगरा, डरोह।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि प्रदेश सरकार और उसके मंत्रियों की राजनीति अब पूरी तरह अवसरवाद, विरोधाभास और दुर्भावना का प्रतीक बनती जा रही है। हाल ही में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी द्वारा पूर्व राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को लेकर दिए बयान न केवल दुर्भाग्यपूर्ण हैं, बल्कि हिमाचल की गौरवशाली परंपराओं पर भी सीधा आघात है। परमार ने कहा कि प्रदेश की संस्कृति अतिथि देवो भव की रही है। यहां आने वाला हर व्यक्ति चाहे वह किसी भी दल या विचारधारा से जुड़ा क्यों न हो, सम्मान का पात्र होता है, लेकिन कांग्रेस के मंत्री जिस प्रकार पूर्व राज्यपाल पर टिप्पणी कर रहे हैं, वह इस परंपरा का घोर अपमान है।

परमार ने कहा कि सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि जब शिव प्रताप शुक्ल हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल के पद पर कार्यरत थे, तब जगत सिंह नेगी और कांग्रेस के अन्य नेता क्यों मौन साधे बैठे थे? उस समय इन तथाकथित मुद्दों पर एक भी शब्द बोलने की हिम्मत नहीं हुई। आज जब वह पद से जा चुके हैं तो उनके खिलाफ बयानबाजी करना किस प्रकार की राजनीति को दर्शाता है?

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के मंत्री अपनी विफलताओं से जनता का ध्यान भटकाने के लिए अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। परमार ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रदेश के मंत्री संवैधानिक पदों की गरिमा तक का सम्मान नहीं कर पा रहे हैं। राज्यपाल जैसे संवैधानिक पद पर आसीन रहे व्यक्ति पर इस प्रकार की टिप्पणी करना राजनीतिक दिवालियापन को दर्शाता है। यह कांग्रेस की वही मानसिकता है जिसमें पद पर रहते समय चुप्पी साध ली जाती है और पद छोड़ने के बाद अनर्गल आरोपों की झड़ी लगा दी जाती है।

# नगर पंचायत कार्यालय के स्थानांतरण का विरोध

## शाहपुर के 39 मील व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री सुक्खू को भेजा ज्ञापन



व्यापार मंडल की बैठक में क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** शाहपुर के 39 मील व्यापार मंडल ने वीरवार को महत्वपूर्ण बैठक की। व्यापार मंडल के अध्यक्ष राकेश चौहान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं पर गहन चर्चा की गई और एसडीएम गणेश ठाकुर के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन प्रेषित किया गया।

व्यापारियों ने सरकार के समक्ष मुख्य रूप से बैठक में स्थानीय विधायक एवं उपमुख्य सचेतक की ओर से नगर पंचायत कार्यालय को मिनी सचिवालय में शिफ्ट करने के फैसले की कड़े शब्दों में निंदा की गई। व्यापारियों ने इस निर्णय को तुगलकी फरमान करार देते हुए इसे तुरंत रोकने की मांग की है। व्यापार मंडल ने चिंता जताई कि नेशनल हाईवे की क्रॉसिंग पर रोजाना भारी जाम लग रहा है। इसके कारण व्यापारियों और ग्रामीणों को सड़क पार करना जान जोखिम में डालने जैसा प्रतीत होता है। इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। साथ ही नागरिक और पशु अस्पताल के पास सरकारी आदेशों के बावजूद वाहनों की गलत पार्किंग की जा रही है, जिससे मरीजों और आम जनता को भारी असुविधा हो रही है। अस्पताल को जाने वाली सड़क पर बरसात का पानी खड़ा रहने से स्थिति और बदतर हो जाती है। व्यापारियों ने प्रशासन से उचित पानी निकासी की व्यवस्था करने का आग्रह किया है।

इस अवसर पर व्यापार मंडल के सचिव राम प्रसाद शर्मा, उपाध्यक्ष जीवन कौंडल, उपाध्यक्ष राहुल शर्मा आदि मौजूद रहे। वहीं, ज्ञापन पर संतोष कुमारी, राम प्यारी, नीलम देवी, राधा चौहान, सुमन, ललिता देवी, राज रानी, केसरी देवी और दर्शना सहित कई अन्य लोगों ने भी हस्ताक्षर कर अपना समर्थन जताया।

# बीड़ को नगर पंचायत के दर्जे से विकास को मिलेगी नई रफ्तार

अनंत ज्ञान

◆ **राज्यसभा सांसद अनुराग ने सीएम सुक्खू का जताया आभार**

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बीड़ को नगर पंचायत का दर्जा मिलने पर राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय बीड़ क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा और इससे विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

अनुराग शर्मा ने कहा कि बीड़ नगर पंचायत बनने से बीड़, गुनेहड़, चौगान और क्योरी क्षेत्र की जनता को सीधा लाभ मिलेगा। इन क्षेत्रों में सड़क, स्वच्छता, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, कूड़ा प्रबंधन और अन्य शहरी सुविधाओं को व्यवस्थित रूप से विकसित किया जा सकेगा, जिससे लोगों को बेहतर नागरिक सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि बीड़ प्रदेश का एक प्रमुख पर्यटन केंद्र है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और पैराग्लाइडिंग गतिविधियों के लिए देश-विदेश में प्रसिद्ध है। नगर पंचायत का दर्जा मिलने से यहां विकास कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा सकेगा और पर्यटन को भी नया प्रोत्साहन मिलेगा। राज्यसभा सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर क्षेत्र के संतुलित विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बीड़ को नगर पंचायत का दर्जा दिया जाना इसी दूरदर्शी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिसे प्रदेश सरकार ने पूरा किया है। इसके लिए बीड़, गुनेहड़, चौगान और क्योरी क्षेत्र की जनता की ओर से मुख्यमंत्री का विशेष धन्यवाद और आभार व्यक्त किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से बीड़ क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे और आने वाले समय में यह क्षेत्र पर्यटन, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में और अधिक आगे बढ़ेगा।

# शांता ने लिया कायाकल्प की गतिविधियों का जायजा

◆ **अमेरिका से आए दल के सदस्यों से की मुलाकात**

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** विवेकानंद ट्रस्ट के अध्यक्ष शांता कुमार ने कायाकल्प पहुंचकर संस्थान की गतिविधियों का जायजा लिया तथा सर्व सुविधाओं से युक्त निर्माणाधीन नए पंचकर्म विभाग के निर्माण कार्य पर जानकारी जुटाई तथा स्वास्थ्य-साधकों की सुविधा के लिए जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने संयुक्त राज्य अमरिका में अमेरिकन इंस्टिट्यूट ऑफ इंडियन स्टडीज के पूर्व निदेशक सुरेंद्र गंभीर तथा उनके सदस्य दल से अनौपचारिक मुलाकात की। सुरेंद्र गंभीर अमरीका में रहकर वहां भारतीय राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इनके साथ संस्कृत साहित्य एवं अद्वैत वेदांत के अध्येता तथा साहित्यकार डॉ निष्काम संदेश अग्रवाल ने शांता कुमार को उनके द्वारा इंडोनेशिया की धरती पर वेदांत के चिन्हों की छाप पर जारी एक महत्वपूर्ण शोध पर जानकारी साझा की। उन्होंने विवेकानंद ट्रस्ट के माध्यम से शांता के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ट्रस्ट स्वामी विवेकानंद के विचारों 'नरसेवा-नारायण सेवा' के पदचिह्नों पर चलते हुए स्वामीजी के विराट स्वप्न को साकार करने में जुटा हुआ है।

# नूरपुर पुलिस ने दो दिन में 6 लापता लोगों को सकुशल किया बरामद

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** लापता व्यक्तियों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की तलाश के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस जिला नूरपुर के विभिन्न पुलिस थानों ने सक्रिय कार्रवाई करते हुए कई लापता लोगों को सकुशल बरामद किया है। पुलिस की इस मुहिम के दौरान अलग-अलग क्षेत्रों से लापता छह लोगों को खोजकर सुरक्षित उनके परिजनों के हवाले किया गया है। पुलिस थाना डमटाल क्षेत्र से लापता तीन व्यक्तियों को पुलिस ने ढूंढ निकाला।

इनमें बग्गन लोअर, तहसील बिलावर जिला कठुआ निवासी 19 वर्षीय युवक, वार्ड नंबर 5 ठपकोर डाकघर भदरोया तहसील इंदौरा के 25 वर्षीय युवक तथा डमटाल के 19 वर्षीय युवक शामिल हैं। पुलिस ने इन तीनों को सुरक्षित बरामद कर लिया है। इसी प्रकार पुलिस थाना जवाली के क्षेत्र से लापता धान, डाकघर मतलाहड़, तहसील जवाली के 22 वर्षीय युवक तथा 27 वर्षीय दो युवकों को पुलिस ने ट्रेस कर लिया। वहीं, पुलिस थाना इंदौरा के क्षेत्र से लापता मुकेन, डाकघर प्रीतम नगर, तहसील व जिला गढ़वाल (उत्तराखंड) निवासी एक व्यक्ति को भी पुलिस ने ढूंढ लिया है। पुलिस जिला नूरपुर के अनुसार इस विशेष अभियान के तहत केवल दो दिनों के भीतर छह लोगों को खोजने में सफलता मिली है। सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद इन लोगों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि लापता व्यक्तियों की तलाश के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

**कार्यक्रम** माइकोराइजल जैव प्रौद्योगिकी का उपयोग विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

# प्रदेश में आधुनिक नर्सरी होंगी स्थापित

◆ **हिमालयन वन अनुसंधान शिमला करेगा स्थापना, 36 वन अधिकारियों को किया प्रशिक्षित**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान शिमला की ओर से अब पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में आधुनिक नर्सरी की स्थापना की जाएगी। इसी कड़ी में क्षमता निर्माण तथा रोपण सामग्री उत्पादन में माइकोराइजल जैव प्रौद्योगिकी का उपयोग विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन धर्मशाला में किया गया। धर्मशाला में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में धर्मशाला वन वृत्त के 36 वन अधिकारियों, कर्मचारियों एवं फील्ड स्टाफ ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मॉडल नर्सरी के स्थापना, उच्च गुणवत्ता वाले पौधों के उत्पादन तथा नर्सरी में पर्यावरण-अनुकूल जैव तकनीकों के उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को आधुनिक नर्सरी की स्थापना एवं प्रबंधन के साथ-साथ रोपण सामग्री के उत्पादन में आधुनिक तकनीकों के उपयोग के प्रति जागरूक और सक्षम बनाना था। इसके अतिरिक्त, नर्सरी तैयार करने की प्रक्रिया के दौरान माइकोराइजल जैव उर्वरकों के महत्व एवं उनके प्रभावी उपयोग के बारे में भी प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में वासु कौशल, मुख्य वन अरण्यपाल धर्मशाला ने शिरकत की।



धर्मशाला में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन। अनंत ज्ञान

**नर्सरी उपयोग से संबंधित नवीन तकनीकों की दी जानकारी:** प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. प्रवीन रावत, वैज्ञानिक संस्थान शिमला ने मुख्यातिथि, संस्थान के समूह समन्वयक (अनुसंधान) एवं सभी उपस्थित वन मंडल अधिकारियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया। डॉ. रावत ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश सरकार के राज्य क्षतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन और योजना प्राधिकरण के अंतर्गत वित्त पोषित परियोजनाओं के तहत आयोजित किया जा रहा है।

इससे प्रतिभागियों को नर्सरी उपयोग से संबंधित नवीन तकनीकों, वैज्ञानिक पद्धतियों तथा उनके व्यावहारिक उपयोग के बारे में जानकारी मिलेगी। डॉ. अश्वनी तपवाल, वैज्ञानिक-एफ ने आधुनिक नर्सरी निर्माण में माइकोराइजा के महत्व और प्रभावशीलता पर जानकारी प्रदान की। डॉ. संदीप शर्मा समूह समन्वयक (अनुसंधान) शिमला ने कार्बनिक खाद, वर्मीकम्पोस्ट निर्माण तथा आधुनिक नर्सरी की स्थापना से संबंधित सरल और उपयोगकर्ता-अनुकूल तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की।

# नंगल चौक में पागल कुत्ते ने तीन लोगों को काटा

अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** डाडासीबा पुल बतबाड़ व नंगल चौक के आसपास उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक पागल कुत्ते ने अचानक लोगों और पशुओं पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुत्ता जो भी सामने आ रहा था उस पर झपट रहा था और काटने का प्रयास कर रहा था, जिससे क्षेत्र में कुछ समय के लिए भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।

जानकारी के अनुसार कुत्ते ने तीन लोगों को काटकर घायल कर दिया। घायलों में रवि कुमार (35) निवासी नंगल चौक, प्रेम सिंह (45) निवासी जंबल तथा अरुण ठाकुर (36) निवासी ऊना शामिल हैं। बताया जा रहा है कि ये तीनों किसी काम से सड़क पर जा रहे थे, तभी अचानक कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया और काटकर घायल कर दिया। घायल व्यक्तियों ने सिविल अस्पताल डाडासीबा में जाकर प्राथमिक उपचार करवाया और रेबीज के इंजेक्शन लगवाए। इसके अलावा इस कुत्ते ने कुछ पशुओं पर भी हमला किया है।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मिलकर कुत्ते को ढूंढा और उसे मार गिराया, जिसके बाद क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली।

उधर इस संबंध में खंड चिकित्सा अधिकारी डाडासीबा डॉ. सतीश फोतेदार ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को पागल कुत्ता या कोई संदिग्ध जानवर काट ले तो उसे तुरंत अस्पताल में जाकर रेबीज के इंजेक्शन लगवाने चाहिए, ताकि किसी प्रकार का खतरा न रहे। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय तक दहशत का माहौल बना रहा और लोग बच्चों को अकेले बाहर भेजने से भी डरते नजर आए। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए।

# पेयजल स्कीमों के लिए सबसे अधिक राशि देने वाला ब्लॉक बना रैत

## 15वें वित्तायोग के तहत जल शक्ति विभाग को दिया 1.28 करोड़ टाइड फंड

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** पेयजल स्कीमों के लिए जल शक्ति विभाग को सबसे अधिक टाइड फंड देने में रैत ब्लॉक प्रदेशभर में अव्वल रहा है। पंद्रवें वित्तायोग के तहत रैत ब्लॉक से जल शक्ति विभाग को प्रदेश में सबसे अधिक 1.28 करोड़ का टाइड फंड दिया गया है। यही नहीं ब्लॉक की सभी 61 पंचायतों को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में भी कार्य शुरू हो चुका है। साथ ही युवाओं को स्टडी सहित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर माहौल मिले, इसके लिए ब्लाक की चार पंचायतों में डेढ़-डेढ़ लाख रुपए की लागत से लाईब्रेरी निर्मित की गई हैं। मनरेगा में भी ब्लॉक की कई पंचायतों में अच्छा कार्य हुआ है।

गौरतलब है कि 15वें वित्त आयोग के तहत ग्रामीण स्थानीय निकायों को मिलने वाला फंड दो भागों जिसमें टाइड और अनटाइड में बंटा होता है। टाइड फंड अनिवार्य रूप से स्वच्छता, ओडीएफ प्लस स्टेटस और पेयजल आपूर्ति के लिए है। अनटाइड फंड का उपयोग पंचायतों द्वारा अपनी स्थानीय जरूरतों (सड़क, नालियां आदि) के अनुसार विकासात्मक कार्यों के लिए किया जाता है।



- ब्लॉक की सभी 61 पंचायतों से एकत्रित होगा प्लास्टिक वेस्ट
- डेढ़-डेढ़ लाख से ब्लॉक की चार पंचायतों में बनी लाइब्रेरी : कमलजीत

### अनटाइड फंड से 70 से 80 फीसदी खर्च

**बीडीओ** रैत कमलजीत गुप्ता ने अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में बताया कि हाल ही में उच्च अधिकारियों के साथ आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में रैत ब्लॉक द्वारा सबसे अधिक टाइड फंड जल शक्ति विभाग को पेयजल योजनाओं के लिए दिए जाने की बात कही गई थी। ब्लॉक द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 व 2025-2026 का टाइड फंड जल शक्ति विभाग को दिया गया है जो 1.28 करोड़ है। इसके अलावा अनटाइड फंड के तहत होने वाले कार्यों पर 70 से 80 फीसदी खर्च ब्लाक के तहत हुआ है।

### प्लास्टिक कलेक्शन हुई या नहीं, करेंगे सुनिश्चित

**बकौल** कमलजीत गुप्ता सिहूंवा में स्थापित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के साथ पायलट आधार पर आसपास की पंचायतों को जोड़ा गया है। अभी 31 मार्च तक ही टेंडर किया गया है। आगामी समय में पुनः जो टेंडर होगा तो ब्लाक की सभी 61 पंचायतों को यूनिट के साथ जोड़ा जाएगा। जो भी ठेकेदार इस यूनिट को लेगा, उससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उसके पास पंचायतों के अनुरूप समुचित मैन पावर हो। यही नहीं पंचायतों से ठेकेदार के सफाई कर्मियों द्वारा प्लास्टिक एकत्रित किया गया या नहीं, इसके लिए पंचायत प्रधान या सचिव से एनओसी लेने की भी व्यवस्था की जाएगी, जिससे ब्लॉक को पूरी तरह से प्लास्टिक वेस्ट मुक्त किया जा सके।

### अनयूज्ड बिल्डिंग में स्थापित की लाइब्रेरी

**बीडीओ** ने बताया कि ब्लाक की चड़ी, दरीणी और मंझग्रां पंचायतों में लाइब्रेरी निर्मित की गई हैं, जिनका संचालन शुरू कर दिया गया है, जबकि भडियाड़ा में निर्मित लाइब्रेरी को अभी शुरू किया जाना है। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से डेढ़-डेढ़ लाख की राशि मुहैया करवाई गई थी, जबकि भवन व्यवस्था, पंचायत स्तर पर जो भवन इस्तेमाल नहीं किए जा रहे थे, उनका प्रयोग किया गया है। मनरेगा के तहत भी ब्लाक की कई पंचायतों में अच्छे कार्य हुए हैं।

# आरएस बाली ने ग्रामीणों के साथ शहीद हैप्पी को दी श्रद्धांजलि

- बोले- लीली पंचायत में आधुनिक जिम जल्द होगा स्थापित

अनंत ज्ञान

**कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** शहीद हैप्पी चौधरी नगरोटा की शान, लोगों के दिलों में हमेशा रहेंगे जीवित। यह उद्गार हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने नगरोटा के लिली पंचायत के शहीद हैप्पी चौधरी के जन्मदिन पर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर कहे।

उन्होंने शहीद हैप्पी चौधरी के माता-पिता युवाओं और ग्रामीणों के साथ मिलकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा हैप्पी चौधरी का बलिदान अदम्य साहस की मिसाल है उन्होंने कहा उनका यह बलिदान सभी युवाओं को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा हैप्पी चौधरी हम सभी के दिलों में हमेशा जीवित रहेंगे। इस मौके पर युवाओं ने जिम खोलने की मांग रखी, जिसे उन्होंने तुरंत पूरा करने की घोषणा की। उन्होंने कहा युवाओं के लिए पंचायत में जल्द आधुनिक जिम स्थापित कर दिया जाएगा। आरएस बाली नगरोटा बगवां एचआरटीसी कार्यशाला में धार्मिक भंडारे में भी शामिल हुए।



शहीद हैप्पी के जन्मदिन पर पहुंचे आरएस बाली। अनंत ज्ञान

नई जोड़ी



ठाना (बद्दी) के मनप्रीत सिंह और संयुक (पंजाब) की मनप्रीत कौर को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सएप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# सीयू के दीक्षांत समारोह के लिए हिमाचल आ रहे उपराष्ट्रपति

## कल मेधावियों को डिग्रियां और गोल्ड मेडल देने उपरांत जाएंगे शहीद स्मारक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** देश के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन शनिवार को हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के नौवें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि पहुंच रहे हैं। उपराष्ट्रपति प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री चांमुडा मंदिर में दर्शन करने संग पूजा-पाठ करेंगे। साथ ही देश सहित वीरभूमि हिमाचल प्रदेश के वीर बलिदानी योद्धाओं को नमन करते हुए श्रद्धाजंलि अर्पित करेंगे। सीयू के दीक्षांत समारोह में मेधावियों को गोल्ड मेडल व पीएचडी उपाधियां वितरित करने के बाद वाइस प्रजिडेंट राधाकृष्णन राज्य वॉर मेमोरियल धर्मशाला में पहुंचकर बलिदानियों को पुष्पाजंलि अर्पित करेंगे।

साथ ही उनके सर्वोच्च बलिदान व उनके पराक्रम के बारे में भी पूर्व सैनिकों व परिजनों से बातचीत करेंगे। इसके बाद सर्किट हाउस धर्मशाला में उनका दोपहर भोजन अवकाश रहेगा। पुलिस विभाग की ओर से सुरक्षा व ट्रैफिक व्यवस्था को सूचारु रखने के लिए अतिरिक्त जवानों की भी तैनाती की जाएगी। जिसमें उपराष्ट्रपति के पहुंचने वाले सभी स्थानों व सड़क मार्गों में 200 के करीब अतिरिक्त पुलिस जवान व अधिकारी अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। शनिवार को साढ़े 10 बजे के करीब उपराष्ट्रपति विशेष विमान के माध्यम से गगल एयरपोर्ट में पहुंचेगे।

इसके बाद गगल से धर्मशाला के पीजी कॉलेज त्रिगर्त सभागार में सड़क मार्ग के माध्यम से पहुंचेगे। उपराष्ट्रपति के प्रोटोकॉल के तहत उनके आगमन के समय पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग में गगल एयरपोर्ट के पास व गगल चौक की दूसरी तरफ व कांगड़ा-धर्मशाला मार्ग में आवाजाही पर पांबदी रहेगी। इस दौरान धर्मशाला से कांगड़ा में वाहनों की दोनों तरफ की आवाजाही को उप राष्ट्रपति के काफिले के गुजरने के समय पूरी तरह से रोक दिया जाएगा। वहीं, उप-राष्ट्रपति के वॉर मैमोरियल व सर्किट हाउस पहुंचने पर भी आवाजाही रोकी जाएगी। इसके अलावा सर्किट हाउदस से श्री चांमुडा मंदिर पहुंचने के दौरान धर्मशाला-पामलपुर रोड़ पर भी ट्रैफिक पर रोक लगेगी। साथ ही वापस गगल एयरपोर्ट पहुंचने के समय में भी ट्रैफिक को पूरी तरह रोका जाएगा। इस दौरान किसी भी आम वाहनों की आवाजाही मार्ग में नहीं हो पाएगी। हालांकि अपातकालीन वाहनों को इस दौरान आवाजाही पर किसी भी प्रकार की रोक नहीं रहेगी।

- श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम में करेंगे पूजा-अर्चना
- कांगड़ा-धर्मशाला मार्ग में आवाजाही पर पांबदी रहेगी

### 802 विद्यार्थियों को बांटी जाएंगी उपाधियां

**देश** के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन की ओर से विभिन्न संकायों के कुल 802 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी, जिनमें 420 छात्राएं और 382 छात्र शामिल हैं। इसमें 27 को पीएचडी व 52 छात्रों को गोल्ड मेडल प्रदान किए जाएंगे। वाइस प्रेजिडेंट दीक्षांत समारोह में दो घंटे तक शिरकत करेंगे।

"**उपराष्ट्रपति** के प्रोटोकॉल के तहत उनके आगमन के समय पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग व कांगड़ा-धर्मशाला व पालमपुर मार्ग में कुछ समय के लिए आवाजाही पर पांबदी रहेगी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था व ट्रैफिक प्लान के लिए अतिरिक्त जवान भी तैनात रहेंगे। आवाजाही में काफिला गुजरने के कुछ समय के अलावा किसी प्रकार की कोई रोक नहीं रहेगी, इस दौरान भी अपातकालीन वाहनों पर कोई पांबदी नहीं रहेगी।

**-सौम्या सांवशिवन, डीआईजी, नार्थ जोन धर्मशाला**

# 7 अप्रैल को धर्मशाला में आयोजित होगा रेडक्रॉस मेला : विनय कुमार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल के अवसर रेडक्रॉस मेला पुलिस मैदान धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। मेले के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा कल्याणकारी योजनाओं तथा संस्थाओं द्वारा उत्पादित वस्तुओं की प्रदर्शनियों के स्टॉल लगाए जाएंगे।

एडीसी विनय कुमार ने बताया कि मेले से प्राप्त होने वाली आय को निर्धन, असहाय और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए व्यय किया जाएगा। मेले के दौरान लक्की ड्रॉ का भी आयोजन किया जाएगा, जो लोगों के लिए विशेष आकर्षण रहेगा। विनय ने कहा कि रेडक्रॉस को एक सशक्त और समर्थ संस्था के रूप में विकसित करने के लिए समाज के साधन-संपन्न एवं समर्थ लोगों के सहयोग की आवश्यकता रहती है। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। इनमें बेबी शो, महिलाओं के लिए म्यूजिकल चेयर तथा पुरुषों के लिए रस्साकस्सी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बेबी शो में 5 वर्ष तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। डॉग शो भी आयोजित किया जाएगा। मेले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल कैंप लगाया जाएगा। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा जबकि होमगार्ड के बैंड द्वारा भी प्रस्तुति दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मेले में स्टॉल लगाने या स्मारिका में विज्ञापन देने के इच्छुक व्यक्ति जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव से व्यक्तिगत रूप से या कार्यालय दूरभाष नंबर 01892-224888 तथा 94188-32244 पर संपर्क कर सकते हैं।

- मेले में बेबी शो फ्लावर शो और डॉग शो बनेंगे मुख्य आकर्षण

# शिक्षा बोर्ड ने पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण का परिणाम किया घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने प्रेस वक्तव्य में बताया कि बोर्ड की ओर से सितंबर 2025 में संचालित आठवीं, दसवीं तथा जमा दो (राज्य मुक्त विद्यालय) की परीक्षाओं के लिए जिन अभ्यर्थियों ने पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्निरीक्षण के लिए आवेदन किया था, उनका परिणाम आज घोषित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि संबंधित अभ्यर्थी अपना पुनर्मूल्यांकन/पुनर्निरीक्षण का परिणाम हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि यदि किसी अभ्यर्थी को इस संबंध में अधिक जानकारी की आवश्यकता हो तो वे बोर्ड कार्यालय की संबंधित शाखाओं से संपर्क कर सकते हैं। पुनर्मूल्यांकन से संबंधित जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01892-242158 तथा पुनर्निरीक्षण से संबंधित जानकारी के लिए 01892-242122 पर संपर्क किया जा सकता है।

# क्रेच कार्यकर्ता व सहायिका के साक्षात्कार आगामी आदेशों तक स्थगित

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बाल विकास परियोजना अधिकारी बैजनाथ रणजीत सिंह ने बताया कि बाल विकास परियोजना बैजनाथ के तहत नगर परिषद बैजनाथ-पपरोला के वार्ड नंबर 6 उत्सेहड़ तथा वार्ड नंबर 7 कस्बा पपरोला स्थित आंगनबाड़ी-सह-क्रेच केंद्र में कार्यकर्ता एवं सहायिका के पदों को भरने के लिए 28 मार्च को उप मंडलाधिकारी (ना.) बैजनाथ के कार्यालय में आयोजित किए जाने वाले साक्षात्कार को प्रशासनिक कारणों के चलते आगामी आदेशों तक स्थगित किया गया है।

उन्होंने बताया कि उक्त साक्षात्कार की नई तिथि आगामी समय में निर्धारित की जाएगी तथा इसकी सूचना संबंधित अभ्यर्थियों को समयानुसार प्रदान कर दी जाएगी। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से आग्रह किया है कि साक्षात्कार की नई तिथि के संबंध में कार्यालय द्वारा जारी सूचना पर नजर बनाए रखें।

# जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता: डीसी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह से सुचारु है और किसी भी प्रकार की गैस की कमी नहीं है। डीसी हेमराज बैरवा ने बताया कि जिले में 37 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं और उनके पास 12,551 घरेलू गैस सिलेंडर तथा 3,399 व्यवसायिक सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने पहले गैस सिलेंडर की बुकिंग की है, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित होने तक, उपभोक्ताओं को बुकिंग करने के 25 दिन बाद गैस सिलेंडर दिया जाएगा। इसके अलावा, व्यवसायिक प्रतिष्ठान जैसे होटल, ढाबे, मंदिरों के लंगर आदि को गैस की कमी होने पर मिट्टी तेल की मांग करने की अनुमति दी गई है। इसके लिए संबंधित निरीक्षकों से संपर्क किया जा सकता है। यदि कोई गैस एजेंसी या व्यवसायिक प्रतिष्ठान गैस सिलेंडरों की जमाखोरी या मुनाफाखोरी करता हुआ पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी निरीक्षकों को गैस एजेंसियों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## डिवाइडर से टकराई स्विफ्ट डिजायर और पिकअप

**अनंत ज्ञान, गगल।** गगल में पठानकोट रोड पर बुधवार रात को एक स्विफ्ट डिजायर कार डिवाइडर से टकरा गई, जिसके कारण गाड़ी का अगला टायर वही फट गया। सुबह डिवाइडर के साथ एक पिकअप टकराकर सड़क पर पलट गई। यह पिकअप डमटाल से नगरोटा बगवां करियाने का सामान लेकर जा रही थी। पिकअप के सड़क पर पलटने के कारण कुछ देर तक जाम लग रहा। हालांकि इस दुर्घटना में ड्राइवर को मामूली सी चोट आई हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि इस डिवाइडर पर गाड़ियों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

# 67वें तिब्बती महिला विद्रोह पर मैक्लोडगंज में गरजी तिब्बती महिलाएं

- तिब्बत में मानवाधिकारों के हनन पर जताई चिंता

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** तिब्बती महिला संघ (सेंट्रल) ने 67वें तिब्बती महिला विद्रोह दिवस के अवसर पर मैक्लोडगंज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान एकत्रित तिब्बति समुदाय ने तिब्बत पर चीन के कब्जे को हटाने के लिए एक बार फिर से आवाज बुलंद की। साथ ही देश की आजादी के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले लोगों को श्रद्धाजंलि भी अर्पित की।

इस दौरान तिब्बती महिला संघ ने तिब्बत में मानवाधिकारों की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। एसोसिएशन की अध्यक्ष शेरिंग डोलमा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 12 मार्च 1959 को हजारों तिब्बती महिलाओं ने चीन के कब्जे के खिलाफ एतिहासिक विद्रोह कर तिब्बत की स्वतंत्रता और पहचान की रक्षा के लिए साहसिक संघर्ष किया था। 12 मार्च 1959 को जब चीन की सरकार ने तिब्बत पर अवैध कब्जा कर लिया, और तिब्बती राष्ट्र को विनाश के कगार पर ला दिया, तब तिब्बत की तीनों प्रांतों की महिलाओं ने असाधारण साहस का परिचय दिया। बिना किसी हथियार और पुरुषों के सहयोग के, हजारों तिब्बती महिलाएं ल्हासा के नॉरबुलिंगका और पोटाला पैलेस के पास एकत्रित हुईं, और चीन के अवैध अधिग्रहण के खिलाफ ऐतिहासिक आंदोलन शुरू किया। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि इस ऐतिहासिक घटना को 67 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन यह दिन हर तिब्बती के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। तिब्बत के अंदर और निर्वासन में रहने वाले तिब्बती समुदाय के लोग इस दिन को हर वर्ष स्मरण करते हैं।

1959 के विद्रोह की पहली वर्षगांठ निर्वासन में कालिम्पोंग, दार्जिलिंग और गंगटोक में मनाई गई थी। तिब्बती महिला संघ का गठन 1984 में दलाई लामा के मार्गदर्शन में किया गया था। उन्होंने कहा कि आज संगठन के 59 क्षेत्रीय शाखाएं और 21 हजार से अधिक सदस्य हैं।

संगठन तिब्बत के संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिए मिडिल वे अप्रोच' के तहत कार्य कर रहा है। संघ ने आरोप लगाया कि तिब्बत पर कब्जे के बाद से चीन की सरकार तिब्बती लोगों की संस्कृति, भाषा, धर्म और पर्यावरण को व्यवस्थित रूप से नष्ट करने की नीतियां लागू कर रही है। तिब्बती गायकों, लेखकों, पर्यावरण कार्यकर्ताओं, धार्मिक नेताओं और भाषा के संरक्षकों को मनगढ़ंत आरोपों में गिरफ्तार कर प्रताड़ित किया जा रहा है। संगठन ने यह भी दावा किया कि चीन की नीतियों के कारण अब तक दस लाख से अधिक तिब्बती मारे जा चुके हैं, और कई लोग जबरन लापता किए गए हैं। विरोध के रूप में 169 तिब्बती पुरुषों और महिलाओं ने आत्मदाह किया है। साथ ही तिब्बती बच्चों को उनके माता-पिता से अलग कर आवासीय स्कूलों में रखा जा रहा है, जहां उन्हें राजनीतिक विचारधारा के तहत शिक्षा दी जाती है। तिब्बती महिला संघ ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वह तिब्बत के लोगों के अधिकारों की रक्षा और वहां हो रहे दमन को समाप्त करने के लिए ठोस कदम उठाएं। संगठन ने तिब्बत के भीतर रहने वाले लोगों के साहस और संघर्ष की सराहना भी की।



67वें तिब्बती महिला विद्रोह दिवस पर मैक्लोडगंज में कार्यक्रम का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

# बीपीएल के लिए इनकम सर्टिफिकेट मांगकर सरकार ने लोगों को उलझाया : सुधीर

## बोले- गरीब लोगों को तहसीलों में भटका रही प्रदेश सरकार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल में इन दिनों बीपीएल के लिए आवेदन के बहाने प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने गरीबों को उलझा दिया है। आनन-फानन में बिना विचारे 50 हजार से कम का इनकम सर्टिफिकेट मांगकर कांग्रेस ने लोगों को बुरी तरह उलझा दिया है।

साथ ही मनरेगा में 50 दिन काम की शर्त भी अटपटी है। यह बात धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने कही। धर्मशाला तहसील में इनकम सर्टिफिकेट न बन पाने के बाद दर्जनों लोग सुधीर शर्मा के पास अपना दर्द लेकर पहुंचे। इसके बाद सुधीर शर्मा ने बयान जारी करके कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि यह व्यवस्था पतन का नया उदाहरण है। हद है कि बीपीएल में शामिल करना तो दूर, आवेदन में ही जनता को उलझा दिया गया है। शर्मा ने कहा कि अब पंचायत प्रधानों के पास शक्तियां नहीं हैं। ऐसे में बीपीएल के लिए इनकम सर्टिफिकेट के लिए पटवारी सिर्फ खेती की आय की तस्दीक कर पा रहा है। सचिव भी इस बारे में तस्दीक में खुद को असमर्थ पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शायद तहसीलदारों को भी कांग्रेस की हिदायत है कि वे इन सर्टिफिकेट पर ज्यादा ध्यान न दें। यही कारण है कि कई लोगों के सर्टिफिकेट नहीं बन पाए हैं। शर्मा ने कहा कि बिना शर्त सरकार को बीपीएल आवेदन की तिथि को बढ़ाना चाहिए। इस बार 50 हजार से कम इनकम और मनरेगा में पचास दिन काम करने की शर्त रखी गई है। उन्होंने कहा कि 50 हजार सालाना इनकम की शर्त बेतुकी है। कोई भी प्रशासनिक अधिकारी यह तय नहीं कर पा रहा है कि किसकी इनकम 50 हजार से कम है। पहले पंचायत प्रधान भी अपनी तसदीक में बता देते थे कि कौन निर्धन पृष्ठभूमि से है। अब पंचायत सचिव यह नहीं बता पा रहा कि कौन गरीब है। जहां तक पटवारी की बात है, तो वह सिर्फ खेती की आय बता सकता है। दूसरी ओर तहसीलदारों के समक्ष भी यह दिक्कत आ रही है। हालात यह हैं कि लोग कभी पंचायत सचिव के पास जा रहे हैं, तो कभी पटवारी के चक्कर काट रहे हैं। उसके बाद उन्हें लोकमित्र केंद्रों में आवेदन करना पड़ रहा है। वहां से तहसील ऑफिस में प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है।

**शुभारंभ** उपमुख्य सचेतक पठानिया ने युवाओं से की सुबह जल्दी उठकर मैदान पर पसीना बहाने की अपील

# चिट्टे के खिलाफ धौलाधार क्रिकेट लीग का आगाज

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** चिट्टे के खिलाफ वीरवार को आईटीआई शाहपुर ग्राउंड में धौलाधार क्रिकेट लीग का आगाज हो गया। धौलाधार क्रिकेट लीग के पहले दिन धर्मशाला प्रेस इलेवन, गुरु इलेवन और आइडिया क्वेस्ट इलेवन के बीच धुआंधार मैच हुए। हिमाचल विधानसभा में उप मुख्य सचेतक और शाहपुर से विधायक केवल सिंह पठानिया ने धौलाधार क्रिकेट लीग का आगाज किया।

केवल सिंह पठानिया ने धौलाधार क्रिकेट लीग को चिट्टे के खिलाफ सराहनीय पहल बताया। उन्होंने बताया कि युवाओं को सुबह जल्दी उठकर मैदान पर पसीना चाहिए। पसीना बहाओगे तो आईएएस भी बनोगे और अच्छे खिलाड़ी भी। चिट्टे के खिलाफ धौलाधार क्रिकेट लीग जैसे आयोजन लगातार होने चाहिए।

धौलाधार क्रिकेट लीग के पहले दिन आइडिया क्वेस्ट इलेवन और धर्मशाला प्रेस इलेवन के बीच हुआ। आइडिया क्वेस्ट इलेवन ने धर्मशाला प्रेस इलेवन को करीबी मैच में हराया। दूसरा मैच गुरु इलेवन और धर्मशाला प्रेस इलेवन के बीच हुआ। यह मैच बेहद रोमांचक रहा। दोनों टीमों के खिलाड़ी एक दूसरे पर हावी रहे। रोमांचक मुकाबले में गुरु इलेवन ने धर्मशाला प्रेस इलेवन को हरा दिया। तीसरा मैच गुरु इलेवन और इडिया क्वेस्ट इलेवन के बीच हुआ। खबर लिखे जाने तक गुरु इलेवन के खिलाड़ी जबरदस्त बेटिंग कर रहे थे। कैप्टन रिशाद मोहम्मद क्रीज पर डटे हुए थे। शाहपुर आईटीआई की मैनेजमेंट ने चिट्टे के खिलाफ धौलाधार क्रिकेट लीग की शुरुआत की सराहना की।



चिट्टे के खिलाफ धौलाधार क्रिकेट लीग के शुभारंभ पर खिलाड़ियों के साथ केवल सिंह पठानिया। अनंत ज्ञान

# रोजमेरी पब्लिक स्कूल की छात्रा का सैनिक स्कूल में हुआ चयन

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** रोजमेरी पब्लिक स्कूल हरिपुर की मेधावी छात्रा वैद्या पुत्री सुरिंदर कुमार ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय, अपने माता-पिता और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रा की इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि वैदया शुरू से ही मेहनती, अनुशासित और लक्ष्य के प्रति समर्पित छात्रा रही है। उसकी लगातार मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि उसने यह सफलता हासिल की। विद्यालय प्रबंधन ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि उसकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि छात्रा आगे चलकर देश की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देगी। इस अवसर पर छात्रा के माता-पिता ने विद्यालय और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी बेटी की इस सफलता में स्कूल के मार्गदर्शन और सहयोग की अहम भूमिका रही है।



## न्यूज ब्रीफ

### कृषि सेवा प्रबंधक कमेटी का चुनाव 9 अप्रैल को

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर कृषि सेवा सहसभा सुजानपुर की प्रबंधक कमेटी का चुनाव आगामी पांच वर्षों के लिए किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार अपना नामांकन 23 और 24 मार्च को सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक सभा कार्यालय में भर सकेंगे। नामांकन पत्रों की वापसी 28 मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगी, जिसके बाद चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। चुनाव मतदान 9 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक सभा कार्यालय में होगा। यह जानकारी निवर्तमान प्रधान रिंकू कुमार ने दी।

### सुभाष मल्होत्रा ने संभाला तहसीलदार का पदभार



**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** ढटवाल (बिझड़ी) तहसील में वीरवार को सुभाष कुमार मल्होत्रा ने नए तहसीलदार के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया। सुभाष मल्होत्रा ने 2018 में डायरेक्ट नायब तहसीलदार के रूप में प्रशासनिक करियर की शुरुआत की थी और वह धीरा, खुंडियां तथा हमीरपुर सदर तहसील में सेवाएं दे चुके हैं। ज्वाइनिंग के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर राजस्व सेवाएं प्रदान करना उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही, लंबित डिमार्केशन और पार्टीशन जैसे मुद्दों को प्राथमिकता से हल किया जाएगा।

### कुपोषण के खिलाफ प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** कुपोषण की समस्या को दूर करने और लोगों को पोषण के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। शिविर के दूसरे दिन विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी भोरंज सुनील कुमार, खंड समन्वयक अक्षय महाजन और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। दूसरे दिन के सत्रों में कुपोषण प्रबंधन, पोषण अभियान 2.0, स्तनपान के लाभ, और आयु-अनुसार पूरक आहार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। शिविर में लगभग 100 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

### स्वयं सहायता समूहों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने 12 मार्च को हमीरपुर के घनाल में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने और स्वयं सहायता समूहों को मजबूत करने के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस सत्र में 40 महिलाओं ने भाग लिया, जहां विशेषज्ञों ने वित्तीय साक्षरता और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित किया। नाबार्ड के डीडीएम ने स्वयं सहायता समूह आंदोलन और इसकी भूमिका पर चर्चा की, जबकि विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे मुद्रा योजना, पीएमईजीपी आदि की जानकारी दी गई। हिमालयन चेतना एनजीओ की रजनीश ने प्रेरणा पर विचार साझा किए, जबकि एलडीएम के गुरचरण भट्टी ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और महिला सशक्तिकरण में आरसेटी की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डीआरडीए और हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक के प्रबंधक ने भी अपने दृष्टिकोण साझा किए।

### सूर्य किरण जहाज के एयर शो में 14 पायलट दिखाएंगे करतब

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर में 25-26 मार्च को भारतीय वायुसेना की प्रसिद्ध एरोबेटिक टीम सूर्यकिरण का भव्य एयर शो आयोजित होगा, जिसमें 14 पायलट आसमान में अपने करतब दिखाएंगे। टीम का नेतृत्व ग्रुप कैप्टन अजय दासरथी करेंगे। सूर्यकिरण टीम नौ हॉक एमके-132 जेट विमानों से रोमांचक करतब जैसे लूप, बैरल रोल और इनवर्टेड फ्लाइंग प्रस्तुत करेगी। इन विमानों में स्वदेशी तकनीक से स्मोक पॉड्स लगाए गए हैं, जो तिरंगे रंग में धुआं छोड़ते हुए शानदार दृश्य प्रस्तुत करेंगे। यह एयर शो दर्शकों के लिए रोमांच और उत्साह से भरपूर रहेगा।

### चौथे दिन 500 अभ्यर्थियों ने लगाई दौड़

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अणु के मैदान में भारतीय थल सेना द्वारा आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली के तहत ग्राउंड टेस्ट और दस्तावेजों की जांच की प्रक्रिया वीरवार को चौथे दिन भी जारी रही। इस दिन लगभग 500 अभ्यर्थियों ने ग्राउंड टेस्ट में भाग लिया। कर्नल श्रीधर राजन ने बताया कि शारीरिक दक्षता परीक्षा में 1.6 किमी दौड़, बीम क्लाइम्बिंग और अन्य शारीरिक परीक्षण शामिल हैं। ग्राउंड टेस्ट क्लीयर करने के बाद अभ्यर्थियों की मेडिकल जांच और दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। यह भर्ती रैली 9 से 17 मार्च तक चल रही है।

# उत्कृष्ट बनेगा नादौन कॉलेज, शुरू होंगे नए कोर्स: सुक्खू

## मुख्यमंत्री ने किया नादौन कॉलेज के बहुउद्देशीय हॉल का शिलान्यास, 17.22 करोड़ रुपए रुपए होंगे खर्च

अनंत ज्ञान



बहुउद्देशीय हॉल का शिलान्यास करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

**नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय महाविद्यालय नादौन के 29वें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से शिक्षा व्यवस्था में आवश्यक सुधार कर रही है। मुख्यमंत्री ने नादौन राजकीय महाविद्यालय में 17.22 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले बहुउद्देशीय हॉल का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि नादौन कॉलेज में आने वाले समय में नए कोर्स शुरू किए जाएंगे। अगले शैक्षणिक सत्र से यहां भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान के साथ एमसीए और एमबीए कोर्स आने वाले सत्र में प्रारंभ किए जाएंगे। मुख्यमंत्री सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए पांच लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के लिए पिछली भाजपा सरकार ने पांच हजार करोड़ रुपये बांट दिए, लेकिन फिर भी उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में गुणात्मक शिक्षा के मामले में हिमाचल प्रदेश 21वें स्थान पर पहुंच गया था। हमने बदलाव व व्यवस्था परिवर्तन किया और आज हम पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने डॉ. वाई एस परमार विद्यार्थी ऋण योजना आरंभ की, जिसके तहत उच्च शिक्षा के लिए छात्रों को 20 लाख रुपए तक का ऋण एक प्रतिशत की दर पर दिया जा रहा है। साथ ही इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना के तहत विधवा महिलाओं के बच्चों की उच्च शिक्षा का खर्च भी राज्य सरकार प्रदान कर रही है। अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रुप में अपनाया गया है।

इसके लिए कानून बनाने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बना जिसके तहत उन बच्चों का पूरा ध्यान राज्य सरकार रख रही है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के चोर दरवाजों को बंद करके 3800 करोड़ रुपये अर्जित किए, जिससे समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के बाद राज्य सरकार की दूसरी प्राथमिकता स्वास्थ्य क्षेत्र है। प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में आदर्श स्वास्थ्य संस्थान बनाए गए हैं, जहां स्पेशलिस्ट डॉक्टर उपलब्ध करवाए गए हैं, ताकि लोगों को घर के नजदीक ही बेहतर इलाज मिल सके। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर से बेटियों के बचाव के लिए पूरे प्रदेश में एचपीवी का टीकाकरण किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश सरकार देश की पहली न्यूट्रीशन पॉलिसी लेकर आ रही है, ताकि प्रदेश के लोग स्वस्थ जीवन जी सकें। इस अवसर पर विधायक विवेक शर्मा, कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष रामचंद्र पठानिया, हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, हिमाचल प्रदेश पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष डॉ. मोहन लाल आदि मौजूद रहे।

### नादौन मेरी जन्मभूमि भी है और कर्मभूमि भी

**मुख्यमंत्री** ने नादौन में विकास योजनाओं की घोषणा करते हुए कहा कि नादौन उनकी जन्मभूमि और कर्मभूमि है, और यहां आने वाले समय में स्पोर्ट्स टूरिज्म का केंद्र बनेगा। उन्होंने खरीड़ी में 160 करोड़ रुपए की लागत से स्पोर्ट्स सेंटर, 300 करोड़ रुपए की लागत से रिवर फ्रंट, 80 करोड़ रुपए से रिवर राफ्टिंग सेंटर और 100 करोड़ रुपए से वेलनेस सेंटर के निर्माण की बात की। इसके अलावा, नादौन विधानसभा क्षेत्र में 9 सीबीएसई स्कूल खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्वच्छ पेयजल के लिए 1500 करोड़ रुपए खर्च करेगी और पुरानी पेंशन योजना को बंद करने के खिलाफ बयान दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार प्रदेश की जनता के अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही है और बिजली परियोजनाओं से 50% रॉयल्टी की मांग कर रही है, जिसे भाजपा विरोध कर रही है।

### जिले में नहीं रसोई गैस की कोई कमी: शिव राम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के जिला नियंत्रक शिव राम ने बताया कि जिला हमीरपुर में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने रसोई गैस की कमी की सभी अफवाहों, शंकाओं और भ्रांतियों को पूरी तरह निराधार बताया है तथा आम लोगों से इन पर विश्वास न करने की अपील की है। जिला नियंत्रक ने सभी उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है कि जिला में गैस सिलेंडरों व पेट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति प्राप्त हो रही है तथा जिला में इनका पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि जिला हमीरपुर में 10 गैस एजेंसियां हैं। इनमें 4536 सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जिला में पेट्रोल 4,41,814 लीटर और डीजल 4,75,854 लीटर का स्टॉक उपलब्ध है, जोकि जिला की खपत के अनुसार पर्याप्त है। जिला में गैस सिलेंडरों व पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है। जिसके बाधित होने की कोई आशंका नहीं है।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान आधे घंटे में 'पिंक एंड चूज' के बीच सिमटा

## आगे आगे सामान उठाते गए; पीछे पुरानी व्यवस्था बनती गई, औपचारिकता के दायरे में क्यों फंसा नगर निगम का अभियान

अनंत ज्ञान




**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान की सांसे बार-बार औपचारिकता के बीच आखिर क्यों फूल रही हैं? नगर निगम का यह अभियान साबित नहीं हो रहा। कारण यह है कि इसके पीछे राजनीति हो रही है या फिर दिखावा? कारण यह है वीरवार को दोपहर बाद आधे घंटे के लिए नगर निगम की एक गाड़ी आई और उसमें गांधी चौक से लेकर टाउन हॉल तक जो व्यवस्था देखी, उसमें तो यही लगा कि ऐसे अभियान का वास्तव में कोई फायदा शहरवासियों को होने वाला नहीं है।

ठोस कार्रवाई के नाम पर कुछ भी नजर नहीं हुआ। आधे घंटे के लिए हुई इस कार्रवाई के बाद पुरानी व्यवस्था ज्यों की त्यों सज-धज गई। दरअसल में सारे शहर में सड़क तक फैला कर सामान बेचने की जिद पालने वाले दुकानदारों और रेडी-फड़ी लगाने वालों के लिए ऐसे अभियान कोई मायने नहीं रखते, क्योंकि थोड़े-थोड़े अंतराल के बाद ऐसा अभियान चलाया जाता है ताकि यह पता चल सके कि नगर निगम सक्रिय है वह अपना काम तो कर रहा है उसके कर्मचारी सड़क पर आकर व्यवस्था बनाने का प्रयास तो कर रहे हैं लेकिन अब रेडी फड़ी और दुकानदारों की मनमानी के आगे उनका बस नहीं चल रहा। ऐसी बात भी नहीं है कि जिला प्रशासन और नगर निगम प्रशासन के पास अब नगर परिषद वाली शक्तियां हैं। नगर निगम के पास अब नए नियमों के तहत कार्रवाई करने की व्यवस्था हो चुकी है। इसमें दंड का भी प्रावधान पहले के मुकाबले भिन्न है। लेकिन अमलीजामा पहनाने के लिए यहां के कर्ताधर्ताओं को अपना रवैया बदलना होगा, तभी इस शहरवासियों को कुछ नया मिल पाएगा। उधर, नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर राम प्रसाद शर्मा का कहना है कि टीम गठित की गई है। वही समय-समय पर इस अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई अमल में लाती है, लेकिन उनका यह तर्क भी सही था कि जब तक अतिक्रमण करने वालों में सिविल सेंस नहीं होगी, तब तक मुकम्मल तौर पर दुरुस्ती कैसे हो सकती है। उन्होंने कहा कि एक शूज विक्रेता सड़क पर बिछा के अतिक्रमण को अंजाम देता है। उसके चालान भी कई बार हुए हैं, लेकिन व्यवहार और बदलाव में उन्होंने कोई सेंस नहीं दिखाई।

### रेहड़ी-फड़ी वालों ने सुनाई खरी-खोटी

**रेहड़ी-**फड़ी वालों ने नगर निगम के उन कर्मचारियों को खरी खोटी भी सुनवाई जो पिक और चूज के आधार पर उनका सामान गाड़ी में डाल रहे थे। उनका कहना था कि बड़ों बड़ों को हाथ नहीं डाल रहे। छोटों की ऐसी तैसी फेर रहे हैं, ऐसे नहीं चलेगा। सामान को लेकर छीना-झपटी भी हुई और जिसने आंखें दिखाईं वहां से नगर निगम के कर्मचारी अगले पड़ाव की ओर निकल गए।

### शहर के आधे हिस्से में सिमटा

**गांधी** चौक से टाउन हॉल तक ही यदि अतिक्रमण हटाने का प्रयास होना था, उसके आगे भी आधा शहर बसता है। वहां आज कोई कार्रवाई नहीं हुई, कल होगी, ऐसा पता नहीं। लेकिन जितनी हुई उसका कोई लाभ किसी को हुआ हो, ऐसा भी नहीं है। क्योंकि आधे घंटे में ही शहर ज्यों का त्यों पुराने शिकंजे में आ गया।

# स्मार्ट मीटरों के विरोध में विद्युत बोर्ड फोरम का ग्रामीण क्षेत्रों में प्रदर्शन जारी


स्मार्ट मीटरों का विरोध करतीं महिलाएं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** स्मार्ट मीटरों के विरोध में विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम का अभियान लगातार जारी है। हमीरपुर जिले के विभिन्न इलाकों में पहले ही रैलियां, प्रदर्शन और बैठकें हो चुकी हैं। वीरवार को फोरम के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा के नेतृत्व में तहसील नादौन के गांव सलोह, लाहड़ और बीहड़ू में बिजली उपभोक्ताओं की बैठक आयोजित की गई, जिसमें लगभग 150 लोग शामिल हुए।

बैठक में स्मार्ट मीटरिंग का पुरजोर विरोध करते हुए सरकार से इसे तत्काल बंद करने की मांग की गई। कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित बिजली संशोधन विधेयक 2025, जो बिजली वितरण क्षेत्र के निजीकरण की मंशा से लाया जा रहा है, राज्यों और बिजली क्षेत्र के उपभोक्ताओं, कर्मचारियों तथा पेंशनरों के हितों के खिलाफ है।

उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटरिंग और बिजली संशोधन विधेयक 2025 एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं, जिनके बिना निजी कंपनियों को बिना पूंजी निवेश के कारोबार चलाने का अवसर मिलेगा। खरवाड़ा ने कुछ मुख्य अभियंताओं द्वारा स्मार्ट मीटर प्राथमिकता के आधार पर घरों में लगाए जाने के आदेशों को गैर-कानूनी बताते हुए उन्हें तत्काल वापस लेने की मांग की। उन्होंने अधिकारी को खुले मंच पर चर्चा करने की चुनौती दी है।

# समकरी गांव के पास सड़क किनारे खुदाई करने के बाद डंगा लगाना भूला लोक निर्माण विभाग

अनंत ज्ञान


सड़क किनारे की गई खुदाई। अनंत ज्ञान

**जाहू।** सुलगवान-समकरी-मम्वी सड़क पर समकरी गांव के पास लोक निर्माण विभाग की लापरवाही से दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। विभाग द्वारा सड़क किनारे डंगा लगाने के लिए करीब 15 दिन पहले खुदाई तो कर दी गई, लेकिन उसके बाद अब तक डंगा नहीं लगाया गया है। खुदाई के कारण सड़क के किनारे गहरी खाई बन गई है, जिससे वाहन चालकों को भारी जोखिम उठाकर गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग ने खुदाई करने के बाद न तो डंगा लगाया और न ही वाहन चालकों को सावधान करने के लिए कोई चेतावनी संकेत या बैरिकेड लगाए हैं। ऐसे में यहां कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों में यहां एक-दो बार वाहन दुर्घटना होते-होते बची है। इस सड़क से सात से अधिक गांवों के लोग रोजाना अपने वाहनों से सफर करते हैं। इसके अलावा हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसें, निजी बसें और अन्य छोटे-बड़े वाहन भी इसी मार्ग से गुजरते हैं। वाहन चालकों तरसेम कुमार शर्मा, कमल शर्मा, अशोक कुमार, राजेश कुमार, सतीश कुमार, कुलदीप चंद, रमेश कुमार, रतन चंद, संदीप कुमार, उमेश कुमार, संत राम और हेमराज ने बताया कि जहां खुदाई की गई है, वहां सड़क पहले से ही काफी संकरी है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि दुर्घटना से बचाव के लिए जल्द से जल्द डंगा लगाया जाए।

### जमली पंचायत में श्मशानघाट को लेकर बढ़ा विवाद पुलिस के पास पहुंचा

# घरयानी दरबारियां के श्मशानघाट को घरयानी जटां के लोगों ने तोड़ा

अनंत ज्ञान

**बड़सर।** बड़सर उपमंडल की ग्राम पंचायत जमली में दो गांवों के आपसी विवाद की खींचातानी के बाद श्मशानघाट को गिराने का मामला सामने आया है।

लगभग एक साल पहले गांव घरयानी दरबारियां की बर्तन हक जमीन पर बनाया श्मशानघाट आरोप-प्रत्यारोपों के बाद घरयानी जटां ग्रामीनों ने गिरा दिया है। मामला पुलिस में भी पहुंचा है। घरयानी दरबारियां ग्राम सुधार सभा के सदस्यों ने सीधे आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी है कि उनके गांव की 109 कनाल बर्तन हक जमीन पर जुलाई 2025 में ग्रामीणों की सहमति से श्मशानघाट का निर्माण किया गया था। इसमें घिरयानी जटां के लोगों ने भी अपनी सहमति दी थी। हालांकि इनका दावा है कि इस जमीन पर घिरयानी जटां के लोगों का कोई हक नहीं है। 8 मार्च 2026 को श्मशानघाट के साथ पानी की व्यवस्था के लिए टंकी का निर्माण किया जा रहा था। उस दौरान घिरयानी जटां के ग्रामीणों ने पुलिस की मदद से इस निर्माण कार्य को रुकवा दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों में समझौता करवाते हुए चार दिन तक निर्माण न करने की सहमति बनाई, लेकिन घिरयानी जटां के ग्रामीणों ने इस सहमति को दरकिनार करते हुए 10 मार्च की रात लाखों रुपए की लागत से बने श्मशान घाट को तोड़ दिया। इस मामले को लेकर ग्राम सुधार सभा व गांव के 60 परिवारों ने पुलिस को शिकायत दी है। दूसरी तरफ घिरयानी जटां के ग्रामीणों ने सीधे आरोप लगाते हुए कहा कि श्मशान घाट को उनकी सहमति के बिना जबरदस्ती बनाया गया था। जिस स्थान पर श्मशानघाट बना था उसके साथ हमारी मलकियत भूमि लगती है और साथ में रोजमर्रा का रास्ता निकलता है। पंचायत जमली व उपायुक्त हमीरपुर को भी शिकायत दी गई थी, लेकिन घरयानी दरबारियां के लोगों ने जानबूझ कर जबरदस्ती इस श्मशानघाट का निर्माण कर दिया था, जिसे सभी ग्रामीणों ने तोड़ दिया है और अगर फिर से निर्माण होता है तो इसे फिर तोड़ा जाएगा। ग्राम सुधार सभा घरयानी दरबारियां के प्रधान तिलक राज ने कहा कि जिस जगह पर सर्वसहमति से श्मशान घाट का निर्माण किया गया था वह जगह घरयानी दरबारियां व टुकराला की बर्तन हक जमीन है। न्यायालय ने भी हमारे हक में फैसला दिया हुआ है। 60 परिवारों की सुविधा के लिए श्मशान घाट का उचित स्थान पर निर्माण किया गया था। लेकिन 10 मार्च की रात को घिरयानी जटां के लोगों ने रात के अंधेरे में इसे तोड़ दिया है जिसकी शिकायत पुलिस को की गई है। डीएसपी बड़सर लालमन शर्मा ने बताया श्मशानघाट को तोडने की शिकायत मिली है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में जांच की जा रही है।

# जंगल बेरी में गर्भकालीन मधुमेह की दी जानकारी


गर्भकालीन मधुमेह पर जागरुकता अभियान आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** आरोग्य मंदिर मॉडल स्वास्थ्य केंद्र जंगल बेरी में जागरुकता अभियान के तहत गर्भकालीन मधुमेह पर एक विशेष दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने गर्भकालीन मधुमेह के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह एक प्रकार का उच्च रक्त शर्करा है, जो केवल गर्भावस्था के दौरान विकसित होता है, आमतौर पर 24-28 सप्ताह में। यह तब होता है जब शरीर गर्भनाल हार्मोन के कारण इंसुलिन का उपयोग ठीक से नहीं कर पाता। डॉ. डोगरा ने कहा कि इस स्थिति को उचित पोषण, व्यायाम और कभी-कभी दवाओं से नियंत्रित किया जा सकता है। इसके जोखिम कारकों में अधिक वजन, पीसीओएस और पारिवारिक मधुमेह इतिहास शामिल हैं। उन्होंने नियमित ब्लड शुगर की निगरानी, फाइबर युक्त आहार और हल्के व्यायाम को इस स्थिति के प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस कार्यक्रम में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर इंदु धीमान, फीमेल हेल्थ सुपरवाइजर रविंद्र देवी, सौरभ ठाकुर और उर्वशी आदि उपस्थित थे।

**दौरा** विधायक सुरेश ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी, विकास योजनाओं की घोषणा

# मनोह-धिरवीं सड़क पर खर्च होंगे 11.50 करोड़

अनंत ज्ञान


मुंडखर में पहुंचने पर विधायक सुरेश का स्वागत करते हुए ग्रामीण।

**जाहू।** भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने मुंडखर और बेहड़वीं जट्टा गांव में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विकास एक निरंतर प्रक्रिया है और इसके लिए गांवों की मूलभूत सुविधाओं में वृद्धि करना जरूरी है।

पिछले तीन वर्षों में विधानसभा क्षेत्र में समान विकास को प्राथमिकता दी गई, जिसमें सड़क, शिक्षा, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्रमुख स्थान दिया गया है। विधायक ने बताया कि मनोह से टिक्कर वाया धिरवीं व जख्योल सड़क को डबल लेन करने का कार्य जल्द शुरू होगा, इसके लिए 11.50 करोड़ रुपए की राशि प्रदेश सरकार ने स्वीकृत की है। इसके अलावा गदडू गांव के 15 से 20 घरों के लिए 20 लाख रुपए से नई सड़क का निर्माण किया गया है। समलोग से ग्वाटा सड़क निर्माण कार्य भी शुरू किया गया है, जिससे धिरवीं और भकेड़ा पंचायत के गांवों को भोरंज उपमंडल तक पहुंचने में सुविधा होगी। सुरेश ने यह भी कहा कि ग्रामीणों की मांग पर अवाहदेवी से चंडीगढ़ वाया टिक्कर और धिरवीं-मनोह नई बस सेवा शुरू की गई है, हालांकि सड़क की चौड़ाई की समस्या के कारण कुछ असुविधाएं हैं, लेकिन सड़क के विस्तारीकरण के बाद यह सेवा नियमित होगी। इसके अलावा, टौणी देवी से चंडीगढ़ के लिए एक नई बस सेवा भी शुरू की जाएगी। उन्होंने पानी की समस्या को दूर करने के लिए चमयोग, गदडू बडियाणा गांव में ओवर हैड टैंक बनाने और बेहड़वीं जट्टा में भी ओवर हैड टैंक के निर्माण के लिए विभाग को निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, मुंडखर में सामुदायिक भवन और स्कूल में इंडोर स्टेडियम बनाने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय बन्याल, चंदन ठाकुर, पूर्व प्रधान भकेड़ा रतन, पूर्व प्रधान जाहू चमन लाल, और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# रेडिसन होटल का कमरा नंबर 411 बना 'डील रूम'?

अनंत ज्ञान

◆ **राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री सुक्खू से पूछे तीखे सवाल**

**ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर गंभीर सवाल उठाते हुए उनके दिल्ली प्रवास को लेकर कई तीखे प्रश्न खड़े किए हैं। राणा ने आरोप लगाया कि राज्यसभा चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से ठीक पहले मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में हुए बदलाव और दिल्ली के एक होटल में उनके ठहरने को लेकर कई तरह की शंकाएं पैदा हो रही हैं। एक बयान में राजेंद्र राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री का आधिकारिक टूर प्रोग्राम दिल्ली से शिमला आने का था, जिसके अनुसार उन्हें 2 मार्च को शिमला पहुंचना था, लेकिन तय कार्यक्रम के अनुसार शिमला आने की बजाय मुख्यमंत्री अचानक दिल्ली के रेडिसन होटल पहुंच गए और वहां करीब 23 घंटे तक रुके रहे।

राणा ने आरोप लगाया कि रेडिसन होटल में कमरा नंबर 411 किसी अन्य नाम से बुक किया गया था और मुख्यमंत्री वहीं ठहरे रहे। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर उस कमरे में ऐसा क्या हुआ कि मुख्यमंत्री को अपने निर्धारित कार्यक्रम से हटकर वहां रुकना पड़ा। मुख्यमंत्री का टूर प्रोग्राम न तो रद्द किया गया और न ही उसमें कोई संशोधन किया गया, जबकि कार्यक्रम के अनुसार उन्हें 2 मार्च को शिमला पहुंचना था। इसके बावजूद मुख्यमंत्री शेड्यूल से हटकर 3 मार्च को करीब चार बजे शिमला पहुंचे, जिससे पूरे घटनाक्रम को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। राणा ने पूछा कि इन 23 घंटों के दौरान कमरे नंबर 411 में किन-किन लोगों के साथ बैठकें हुईं और राज्यसभा चुनाव से ठीक पहले वहां क्या गतिविधियां हुई। यह जानना जरूरी है कि मुख्यमंत्री इस दौरान किन लोगों से मिले और इन मुलाकातों का उद्देश्य क्या था। राणा ने कहा कि यह मामला किसी आम व्यक्ति से जुड़ा नहीं है, बल्कि प्रदेश के मुख्यमंत्री से जुड़ा हुआ है। चारदीवारी के भीतर हुई मुलाकातें कई तरह की शंकाओं को जन्म देती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### मिनिस्ट्रियल स्टाफ ने कर्मियों के हितों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन (लिपिकीय वर्ग) लोक निर्माण विभाग, हिमाचल प्रदेश की राज्य स्तरीय गूगल मीट बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता राज्य अध्यक्ष लेखराज ने की। राज्य महासचिव लेखराज शर्मा, राज्य उपाध्यक्ष नीरज कौशल, राज्य लेखाकार चंद्रशेखर, मुख्य सलाहकार तारा सिंह, अतिरिक्त महासचिव प्रताप सिंह ठाकुर, राज्य चीफ पैट्रन पुष्पराज शर्मा, उपाध्यक्ष रामचंद्र कपूर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के अध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक में जिला कांगड़ा के अध्यक्ष अश्वनी पालिया, जिला मंडी के अध्यक्ष विद्यासागर, जिला चंबा के अध्यक्ष नागेंद्र गुप्ता, जिला बिलासपुर के अध्यक्ष प्रशांत कुमार आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन की आगामी गतिविधियों, कर्मचारियों के हितों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### महिला ने पति पर लगाया घरेलू हिंसा का आरोप

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के पुलिस थाना हटली के अंतर्गत जमनौण में पत्नी ने अपने ही पति पर खौल रहा दूध फेंक दिया था। इससे पति बुरी तरह झुलस गया था। अब इस मामले में नया मोड़ आ गया है, महिला ने पुलिस थाना हटली में अपने पति पर घरेलू हिंसा का मामला दर्ज करवा दिया है। महिला ने अपने पति पर मारपीट, गाली-गलौज और घरेलू हिंसा का आरोप लगाते हुए हटली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। महिला का आरोप है कि उसका पति आए दिन छोटी-छोटी बातों और घरेलू विवादों को लेकर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट करता है। पीड़िता ने बताया कि शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर अब उसे कानूनी मदद लेने पर मजबूर होना पड़ा है। इस संबंध में हटली थाना प्रभारी बृज लाल शर्मा ने बताया कि महिला की शिकायत पर हटली थाना में शिकायत प्राप्त हुई है। उन्होंने बतया की मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### 'दिल की बात पीढ़ियों के साथ' ने भरा कॉलेज में रंग

**अनंत ज्ञान, महादेव।** एमएलएसएम कॉलेज में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा 'दिल की बात पीढ़ियों के साथ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बुजुर्गों, छात्रों और अन्य क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने भाग लिया। कवियों भीम सिंह परदेशी, सुरेंद्र मिश्रा, रतन लाल शर्मा और हेमराज मुकेश ने अपनी कविताओं से दर्शकों को हंसाया और भाव विभोर किया। बुजुर्गों और अन्य प्रतिभागियों के लिए विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। मुख्यातिथि एसडीएम कुमार अमर नेगी ने बड़ों के सम्मान और नई पीढ़ी के साथ सहयोग बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन अधिवक्ता प्रकाश बंसल ने किया। तहसील कल्याण अधिकारी विक्रांत जग्गा, पूर्व आईएएस दर्शन कालिया, समाजसेवी सुलेमान अंसारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। जिला कल्याण अधिकारी समीर ने प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया।

### पधर की नीतिका को 'इंस्पायर-मानक' छात्रवृत्ति

**अनंत ज्ञान, पधर।** असेंट पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल पधर की 11वीं कक्षा की छात्रा नीतिका का चयन शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए भारत सरकार की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की 'इंस्पायर-मानक' छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। इस योजना के तहत नीतिका को अपने अभिनव वैज्ञानिक विचार पर आधारित प्रोटोटाइप तैयार करने के लिए 10,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। हिमाचल से कुल 513 विद्यार्थियों में उनका नाम शामिल है। विद्यालय और पधर क्षेत्र में इस सफलता से खुशी और गर्व का माहौल है। प्रधानाचार्य गुलाब सिंह चौहान ने नीतिका को बधाई दी

### विधानसभा अध्यक्ष का प्रवास कार्यक्रम रद्द

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया का जारी प्रवास कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों के चलते रद्द कर दिया गया है। विभागीय प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 मार्च से 14 मार्च तक पूर्व निर्धारित सभी कार्यक्रम स्थगित किए गए हैं।

### स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, चंबा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज ने वीरवार को स्वास्थ्य खंड पुखरी के अंतर्गत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर जडेरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, दवाइयों की उपलब्धता, लैब उपकरणों के रखरखाव और स्टाफ की उपस्थिति का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने केंद्र के चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप हों। डॉ. भारद्वाज ने मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और स्वास्थ्य कर्मियों से सेवाभाव के साथ कार्य करने तथा केंद्र में साफ-सफाई और शौचालयों की स्थिति बनाए रखने पर जोर दिया। उनका कहना था कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना विभाग की प्राथमिकता है।

### मार्गों और पैदल रास्तों की मरम्मत के निर्देश

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर। कार्यवाहक अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी विकास शर्मा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय पट्टी में मणिमहेश ट्रस्ट की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा यात्रा आयोजन संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। एडीएम ने वन मंडल अधिकारी भरमौर और वन्य प्राणी विभाग को श्रद्धालुओं, ट्रैकिंग यात्रियों और व्यवसायिक गतिविधियों को नियंत्रित करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग को एनएच 154-ए बग्गा, हड़सर-गुई नाला रोड, हड़सर-डल झील व भरमाणी मार्ग सहित अन्य पैदल रास्तों और रोडों की मरम्मत के आदेश दिए गए। बैठक में मंदिरों में क्यूआर कोड लगाने की सहमति दी गई ताकि श्रद्धालु ऑनलाइन दान कर सकें। साथ ही हड़सर से मणिमहेश मार्ग पर दुकानों की अनुमति केवल एडीएम कार्यालय से लेने का निर्णय लिया गया।

### पीएचसी पुखरी में शुरू हुई डेंचर सुविधा

**अनंत ज्ञान, पुखरी।** ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. नवदीप राठौर ने प्राइमरी हेल्थ सेंटर (पीएचसी) पुखरी में डेंचर (कृत्रिम दांत) बनाने की नई सुविधा का शुभारंभ किया। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में सुलभ और किफायती डेंटल केयर सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। डॉ. राठौर ने बताया कि अब बुजुर्ग और जरूरतमंद मरीजों को जिला अस्पताल जाने की आवश्यकता कम होगी। पीएचसी पुखरी में यह सुविधा मेडिकल कॉलेज चंबा और आरएच चुवाड़ी के बाद पूरे जिले में उपलब्ध हो गई है। 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाएं, 65 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष और बीपीएल परिवारों के सदस्य इस सेवा का निशुल्क लाभ उठा सकेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम में पीएचसी स्टाफ मौजूद रहा और लोगों को नई डेंटल सेवाओं के बारे में जागरूक किया गया।

# ऊंची चोटियों पर बर्फबारी से बढ़ी ठंड

## बारिश बागवानी के लिए मानी जा रही लाभदायक, लोगों से सतर्क रहने की अपील

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला चंबा में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। वीरवार को सुबह से रुक-रुक कर हो रही बारिश के साथ-साथ जनजातीय क्षेत्र पांगी और भरमौर की पर्वत श्रृंखलाओं सहित जिले की ऊंची चोटियों पर हिमपात दर्ज किया गया।

बारिश व बर्फबारी के कारण पूरे क्षेत्र में ठंडक बढ़ गई है, जिसके चलते लोगों को एक बार फिर गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। दरअसल पिछले कुछ दिनों से चंबा जिला व इसके आसपास के क्षेत्रों में तापमान काफी बढ़ गया था। मार्च माह की शुरुआत में ही पारा 31 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। गर्मी के बढ़ते असर के चलते लोगों ने घरों में पंखों के साथ-साथ एसी भी चलाना शुरू कर दिया था। लोगों को चिंता सताने लगी थी कि यदि मार्च में ही इतनी गर्मी पड़ रही है तो मई, जून और जुलाई के महीनों में स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है, लेकिन वीरवार को हुई बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया। बारिश से जहां आम लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं, किसानों व बागवानों के चेहरों पर भी खुशी देखने को मिल रही है, क्योंकि यह बारिश खेती-बाड़ी और बागवानी के लिए लाभदायक मानी जा रही है। इस बीच डीसी चंबा मुकेश रेपसवाल ने खराब मौसम को देखते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने विशेष रूप से ऊंचाई वाले इलाकों और नदी-नालों के आसपास जाने से बचने की सलाह दी है। डीसी ने बताया कि मौसम विभाग की ओर से 14 मार्च तक जिले में खराब मौसम की चेतावनी जारी की गई है। उन्होंने कहा कि एहतियात के तौर पर फील्ड में स्टाफ तैनात किया गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। सुबह से जिले में रुक-रुक कर बारिश जारी है व ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की भी सूचना मिल रही है। हालांकि, अब तक जिले में किसी भी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं है। उपायुक्त ने लोगों से अपील की है कि किसी भी आपात स्थिति में जिला प्रशासन के हेल्पलाइन नंबर 1077 पर तुरंत सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक सहायता उपलब्ध करवाई जा सके।


ऊंची चोटियों पर हुआ हिमपात। अनंत ज्ञान

### पांगी प्रशासन की अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील

**अनंत ज्ञान, पांगी।** जनजातीय क्षेत्र पांगी में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए उपमंडलीय प्रशासन ने जन सुरक्षा के मद्देनजर विशेष एडवाइजरी जारी की है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने व अनावश्यक यात्राओं से बचने की अपील की है। उपमंडल दंडाधिकारी अमनदीप सिंह द्वारा जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि क्षेत्र में लगातार हो रही वर्षा के कारण कई स्थानों पर पहाड़ियों से पत्थर गिरने की आशंका बनी हुई है, ऐसे में वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए आम लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बिना जरूरत यात्रा न करने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि किसी को अत्यंत आवश्यक कार्य से बाहर जाना पड़े, तो पूरी सावधानी बरतते हुए ही आवागमन करें। साथ ही यात्रा के दौरान प्रशासन, पुलिस व बीआरओ द्वारा जारी दिशा-निर्देशों और परामर्श का पालन करना अनिवार्य बताया गया है। एडवाइजरी में लोगों से यह भी आग्रह किया गया है कि किसी भी आपात स्थिति या दुर्घटना की जानकारी तुरंत नजदीकी प्रशासनिक कार्यालय या पुलिस इकाई को दें, ताकि समय रहते आवश्यक सहायता उपलब्ध करवाई जा सके। लगातार बारिश के कारण क्षेत्र में संवेदनशील स्थानों पर प्रशासन की नजर बनी हुई है और हालात पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन ने लोगों से सहयोग और सतर्कता बरतने की अपील की है, ताकि किसी भी संभावित खतरे से बचा जा सके।

## दरकोटी स्कूल ने रचा इतिहास, दूसरी बार खंड स्तर पर बेस्ट एसएमसी में प्रथम

अनंत ज्ञान




**चंबा।** शिक्षा खंड कियानी, जिला चंबा के अंतर्गत आने वाला राजकीय प्राथमिक पाठशाला दरकोटी एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट कार्यप्रणाली के कारण चर्चा में है। विद्यालय को लगातार दूसरी बार खंड स्तर पर बेस्ट स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) पुरस्कार में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

इस उपलब्धि के साथ विद्यालय अब तक कुल चार बार इस प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त कर चुका है, जिनमें एक बार तृतीय तथा दो बार प्रथम स्थान शामिल हैं। खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी कियाणी कार्यालय तथा ब्लॉक संसाधन समन्वय केंद्र (बीआरसीसी) कियानी में घोषित परिणामों के अनुसार राजकीय प्राथमिक पाठशाला दरकोटी की स्कूल प्रबंधन समिति को विद्यालय के विकास, स्वच्छ वातावरण, विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा सामुदायिक सहभागिता के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। विद्यालय प्रभारी सुनील जरियाल ने बताया कि विद्यालय में शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत से ही विभाग द्वारा जारी गतिविधि कैलेंडर के अनुसार योजनाएं बनाई जाती हैं। इन योजनाओं पर स्कूल प्रबंधन समिति, अभिभावकों और स्थानीय समुदाय के साथ चर्चा कर उन्हें सफलतापूर्वक लागू किया जाता है। विद्यालय में किचन गार्डन, हर्बल गार्डन, परिसर सौंदर्यीकरण, विद्यार्थियों के नामांकन में वृद्धि, सभी प्रारूपिक आकलन परीक्षाएं, शिक्षा संवाद, मासिक बैठकें, विशेष दिवसों का आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा वार्षिकोत्सव जैसी गतिविधियों में स्कूल प्रबंधन समिति, पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय समुदाय सक्रिय भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष विद्यालय ने जिला स्तर पर आपदा प्रबंधन गतिविधियों के कुशल संचालन के लिए भी प्रथम स्थान प्राप्त किया था। यह उपलब्धियां विद्यालय स्टाफ, स्कूल प्रबंधन समिति और समुदाय के निरंतर समर्पण तथा विश्वास का परिणाम हैं। विद्यालय प्रभारी सुनील जरियाल एवं सहयोगी अध्यापक दिनेश कुमार ने वर्तमान स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष आशा देवी सहित सभी सदस्यों, पूर्व अध्यक्षों, अभिभावकों तथा पंचायत प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

## पानी निकासी व्यवस्था बदलने से पैदल रास्ता व मकानों को खतरा

◆ **लोअर मुगला गली-3 के निवासियों ने डीसी चंबा को सौंपा ज्ञापन**

अनंत ज्ञान

**चंबा।** एनएच-154ए के मुगला क्षेत्र में हाल ही में हुई आपदा के बाद लोअर मुगला गली नंबर-3 के लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर जिलाधीश चंबा को ज्ञापन सौंपा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर परिषद चंबा द्वारा पहले बनाई गई पानी निकासी व्यवस्था, जिसमें नीचे की ओर यू-टर्न दिया गया था, उसे बंद कर पानी की दिशा कच्चे श्मशान घाट के रास्ते की ओर मोड़ दी है।

स्थानीय लोगों के अनुसार 3 सितंबर 2025 को हुई भारी बारिश व भूस्खलन के कारण इस बदलाव का गंभीर असर देखने को मिला। पानी के तेज बहाव के चलते श्मशान घाट की ओर जाने वाला पैदल रास्ता पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और क्षेत्र में रहने वाले पांच मकान गिरने के खतरे में आ गए हैं। निवासियों का यह भी कहना है कि जलशक्ति विभाग द्वारा बिछाई गई पाइप लाइन और उचित सहारा (पिलर सपोर्ट) न होने के कारण स्थिति और अधिक खराब हो गई, जिससे मिट्टी का कटाव बढ़ा और रास्ता तबाह हो गया।

ज्ञापन में लोगों ने मांग की है कि नगर परिषद चंबा को तुरंत निर्देश दिए जाएं कि पानी निकासी की पुरानी व्यवस्था को बहाल करते हुए यू-टर्न को फिर से शुरू किया जाए। साथ ही जलशक्ति विभाग को सीवरेज पाइप को मजबूत पिलर सपोर्ट देने के निर्देश दिए जाएं, ताकि आगे किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके। लोअर मुगला के लोगों ने डीसी से अपील की है कि क्षेत्र में रहने वाले लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए व श्मशान घाट जाने वाले पैदल रास्ते को जल्द से जल्द बहाल किया जाए, ताकि स्थानीय लोगों को आने-जाने में हो रही परेशानियों से राहत मिल सके।

### स्कूल के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा में चोरी की एक घटना सामने आई है, जिसमें बनीखेत क्षेत्र में स्कूल के बाहर सड़क किनारे खड़ी मोटरसाइकिल को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। घटना को लेकर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस थाना डलहौजी में मामला दर्ज किया गया है। यह मामला बनीखेत निवासी रिशव कुमार की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पंजीकृत किया गया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी काले-सिल्वर रंग की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बनीखेत स्थित स्कूल के बाहर सड़क किनारे खड़ी की थी। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने मौका पाकर मोटरसाइकिल को चोरी कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है व आसपास के क्षेत्र में जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर चोर की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस अधीक्षक, जिला चंबा ने बताया कि मामले में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है तथा जल्द ही आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## ब्रेही पंचायत के पुनर्गठन को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल चंबा।** विकास खंड मैहला की ग्राम पंचायत ब्रेही के पुनर्गठन व सीमा पुनर्निर्धारण को लेकर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के समक्ष अपनी मांग रखी। भाजपा नेता जय सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने वीरवार को उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल से भेंट कर उन्हें इस गंभीर समस्या से अवगत करवाया तथा एक संयुक्त ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत ब्रेही का क्षेत्रफल अत्यंत विस्तृत व भौगोलिक दृष्टि से विषम है। पंचायत क्षेत्र के मध्य से एक सहायक उपनदी (खड्ड) बहने के कारण यह क्षेत्र स्वाभाविक रूप से दो भागों में विभाजित हो जाता है। इस भौगोलिक स्थिति के चलते पंचायत के विभिन्न मुहालों व गांवों के निवासियों को पंचायत मुख्यालय तक पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाले लोगों के लिए सीमित यातायात साधन और प्राकृतिक अवरोध बड़ी समस्या बने हुए हैं। ग्रामीणों ने डीसी को बताया कि 22 दिसंबर, 2024 को आयोजित ग्राम सभा की बैठक में भी इस विषय पर विस्तृत चर्चा की गई थी।



बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने स्थानीय भौगोलिक परिस्थितियों और जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए पंचायत के तार्किक पुनर्गठन की आवश्यकता पर बल दिया था। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि वर्तमान में प्रस्तावित ग्राम पंचायत ब्रेही के विभाजन का स्वरूप ग्राम सभा में सहमति से पारित नहीं किया गया था। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने प्रस्ताव रखा कि अंदरौंद मुहाल और तुर मुहाल को मिलाकर नई ग्राम पंचायत का गठन किया जाए व उसका नाम 'तुर' रखा जाए, क्योंकि तुर क्षेत्र का सबसे बड़ा गांव होने के साथ-साथ भौगोलिक दृष्टि से भी उपयुक्त स्थान पर स्थित है। वहीं, सादून मुहाल और सकराल मुहाल को वर्तमान ग्राम पंचायत ब्रेही में यथावत रखा जाए। इसके अलावा ग्रामीणों ने पंचायतों का विभाजन खड्ड के आर-पार प्राकृतिक भौगोलिक सीमा के आधार पर करने का सुझाव दिया, ताकि दोनों ओर स्थित गांवों के लोगों को प्रशासनिक और विकासात्मक कार्यों में सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित नई पंचायत गदियाडा की अनुमानित जनसंख्या करीब 600 है, जो एक अलग पंचायत के गठन के लिए पर्याप्त नहीं मानी जा सकती, इसलिए इस प्रस्ताव पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। डीसी से मांग की कि जनहित व प्रशासनिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस विषय पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उचित निर्णय लिया जाए।

## एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की तैयारियों का लिया जायजा

अनंत ज्ञान

**चंबा।** स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज चंबा के नर्सिंग हॉल में जिला स्तर पर खंड चिकित्सा अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ. जालम भारद्वाज ने की।

बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने खंड चिकित्सा अधिकारियों द्वारा भेजी गई मासिक रिपोर्ट का आकलन किया तथा महत्वाकांक्षी जिलों के अंतर्गत संचालित योजनाओं और गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन योजनाओं की प्रगति को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिले में प्रस्तावित एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की तैयारियों का भी जायजा लिया गया। डॉ. भारद्वाज ने विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर देते हुए शिक्षण संस्थानों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभिभावकों और छात्राओं को टीके के महत्व, उसकी प्रक्रिया और सुरक्षा से संबंधित सरल एवं स्पष्ट जानकारी प्रदान की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की भ्रांति को दूर किया जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिले में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों की भी समीक्षा की। इनमें प्रजनन एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, टीकाकरण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, एनसीडी कार्यक्रम तथा एचएमआईएस की खंड स्तरीय समीक्षा शामिल रही। इसके साथ ही उन्होंने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में चल रही गतिविधियों का भी जायजा लिया और सेवाओं को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कविता महाजन, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पुरी, डॉ. वेहवी गुरंग, डॉ. सोहेल, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवदीप राठौर, डॉ. दीपेश बराल, डॉ. पदमा, डॉ. विवेक, डॉ. नरिंदर, डॉ. सुमित सहित सभी स्वास्थ्य खंडों के स्वास्थ्य पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।


जिला स्तर पर खंड चिकित्सा अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारी। अनंत ज्ञान

### मरौर गांव से गायब हुई शनि देव की प्रतिमा उसी स्थान पर मिली

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर के मरौर गांव स्थित मंदिर से गायब हुई भगवान शनि देव की प्रतिमा एक दिन बाद फिर उसी स्थान पर स्थापित मिली।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

प्रतिमा को देखकर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की और इसे भगवान शनि देव का चमत्कार बताया। ग्रामीणों में पंडित अजू शर्मा और बिंदु शर्मा ने बताया कि आज सुबह जब वे मंदिर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि भगवान शनि देव की प्रतिमा पहले की तरह अपने स्थान पर स्थापित है। यह देखकर उन्हें बेहद खुशी हुई। उन्होंने कहा कि पिछले दिन इसी स्थान से भगवान शनि देव की प्रतिमा गायब हो गई थी, जिससे पूरे गांव में चिंता और रोष का माहौल बन गया था। ग्रामीणों का कहना था कि मंदिर से प्रतिमा का गायब होना आस्था से जुड़ा गंभीर मामला है। इसको लेकर स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग भी की थी। मंदिर में भगवान शनि देव और भगवान बजरंगबली की प्रतिमाएं स्थापित हैं। ग्रामीणों के अनुसार कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा शनि देव की प्रतिमा को हटाया गया था, लेकिन आज सुबह प्रतिमा को फिर से उसी स्थान पर देखकर लोगों ने राहत की सांस ली और इसे भगवान शनि देव की कृपा बताया।

## शहरी आवास योजना के तहत 58 लाभार्थियों को मिले मकान

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर ने शहरी आवास योजना के अंतर्गत नगर पंचायत संधोल और धर्मपुर के 58 पात्र लाभार्थियों को मकान के स्वीकृति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर जरूरतमंद परिवार को सुरक्षित और स्थायी आवास उपलब्ध करवाना है।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक मकान के निर्माण के लिए 2.50 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिल रहा है। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में सरकार द्वारा धर्मपुर के मंडप, सज्याओ पिपलू, मढ़ी और गद्दीधार में सीबीएसई स्कूल प्रदान किए गए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में बताया कि संधोल अस्पताल के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए सरकार द्वारा 6 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक ने किसानों से प्राकृतिक खेती को अपनाने और नकदी फसलों की खेती करने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती से उगाई गई हल्दी को सरकार 90 रुपये प्रति किलो की दर से खरीद रही है, जिससे किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है।

## चंबा में अधिवक्ता का धरना प्रदर्शन, विकास कार्यों की धीमी गति पर जताई नाराजगी

अनंत ज्ञान



**चंबा।** जिले के विकास से जुड़े अहम मुद्दों को लेकर अधिवक्ता सूर्यभानु प्रताप सिंह ने 6, 7 और 8 मार्च को डीसी कार्यालय के बाहर सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया।

उन्होंने राज्य सरकार पर चंबा की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जिले के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट लगातार देरी का शिकार हो रहे हैं। धरने के दौरान सूर्यभानु प्रताप सिंह ने चंबा मेडिकल कॉलेज को सरोल शिफ्ट करने के मामले में स्पष्ट नोटिफिकेशन न जारी करने और किसी निश्चित तारीख का न बताने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज परिसर में विकास कार्य ठप पड़े हैं और परिसर में केवल कबूतर ही दिखाई दे रहे हैं। अधिवक्ता ने चंबा-चुवाड़ी टनल के निर्माण में हो रही देरी पर भी आपत्ति जताई और कहा कि अन्य जिलों की तुलना में चंबा में विकास कार्य अपेक्षित धीमी गति से हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री को 9 फरवरी को इस मामले पर ज्ञापन भेजा था, लेकिन अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। सूर्यभानु प्रताप सिंह ने चेतावनी दी कि यदि विकास कार्यों की गति पर जल्द सुनवाई नहीं हुई तो वे विधानसभा शिमला जाकर अनशन पर बैठेंगे। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि बहुत जल्द पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान भी शुरू किया जाएगा, ताकि जिले के नागरिक विकास मुद्दों के प्रति जागरूक हों।

## ईशा शर्मा का साउथ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला चंबा के भटियात क्षेत्र के सिहुंता की रहने वाली अभिनेत्री और मॉडल ईशा शर्मा अब अपने करियर का एक नया और बड़ा अध्याय शुरू करने जा रही है।

पंजाबी म्यूजिक वीडियो, टेलीविजन और पंजाबी सिनेमा में अपनी पहचान बनाने के बाद ईशा शर्मा अब साउथ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। उनकी यह नई शुरुआत उन्हें देशभर के बड़े दर्शक वर्ग तक पहुंचा सकती है। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले से ताल्लुक रखने वाली ईशा शर्मा अपनी सफलता के साथ-साथ अपने विनम्र और डाउन-टू-अर्थ स्वभाव के लिए भी जानी जाती हैं। पहाड़ों से निकलकर एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में पहचान बनाना उनके लिए आसान नहीं था, लेकिन मेहनत, लगन और समर्पण के दम पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री में ईशा शर्मा को खास पहचान तब मिली, जब उन्होंने कई बड़े और प्रसिद्ध गायकों के साथ म्यूजिक वीडियो में काम किया। वह सिद्धू मूसेवाला, कुलविंदर बिल्ला, गुरनाम भुल्लर और शिवजोत सिंह जैसे मशहूर पंजाबी गायकों के गानों में नजर आ चुकी हैं, जिससे उन्हें दर्शकों के बीच काफी लोकप्रियता मिली। इसके बाद ईशा शर्मा ने टेलीविजन की दुनिया में कदम रखा और सोनी सब के रोमांटिक ड्रामा 'पश्मिन्ना-धागे मोहब्बत के' में मुख्य भूमिका निभाई। इस शो में उनके अभिनय को दर्शकों ने काफी सराहा और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली। अपने करियर को आगे बढ़ाते हुए ईशा ने पंजाबी फिल्म 'परिंदा पार गया' से सिनेमा में भी कदम रखा, जिसने उनके अभिनय करियर को और मजबूती दी। अब ईशा शर्मा साउथ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रही हैं। साउथ सिनेमा की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए माना जा रहा है कि यह कदम उनके करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। म्यूजिक वीडियो, टेलीविजन और फिल्मों तक का ईशा शर्मा का सफर लगातार आगे बढ़ रहा है। साउथ फिल्म इंडस्ट्री में उनके डेब्यू को लेकर उनके प्रशंसक भी काफी उत्साहित हैं और आने वाले समय में उनसे और बेहतरीन काम की उम्मीद की जा रही है।



No. PNG(Vikas)/2025-26-
**Office of the Block Development Officer, Development Office Pangi at Killar**

**NOTICE INVITING QUOTATION**

Sealed quotation of rates for the PMAYG sanction year 2024-25 Houses wall writing Size 3x3 with logo and MGNREGA Sign Board for the year 2025-26 and 2026-27 all 19 No.Gram Panchayat make in cemented 2x3 & 3x4 (fit) with writing, installation charges & FOR are hereby invited for use in this office from the supplier/dealers so as to reach in this office on dated 24/03/2026 and same will be opened on same day at 2:00 PM in the presence of suppliers/dealers or their representatives who may wish to be present:-

**Terms and Condition:-** **1.** The suppliers should be providing Supply within week after supply Order. **2.** The suppliers should submit the GST registration and PAN card copy. **3.** The rates quotated are inclusive of all kind of taxes and FOR upto work site. **4.** The suppliers should provide Three Year Govt Supply Order. **5.** The tax liabilities of the Govt. (if any) shall have be deposited by suppliers by it self. **6.** The suppliers will deposit earnest Money in shape of EMD Rs. 30000/- (Rupees Thirty Thousand Only) in favour of Block Development officer, Development Block Pangi.
The scope of the writing can be increased/decreased without any notice.

**Assistant Commissioner (Dev.)**
**-cum-Block Development Officer**
**Development Block Pangi**

**व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा।**
मिसल न0 /2026(RMS)
ता0 दा0 17-02-2026
ता0 पेशी 20-04-2026
**अनुमान मुकदमा-** प्रार्थीया श्री श्रीमति त्रिसा देवी पुत्री रतन चन्द निवासी गांव कस्वा डाकधर पठियार तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा।
....प्रार्थी पक्ष
**वनाम** **आम जनता**
...प्रत्याक्षी पक्ष
**विषयः- प्रार्थना पत्र जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 की जेर धारा 13 (3) अन्तर्गत श्री मति त्रिसा देवी की जन्म तिथि 12-08-1962 ग्राम पंचायत पठियार के रिकार्ड में दर्ज करने वारे।**
**अखवारी ईस्तहार-** प्रार्थीया श्रीमति त्रिसा देवी पुत्र रतन चन्द निवासी गांव कस्वा डाकधर पठियार, तहसील नगरोटा बगवां जन्म तिथि पंजीकरण वारे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरा जन्म दिनांक 12-08-1962 को ग्राम पंचायत पठियार में हुआ था परन्तु किसी कारणवस सम्वधित ग्राम पंचायत के रिकार्ड में दर्ज करवा न सके। दर्ज करने का आग्रह किया है। अतः इस अदालती नोटिस अखवारी ईस्तहार द्वारा आम जनता व सगे सम्बन्धियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता हैं कि यदि किसी को भी इस जन्म तिथि पंजीकरण करने बारे कोई एतराज हो तो वह स्वयं बजरिया कौंसल एतराज दिनांक 20-04-2026 अदालत में पेश कर सकते हैं। हाजिर ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाएगी। और नियमानुसार जन्मतिथि पंजीकरण के आदेश पारित कर दिए जाएगें।
आज दिनांक 12-03-202-6 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि.प्र.)**

दुख और वेदना के अथाह सागर वाले इस संसार में प्रेम की अत्यधिक आवश्यकता है।

-डॉ. रामकुमार वर्मा

## संपादकीय

# मोबाइल की लत घातक

आधुनिक समय में मोबाइल फोन हमारे जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। अब छोटे से छोटे काम से लेकर बड़े काम तक, अधिकांश कार्य मोबाइल पर निर्भर हो गए हैं। बैंकिंग और बिल भुगतान से लेकर डॉक्यूमेंट सुरक्षित रखने, सोशल मीडिया और मनोरंजन तक, हर गतिविधि में मोबाइल एक केंद्रीय भूमिका निभाता है। इतना ही नहीं, यह कई लोगों के लिए तत्काल सूचना, मनोरंजन और व्यक्तिगत सुरक्षा का साधन बन गया है। अगर किसी व्यक्ति का मोबाइल खो जाता है, चोरी हो जाता है या टूट जाता है, तो उसे गंभीर मानसिक तनाव और असुविधा का सामना करना पड़ता है।

मोबाइल का अत्यधिक उपयोग केवल व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका असर पारिवारिक और सामाजिक जीवन पर भी पड़ रहा है। मनोरंजन और सोशल मीडिया के कारण कई लोग मोबाइल की लत में फंस जाते हैं। इसे देखते हुए कई घरों में मोबाइल ही विवाद और झगड़ों का कारण बन गया है। घर के सदस्य अपने मोबाइल उपयोग को लेकर आपस में टकराने लगे हैं। संवाद की कमी और तकनीकी निर्भरता ने पारिवारिक रिश्तों में दूरी और तनाव पैदा कर दिया है।

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में हाल ही में सामने आया एक मामला इस समस्या की गंभीरता को उजागर करता है। सरकाघाट इलाके में एक पति ने अपनी पत्नी को मोबाइल का उपयोग करने से रोका। इसके जवाब में गुस्साई पत्नी ने अपने पति पर उबलता दूध फेंक दिया। घटना में पति के चेहरे और शरीर का लगभग 15 प्रतिशत हिस्सा झुलस गया। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाना पड़ा और पुलिस ने पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज किया। मामला यहीं नहीं रुका। पत्नी ने भी अपने पुराने आरोपों को ताजा करते हुए पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी। उसने आरोप लगाया कि पति शराब पीकर मारपीट करता है, गालियां देता और उसे चाकू से डराता है। यह विवाद सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया।

यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि तकनीक और मोबाइल का अत्यधिक उपयोग कैसे पारिवारिक जीवन को प्रभावित कर रहा है। अक्सर गुस्से में लिए गए निर्णय परिवारों को तोड़ने और रिश्तों में दरार डालने का कारण बनते हैं। समझदारी इसी में है कि ऐसे विवादों को तटस्थ और शांत दिमाग से सुलझाया जाए। यदि मामला गंभीर हो, तो परिवार या किसी भरोसेमंद तीसरे व्यक्ति की मदद लेना ही उचित उपाय है। आजकल सहनशीलता की कमी भी समस्याओं को बढ़ा रही है। लोग अक्सर अपने नजरिए में अड़े रहते हैं और दूसरों की बात सुनने को तैयार नहीं रहते। परिवार के किसी सदस्य को समझाने की कोशिश करना भी कठिन हो गया है। यह मानसिक स्थिति न केवल व्यक्तिगत संबंधों पर असर डालती है, बल्कि सामाजिक संरचना को भी कमजोर करती है। यदि लोग केवल अपने दृष्टिकोण में अड़े रहेंगे, तो सामूहिक सहनशीलता और सहयोग की भावना कमजोर हो जाएगी।

मोबाइल का अत्यधिक उपयोग पारिवारिक जीवन और बच्चों पर भी असर डालता है। घर में संवाद और बातचीत की कमी हो जाती है, क्योंकि सदस्य अपने फोन में व्यस्त रहते हैं। इससे भावनात्मक दूरी बढ़ती है और परिवार के बीच जुड़ाव कमजोर होता है। बच्चों में ध्यान की कमी, आलस्य और सामाजिक कौशल में कमी जैसी समस्याएं भी देखने को मिल रही हैं। हालांकि, मोबाइल का सही उपयोग सकारात्मक बदलाव भी ला सकता है। शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और आपातकालीन सहायता में मोबाइल बहुत उपयोगी साधन है। ऑनलाइन जानकारी, डिजिटल भुगतान और सामाजिक जागरूकता के लिए यह लाभकारी है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब मोबाइल का उपयोग आवश्यकता से अधिक और लत के रूप में होने लगे। मोबाइल के संतुलित उपयोग और सीमाओं का निर्धारण बेहद जरूरी है। परिवार के सदस्य, विशेषकर बच्चे, मोबाइल का जिम्मेदारी से उपयोग करें और इसे मनोरंजन या गैर-जरूरी कामों तक सीमित रखें। परिवार के भीतर संवाद और समझदारी को प्राथमिकता देना अत्यंत आवश्यक है। परिवार की भलाई इसी में है कि हम तकनीक का विवेकपूर्ण उपयोग करें। घरों में झगड़े और विवाद को जन्म देने के बजाय इसे उपयोगी और सकारात्मक साधन के रूप में अपनाना चाहिए। आवश्यकता से अधिक मोबाइल उपयोग न केवल व्यक्तिगत जीवन बल्कि पारिवारिक और सामाजिक संबंधों को भी प्रभावित करता है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र | **आज की प्रमुख हस्ती**

## चिकित्सक और देशप्रेमी

**चुनीलाल बसु** भारत के प्रसिद्ध रसायनज्ञ, चिकित्सक, विज्ञानसाधक और समाज सुधारक थे। उन्होंने विज्ञान और चिकित्सा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के साथ-साथ समाज में स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का भी उल्लेखनीय कार्य किया।



चुनीलाल बसु
जन्म : 13 मार्च, 1861
मृत्यु : 2 अगस्त, 1930

वे अपने समय से काफी आगे की सोच रखने वाले व्यक्ति थे, जिन्होंने उस दौर में ही खाद्य पदार्थों में मिलावट, पर्यावरण प्रदूषण और असंतुलित जीवनशैली जैसी समस्याओं की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। चुनीलाल बसु का जन्म 13 मार्च 1861 को कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में हुआ था। प्रतिष्ठित चिकित्सक और वैज्ञानिक के रूप में प्रसिद्ध हुए।

वे रसायन विज्ञान के अत्यंत मेधावी विद्यार्थी थे और आगे चलकर बंगाल सरकार के रासायनिक परीक्षक (केमिकल एग्ज़ामिनर) के रूप में कार्य किया। उन्होंने 1889 से 1920 तक इस पद पर अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण वैज्ञानिक और सामाजिक पहलें कीं। उनकी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक 'भारतीय विष अधिनियम' को लागू कराने में योगदान था, जिसके माध्यम से विषैले पदार्थों के खुले क्रिय-विक्रय पर रोक लगाने की व्यवस्था की गई। इस कानून ने समाज में सुरक्षा और स्वास्थ्य संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वे समाज की समस्याओं को भी गहराई से समझते थे। उन्होंने चिकित्सा और स्वास्थ्य से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर लेख भी लिखे। रसायन विज्ञान, खाद्य विज्ञान और चिकित्सा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए ब्रिटिश सरकार ने उन्हें 1898 में 'राय बहादुर' की उपाधि से सम्मानित किया। बाद में वर्ष 1921 में उन्हें 'कलकत्ता का शेरिफ' भी चुना गया, जो उस समय एक प्रतिष्ठित पद माना जाता था। ■



कविता

## मुर्दों की नगरी

वीरेन्द्र शर्मा वात्स्यायन ,ऊना (हिमाचल प्रदेश) मो. 9417280333

**यह** मुर्दों की नगरी है, तुम इस नगरी में न आओ
इंसान नहीं यहां तो मुर्दे ही हैं, दिल हैं छोटे इनके अकड़ बड़ी
करते हैं बातें हजार, नहीं करते किसी से प्यार
नहीं इनके लिए कोई लाचार, सब कुछ है इनके लिए व्यापार
रुको, मत आओ तुम मुर्दों के शहर, कोई मतलब नहीं इनके लिए
शहर में किस ने खाया जहर ?, क्यों मचा यहां कहर ?
इंसान की कीमत क्या जाने ?, ये जिंदा पर मुर्दा लोग
रिश्तों के नाम पर करते ढोंग,क्या करोगे तुम यहां आकर ?
परायों को ये अपनाकर, छोड़ देंगे तुम्हें कोई लांछन लगाकर
न आओ तुम इनके शहर, दम लेंगे तुम्हें भगाकर
छोड़ दो झूठा अहंकार, जाना पड़ेगा सब को उस पार।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# निवारक स्वास्थ्य देखभाल में अग्रणी भूमिका निभा रहा है योग



प्रताप राव जाधव
केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री

बीते दशक में योग को केवल पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धति के रूप में ही नहीं सराहा गया, बल्कि उसे उत्तरोत्तर रूप से स्वास्थ्य और कल्याण के लिए साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण के रूप में भी पहचाना जाने लगा है। वैज्ञानिक अनुसंधान, डिजिटल नवाचार और वैश्विक सहयोग अब हमें योग को केवल भारत की सांस्कृतिक विरासत ही नहीं, बल्कि एक सशक्त जन-स्वास्थ्य हस्तक्षेप समझने में भी मदद कर रहे हैं।

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) को पारंपरिक चिकित्सा (योग) के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोगी केंद्र के रूप में नामित किया गया है और योग अनुसंधान में भारत की नेतृत्वकारी भूमिका और भी मजबूती प्रदान करते हुए वर्ष 2025-2029 के लिए इसे फिर से निमित किया गया है। यह पहचान गैर-संचारी रोग (एनसीडी) के लिए साक्ष्य-आधारित योग हस्तक्षेपों को बढ़ावा देने में संस्थान की बढ़ती भूमिका को दिखाती है।

इस पहल के प्रमुख साझेदारों में आयुष मंत्रालय, एम्स दिल्ली, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद, और इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर मेडिसिन एंड एलाइड साइंसेज, दिल्ली शामिल हैं। इन सहयोगों के माध्यम से केंद्र मधुमेह, मोटापा और तनाव से संबंधित विकारों जैसे गैर-संचारी रोगों के लिए योग-आधारित हस्तक्षेपों पर तकनीकी दिशा-निर्देश विकसित कर रहा है और अनुसंधान को आगे बढ़ा रहा है। इन प्रयासों में अंतरराष्ट्रीय संगठन भी साझेदारी कर रहे हैं, जिससे योग की वैज्ञानिक आधारशिला और मजबूत हो रही है तथा निवारक स्वास्थ्य देखभाल के लिए व्यापक रूप से लागू किए जा सकने वाले, किफायती और साक्ष्य-समर्थित प्रभावी साधन के तौर पर योग की क्षमता प्रदर्शित हो रही है।

संस्थागत स्तर पर एमडीएनआईवाई योग की वैज्ञानिक आधारशिला को मजबूती प्रदान करना जारी रखे हुए है। शरीर क्रिया विज्ञान, जैव रसायन, बायोमैकेनिक्स और मनोविज्ञान की अनुसंधान प्रयोगशालाओं के माध्यम से यह संस्थान योग के मनो-शारीरिक और जैव-रासायनिक प्रभावों, उम्र बढ़ने में इसकी भूमिका तथा जीवनशैली से जुड़े विकारों पर इसके प्रभाव का अध्ययन करता है। यह कार्य पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ जोड़ने की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है

डिजिटल प्लेटफॉर्मों ने योग की पहुंच को और अधिक बढ़ाया है, जिससे साक्ष्य-आधारित पद्धतियां सीधे लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा बन रही हैं। m-Yoga मोबाइल एप्लिकेशन और Y-Break प्रोटोकॉल जैसे प्रयास यह दिखाते हैं कि योग की प्रामाणिकता और चिकित्सकीय महत्व बनाए रखते हुए उसे बड़े स्तर पर पहुंचाया जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से विकसित किए गए m-Yoga प्लेटफॉर्म पर 1.1 लाख से अधिक डाउनलोड दर्ज किए जा चुके हैं, जो सुलभ डिजिटल वेलनेस टूल्स में बढ़ती रुचि को दर्शाता है। वहीं कार्यस्थल योग कार्यक्रम Y-Break -जो काम के दौरान 5-10 मिनट का सरल योग ब्रेक है, से अब तक 33 लाख से अधिक सरकारी अधिकारियों को लाभ मिल चुका है।



इन पहलों से प्राप्त अनुसंधान निष्कर्ष और सहभागिता विश्लेषण अत्यंत उत्साहजनक हैं। Y Break अभ्यास से कुछ ही सप्ताहों में अनुभूत तनाव में लगभग 40 प्रतिशत तक कमी देखी गई है। अध्ययनों से यह भी पता चलता है कि इससे मानसिक सतर्कता, भावनात्मक दृढ़ता और निर्णय-क्षमता में सुधार होता है।

इसके साथ-साथ कॉर्टिसोल स्तर जैसे शारीरिक संकेतकों में भी सकारात्मक परिवर्तन पाए गए हैं। शारीरिक लाभों में गर्दन, कंधे और कमर के दर्द में कमी, श्वास अभ्यास से सांस लेने की क्षमता में सुधार और संपूर्ण जीवन शक्ति में वृद्धि शामिल हैं-ये परिणाम विशेषकर आज के निष्क्रिय, स्क्रीन-आधारित कार्यस्थलों में प्रासंगिक हैं। Y-Break अभ्यास ने अनुपस्थिति में कमी लाने, कर्मचारियों के मनोबल में सुधार लाने और कार्य जीवन में स्वस्थ संतुलन कायम करने में भी योगदान दिया है, जो व्यक्तिगत और संगठनात्मक कल्याण दोनों को मजबूत बनाने की योग की क्षमता को दर्शाता है। एमडीएनआईवाई और केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा सम्मेलन-2026 के दौरान भी वैज्ञानिक प्रमाण के महत्व पर जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने यह रेखांकित किया कि सुदृढ़ अनुसंधान, अंतरविषयक सहयोग, और प्रभावी डिजिटल सहभागिता आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में योग को एकीकृत करने और स्पष्ट स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य हैं।

ये घटनाक्रम योग के प्रति वैश्विक दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाते हैं। अब इसे केवल व्यक्तिगत कल्याण के अभ्यास के रूप में नहीं देखा जाता, बल्कि यह जन-स्वास्थ्य, कौशल विकास और वेलनेस आधारित रोजगार के अवसरों के एक मार्ग के रूप में उभर रहा है।

योग की प्राचीन भारतीय परंपरा आज विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ जुड़कर वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान बना रही है। 13 मार्च, 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 100-दिवसीय काउंटडाउन की शुरुआत का प्रतीक है। यह समय हमें याद दिलाता है कि योग कैसे एक प्राचीन साधना से विकसित होकर आज वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित स्वास्थ्य पद्धति बन गया है। ये सौ दिन हमें प्रेरित करते हैं कि हम योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें और परिवार व समाज को भी इससे जोड़ें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# पंचायत चुनाव और राजनीतिक विवाद: क्या प्रभावित हो रही है लोकतंत्र की जड़ें?



साहिल शर्मा
गांव बाहल अर्जुन (चकमोह)
मो. 8544705033

भारत के लोकतांत्रिक ढांचे में पंचायत व्यवस्था को लोकतंत्र की सबसे मजबूत और बुनियादी इकाई माना जाता है। गांवों की सरकार कही जाने वाली पंचायतें न केवल स्थानीय विकास की दिशा तय करती हैं, बल्कि आम लोगों को सीधे शासन व्यवस्था में भागीदारी का अवसर भी देती हैं।

लोकतंत्र का असली अर्थ तभी पूरा होता है जब निर्णय लेने की प्रक्रिया गांव तक पहुंचे और आम नागरिक भी उसमें अपनी भूमिका निभा सके।

इसी सोच के साथ पंचायत व्यवस्था को मजबूत बनाने का प्रयास किया गया था, लेकिन जब पंचायत चुनाव ही राजनीतिक विवादों और आरोप-प्रत्यारोप का केंद्र बनने लगें, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक हो जाता है कि क्या लोकतंत्र की यह बुनियादी व्यवस्था अपनी मूल भावना से भटक रही है। हाल के समय में हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनावों को लेकर जिस प्रकार की राजनीतिक चर्चा और विवाद सामने आए हैं, उन्होंने इस विषय को और भी गंभीर बना दिया है। पंचायत चुनावों का महत्व इसलिए भी अधिक होता है, क्योंकि इन चुनावों के माध्यम से गांव का सामान्य नागरिक सीधे शासन व्यवस्था से जुड़ता है। पंचायत प्रतिनिधि गांव के विकास कार्यों, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और स्थानीय समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सड़क, पानी, स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं का बड़ा हिस्सा पंचायतों के माध्यम से ही लोगों तक पहुंचता है। इसलिए पंचायत चुनाव केवल राजनीतिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन की दिशा तय करने वाली व्यवस्था भी हैं।

जब पंचायतें मजबूत होती हैं तो गांवों का विकास भी तेजी से आगे बढ़ता है और लोगों को अपने ही क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं मिलती हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह देखा गया है कि पंचायत चुनावों में भी राजनीति का प्रभाव पहले की तुलना में अधिक बढ़ गया है। भले ही पंचायत चुनाव किसी राजनीतिक दल के चिन्ह पर नहीं लड़े जाते, लेकिन जमीन पर कई बार राजनीतिक दलों का अप्रत्यक्ष प्रभाव देखने को मिलता है। उम्मीदवारों के चयन से लेकर चुनावी रणनीति तक कई बार राजनीतिक समीकरण काम करते हैं। इससे पंचायत चुनावों की वह मूल भावना कमजोर पड़ती दिखाई देती है जिसमें स्थानीय नेतृत्व और गांव के विकास को सबसे ऊपर माना जाता था। हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य में पंचायतों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कई गांव दूर-दराज क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां सरकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने में पंचायत प्रतिनिधियों की सर्, य भागीदारी आवश्यक होती है।




पंचायतें गांव और प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी का काम करती हैं। यदि पंचायतें मजबूत और सर्, य हों तो विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकता है। पंचायत चुनावों में कभी-कभी आरक्षण व्यवस्था, चुनाव प्रक्रिया या राजनीतिक मतभेदों को लेकर विवाद सामने आते हैं, जिससे चुनाव में देरी हो जाती है। इसका असर केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि ग्रामीण विकास की गति भी प्रभावित होती है, क्योंकि गांवों में कई योजनाएं पंचायतों के माध्यम से ही लागू होती हैं।

आज के समय में युवाओं की भागीदारी भी बेहद जरूरी है। शिक्षित और जागरूक युवा पंचायतों में नई सोच, तकनीकी समझ और पारदर्शिता ला सकते हैं। इसी तरह महिलाओं की बढ़ती भागीदारी भी लोकतंत्र के लिए सकारात्मक संकेत है, लेकिन उन्हें वास्तविक निर्णय लेने का अवसर मिलना भी जरूरी है।

अंततः पंचायतें लोकतंत्र की जड़ें हैं। यदि पंचायत चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी और जनभागीदारी पर आधारित हों, तो ग्रामीण विकास और लोकतांत्रिक व्यवस्था दोनों मजबूत बन सकते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# मनुष्य जन्म : सृष्टि की सबसे दुर्लभ देन और परमात्मा से मिलाप का अनमोल अवसर



डॉ. पीसी कौंडल
गांव ददोह, जिला मंडी

इस संसार में जितने भी संत-महात्मा, ऋषि-मुनि और धर्मगुरु हुए हैं, सभी ने मनुष्य जीवन को अत्यंत दुर्लभ और अनमोल बताया है। लगभग सभी धर्मग्रंथों में मनुष्य देह की महिमा का विशेष वर्णन मिलता है। इसका कारण यह है कि मनुष्य ही ऐसा प्राणी है जिसे सोचने-समझने, विवेक करने और आध्यात्मिक उन्नति करने की क्षमता प्राप्त है।

इसी देह के भीतर उस सर्वशक्तिमान, सर्वव्यापक और सर्वज्ञ परमात्मा का निवास बताया गया है जिसने समस्त सृष्टि की रचना की है। इसलिए ऋषियों और मुनियों ने मनुष्य शरीर को 'नर-नारायणी देह' कहा है। उनका मानना था कि जो व्यक्ति परमात्मा से मिलाप करना चाहता है, वह उसी से मनुष्य शरीर के भीतर ही मिल सकता है। धार्मिक परंपराओं में यह भी कहा गया है कि देवता भी मनुष्य देह प्राप्त करने के लिए तरसते हैं, क्योंकि प्रभु से साक्षात्कार का अवसर इसी शरीर में मिलता है। कहा गया है-'इस देह को सिमरे देव, सो देह भज हर की सेव।'

अर्थात देवता भी इस देह की महिमा का स्मरण करते हैं और यह शरीर प्रभु भक्ति का सर्वोत्तम साधन है। वास्तव में मनुष्य देह का मूल उद्देश्य केवल सांसारिक सुख-सुविधाओं का उपभोग करना नहीं, बल्कि आत्मज्ञान प्राप्त कर परमात्मा की अनुभूति करना है।

रामचरितमानस के उत्तरकांड में पक्षीराज गरुड़ महात्मा काकभुशुंडी से प्रश्न करते हैं-'प्रथम कहो नाथ मति धीरा, सबसे दुर्लभ कवन शरीरा?' अर्थात हे महात्मा! कृपा करके यह बताइए कि इस संसार में सबसे दुर्लभ शरीर कौन-सा है? इसका उत्तर देते हुए महात्मा काकभुशुंडी कहते हैं-'नर तन सम नहीं कवन देह, जीव चराचर जाचत तेहि।' अर्थात मनुष्य शरीर से बढ़कर कोई दूसरी देह नहीं है, क्योंकि सभी चर-अचर जीव इसी देह को प्राप्त करने की इच्छा करते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि मनुष्य जीवन वास्तव में अत्यंत मूल्यवान और दुर्लभ है।




सूफी संतों ने भी मनुष्य को 'सृष्टि का सिरताज' कहा है, अर्थात सृष्टि की सर्वोच्च और श्रेष्ठ रचना। इसी प्रकार ईसा मसीह ने मनुष्य शरीर को 'टेंपल ऑफ लिविंग गॉड' यानी जीवित परमात्मा का मंदिर कहा है। इन सभी विचारों का सार यही है कि मनुष्य शरीर केवल भौतिक जीवन जीने के लिए नहीं, बल्कि आध्यात्मिक उन्नति और परमात्मा की प्राप्ति के लिए मिला है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में लिखा है-'बड़े भाग मनुष्य तन पावा, सुर दुर्लभ सब ग्रंथन गावा।' अर्थात मनुष्य शरीर बड़े भाग्य से प्राप्त होता है और यह देवताओं के लिए भी दुर्लभ है। तुलसीदास जी आगे कहते हैं-'देह धरे कर यह फल भाई, भजे राम सब काम बिहाई।' अर्थात इस शरीर को धारण करने का वास्तविक फल यही है कि मनुष्य सांसारिक मोह-माया और वासनाओं से ऊपर उठकर प्रभु भक्ति करे। आदि ग्रंथ साहिब में पंचम गुरु श्री गुरु अर्जुन देव जी का कथन है-'भई प्राप्त मानुख देहूरिया, गोविंद मिलन की यह तेरी बरिया।' अर्थात यह मनुष्य देह परमात्मा से मिलने का सर्वोत्तम अवसर है। इसलिए मनुष्य को चाहिए कि वह संत-संगत में रहकर प्रभु नाम का स्मरण करे और अपने जीवन को सार्थक बनाए। संत गुरु रविदास जी ने भी कहा है-'दुर्लभ जन्म पुन फल पायो, व्यर्थ जात अविवेका।' अर्थात यह दुर्लभ मनुष्य जन्म अनेक पुण्य कर्मों के फलस्वरूप प्राप्त होता है, लेकिन यदि इसे विवेक और भक्ति के बिना व्यर्थ कर दिया जाए तो इसका कोई लाभ नहीं रहता। इसी प्रकार संत दादू दयाल जी कहते हैं-'ऐसा जन्म अमोलक भाई, जा में आए मिले राम राय।' अर्थात यह जन्म इतना अनमोल है कि इसमें आकर मनुष्य परमात्मा से मिल सकता है। इसलिए इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए।

इन सभी संतों और महापुरुषों की शिक्षाओं से स्पष्ट होता है कि मनुष्य जीवन केवल भोग-विलास और सांसारिक सुखों के लिए नहीं है। इसका वास्तविक उद्देश्य आत्मज्ञान प्राप्त करना, प्रभु का स्मरण करना और अपने जीवन को सेवा, भक्ति और सद्कर्मों के माध्यम से सार्थक बनाना है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# राष्ट्रीय नेक इंसान दिवस: मानवता, करुणा और सेवा की भावना को बढ़ावा देने का संकल्प



केशव शर्मा रसिक
स्वतंत्र लेखक, गांव कोटला घुमारवीं, मो. 9417379327

हर वर्ष 13 मार्च को 'राष्ट्रीय नेक इंसान दिवस' मनाया जाता है। यह दिन मानवता, करुणा, सहानुभूति और समाजसेवा की भावना को सम्मान देने के उद्देश्य से समर्पित है। इस दिवस का मुख्य संदेश यह है कि समाज को बेहतर बनाने के लिए केवल बड़े और असाधारण कार्यों की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि छोटे-छोटे अच्छे कार्य भी बड़े परिवर्तन की नींव बन सकते हैं।

एक सच्चा नेक इंसान वही होता है जो अपने व्यवहार, विचार और कार्यों से दूसरों के जीवन में खुशी और आशा का संचार करता है। आज का समय तेज प्रतिस्पर्धा, भागदौड़ और स्वार्थ से भरा हुआ दिखाई देता है। लोग अपने लक्ष्यों और सफलता की दौड़ में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि कई बार मानवता और संवेदनशीलता पीछे छूट जाती है। ऐसे दौर में राष्ट्रीय नेक इंसान दिवस हमें यह याद दिलाता है कि जीवन का वास्तविक अर्थ केवल व्यक्तिगत सफलता में नहीं, बल्कि दूसरों की भलाई और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने में भी है। जब हम किसी जरूरतमंद की मदद करते हैं या किसी दुखी व्यक्ति को सहारा देते हैं, तो हम केवल एक व्यक्ति की सहायता नहीं करते, बल्कि पूरे समाज में सकारात्मकता का संदेश फैलाते हैं। एक नेक इंसान बनने के लिए किसी विशेष पद, धन या शक्ति की आवश्यकता नहीं होती। इसके लिए केवल सच्चे मन, दया और सहयोग की भावना की जरूरत होती है। किसी भूखे को भोजन कराना, गरीब बच्चों की पढ़ाई में मदद करना, बुजुर्गों का सम्मान करना, बीमारों की सेवा करना, पर्यावरण की रक्षा करना और समाज में प्रेम तथा भाईचारे का संदेश फैलाना-ये सभी कार्य एक नेक इंसान की पहचान होते हैं। ऐसे छोटे-छोटे कार्य समाज में विश्वास और मानवीय मूल्यों को मजबूत बनाते हैं।

हमारे समाज में कई ऐसे लोग होते हैं जो बिना किसी प्रसिद्धि या प्रशंसा की इच्छा के चुपचाप सेवा कार्य करते रहते हैं। वे गरीबों की सहायता करते हैं, अनाथ बच्चों को शिक्षा दिलाने में सहयोग करते हैं, अस्पतालों में बीमारों की सेवा करते हैं और जरूरतमंदों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराते हैं। ये लोग समाज के सच्चे नायक होते हैं, क्योंकि उनके कार्यों में निस्वार्थ सेवा और मानवता की सच्ची भावना दिखाई देती है। उनके प्रयासों से समाज में आशा, विश्वास और सहयोग का वातावरण बनता है। विशेषज्ञों और सामाजिक चिंतकों का भी मानना है कि यदि हर व्यक्ति अपने जीवन में ईमानदारी, दया, सहयोग, सहिष्णुता और संवेदनशीलता जैसे गुणों को अपनाए, तो समाज की अनेक समस्याएं अपने-आप कम हो सकती हैं। समाज में बढ़ती नफरत, असमानता और तनाव को कम करने का सबसे सरल तरीका यही है कि लोग एक-दूसरे के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना रखें। जब हम दूसरों के दुख को समझते हैं और मदद के लिए आगे आते हैं, तब समाज अधिक मानवीय और मजबूत बनता है। बच्चों और युवाओं को भी बचपन से ही अच्छे संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी का पाठ सिखाना बहुत जरूरी है। परिवार, विद्यालय और समाज मिलकर यदि नई पीढ़ी को मानवता, दया और सेवा की भावना का महत्व समझाएं, तो वे भविष्य में जिम्मेदार नागरिक और अच्छे इंसान बन सकते हैं। शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि अच्छे चरित्र और नैतिक मूल्यों के निर्माण का भी आधार है।



राष्ट्रीय नेक इंसान दिवस हमें यह प्रेरणा देता है कि हम अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे अच्छे कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। यदि हर व्यक्ति यह संकल्प ले कि वह किसी न किसी जरूरतमंद की सहायता करेगा और अपने व्यवहार में प्रेम तथा सम्मान बनाए रखेगा, तो दुनिया अधिक सुंदर, शांतिपूर्ण और मानवीय बन सकती है। यह दिवस संदेश देता है कि मानवता सबसे बड़ा धर्म है। इसलिए हमें अपने जीवन में प्रेम, सहयोग और करुणा की भावना को अपनाकर संवेदनशील समाज निर्माण में योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### पेंशनर्स फोरम की बैठक में वेतन और डीए पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम की बैठक वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेम सिंह मंडयाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संगठन सचिव यूएस कटवाल ने बैठक का संचालन किया। बैठक में वक्ताओं ने पेंशनरों और कर्मचारियों के प्रति सरकार और बिजली बोर्ड के उदासीन रवैये पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि एक जनवरी 2026 से नए वेतन आयोग की उम्मीद के बावजूद बकाया भुगतान और डीए (4% के बजाय 3%) अभी तक नहीं मिला है। वक्ताओं ने बोर्ड में कर्मचारियों की घटती संख्या और बढ़ते घाटे पर भी चिंता व्यक्त की। बैठक में 103 सदस्य शामिल हुए, जिनमें 88 वर्षीय प्रीतम चंद नायक की उपस्थिति प्रेरणास्रोत रही। सभी ने संगठन की एकता बनाए रखने का आह्वान किया।

### कनिष्क-सिद्धिमा ने पास की एनएमएमएस छात्रवृत्ति परीक्षा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल शिक्षा खंड द्रंग-1 की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिंहु के छात्र कनिष्क ठाकुर (97 अंक) और सिद्धिमा (90 अंक) ने राज्य स्तरीय एनएमएमएस छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण की है। एससीईआरटी सोलन द्वारा आयोजित परीक्षा में सफल इन छात्रों को आगामी चार वर्षों के लिए कुल 48,000 रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी। कार्यवाहक प्रधानाचार्य सतीश कुमार ने छात्रों, उनके माता-पिता और विद्यालय स्टाफ को बधाई दी। गौरतलब है कि इसी शैक्षणिक सत्र में नवमी कक्षा के छात्र अमन फैशन ने राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेकर उपमंडल का नाम रोशन किया।

### कथक कला से चमका बल्ह का राजेश कुमार

**अनंत ज्ञान, भीम बसेडू राजपूत।** महादेव। बल्ह क्षेत्र के युवा कलाकार राजेश कुमार अपनी कथक कला के माध्यम से हिमाचल की सांस्कृतिक पहचान को नई पहचान दिला रहे हैं। उन्होंने पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला से एमए कथक किया है और हिमाचल के पहले स्नातकोत्तर कथक गुरु दिनेश गुप्ता के शिष्य हैं। वह मांडव्य कला मंच मंडी के सक्रिय कलाकार भी हैं। राजेश ने राज्य स्तरीय नलवाड़ मेला बिलासपुर|2025 की शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा वह अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि



महोत्सव मंडी के मुख्य मंच पर आठ वर्षों से लगातार प्रस्तुति दे रहे हैं। वर्ष 2019 में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के राज्य स्तरीय युवा महोत्सव हमीरपुर में उन्होंने तृतीय स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने नेशनल विंटर कार्निवल मनाली, अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेला हरियाणा, बनारस और अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले जैसे मंचों पर भी प्रस्तुति दी है। राजेश ने युवाओं से नशे से दूर रहकर कला, संस्कृति और खेलों से जुड़ने तथा हिमाचल को 'नशा मुक्त और कला युक्त' बनाने का आह्वान किया।

### पत्रकार ने मोहाली पुलिस पर लगाया अभद्र व्यवहार का आरोप

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पत्रकार हरीश वर्मा ने मोहाली पुलिस पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया है। हरीश अपने बेटे को चंडीगढ़ के निजी अस्पताल में भर्ती करवाने के बाद हिमाचल प्रदेश नंबर की गाड़ी (एचपी-28-8085) से खरड़ लौट रहे थे। हरीश के अनुसार, देर रात पुलिस ने उनकी गाड़ी रोककर प्रदूषण के लिए 5000 रुपए का चालान काटा। इसके बाद पुलिस कर्मियों ने उन्हें कॉलर पकड़कर फेज-6 मोहाली थाने ले जाकर सिविल अस्पताल के पास पुलिस चौकी में कैदियों के साथ करीब दो घंटे तक रखा और हिमाचल के लोगों के बारे में अभद्र टिप्पणियां की गईं। हरीश ने कहा कि उन्होंने अपना परिचय पत्रकार के रूप में दिया और बेटे की तबीयत खराब होने की जानकारी दी, लेकिन पुलिस ने नहीं सुनी। उन्होंने बताया कि जल्द ही वह मोहाली एसपी को लिखित शिकायत देंगे और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

### मां दक्षिणाकाली अपने नए रथ में सवार

**अनंत ज्ञान, सुनील शर्मा, गोहर।** गोहर क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां श्री दक्षिणाकाली न्योरी में नए मोहरों और वाद्य यंत्रों की प्रतिष्ठा का भव्य समारोह वीरवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के कई देवी-देवता विशेष रूप से विराजमान रहे, जिनमें



एक साथ बैठे देवी देवता व देवलू। अनंत ज्ञान

देव बाला कमेश्वर बनयूरी, देव भंगरोही, माता चतुर्भुजा और माता त्रिपुर भैरवी प्रमुख रहे। जानकारी के अनुसार 8 मार्च को देव भंगरोही, माता चतुर्भुजा और माता त्रिपुर भैरवी के विराजमान होने के साथ ही प्रतिष्ठा कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। पूरे आयोजन के दौरान पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज और भक्तों की जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। मां दक्षिणाकाली के पुजारी मनोज सारस्वत ने बताया कि माता के नए रथ को सजाने, नए मोहरों और वाद्य यंत्रों के निर्माण व प्रतिष्ठा पर करीब 30 लाख रुपए से अधिक खर्च किए गए हैं। यह राशि माता के हारियों, गांववासियों और श्रद्धालुओं के सहयोग से एकत्रित की गई। समारोह में हजारों श्रद्धालुओं ने माता और अन्य देवी-देवताओं के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वीरवार को विशाल भंडारे का आयोजन भी हुआ।

### पल्लवी ने एनएमएमएस छात्रवृत्ति में पाया स्थान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट की आठवीं कक्षा की छात्रा पल्लवी कौंडल ने हिमाचल के मेधावियों के बीच में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। पल्लवी ने नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप में चयनित होकर अपने स्कूल तथा अध्यापकों का नाम रोशन किया है। इस मौके पर प्रधानाचार्य अनीता आजाद एवं अध्यापकों ने पल्लवी को बधाइयां दीं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नलसर मेले की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**अनंत ज्ञान, विनोद जसवाल, नेरचौक।** नलसर के ऐतिहासिक ग्रामीण मेले को रोचक और परंपरागत बनाए रखने के लिए वीरवार को ग्राम पंचायत नलसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सचिव लता ठाकुर ने की। इसमें व्यापार मंडल, महिला मंडलों और पंचायत के बुद्धिजीवी शामिल हुए और मेले को बेहतर बनाने पर चर्चा की। निर्णय लिया गया कि मेले में शामिल देवताओं के सम्मान में शोभा यात्रा निकाली जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नलसर के स्कूलों के बच्चे और महिला मंडलों की महिलाएं प्रतिभा पेश करेंगी। प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह और उपहार दिए जाएंगे। मेला संचालन के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया। व्यापार मंडल के प्रधान हरीश कुमार ने सभी व्यापारियों और ग्रामीणों से सहयोग की अपील की।

# शिक्षा विभाग करेगा प्रदेश के सभी कॉलेजों की रैंकिंग : रोहित ठाकुर

## शिक्षा मंत्री ने वल्लभ डिग्री कॉलेज में नवाजे मेधावी विद्यार्थी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** प्रदेश के सबसे पुराने राजकीय वल्लभ महाविद्यालय मंडी में 75वें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने की। उन्होंने शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया।



समारोह में मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए आयोजक। अनंत ज्ञान

रोहित ने कहा कि वर्तमान में केवल 34 कॉलेज राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के अंतर्गत आते हैं, जबकि शिक्षा विभाग अब सभी 134 कॉलेजों को रैंकिंग में शामिल करने की योजना बना रहा है। उन्होंने वल्लभ महाविद्यालय के शिक्षा क्षेत्र में योगदान की सराहना की और बताया कि निर्माणाधीन नए भवन के लिए 46.17 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है, जिसमें अब तक 18.50 करोड़ रुपए स्वीकृत हो चुके हैं।

विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर ने शिक्षा क्षेत्र में प्रगति की तारीफ की। स्थानीय विधायक एवं पूर्व मंत्री अनिल शर्मा ने नए भवन के लिए स्वीकृत राशि पर मुख्यमंत्री व सरकार का आभार व्यक्त किया। प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। समारोह में कई पूर्व मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहे।

### मंडी में जनगणना-2027 प्रशिक्षण का दूसरा बैच शुरू

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, मंडी।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण और मकानों की गणना की तैयारियों के तहत मंडी के डीआरडीए सभागार में तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे बैच का शुभारंभ मंडलायुक्त आरके पृथी ने किया। इस अवसर पर उपायुक्त एवं जिला जनगणना अधिकारी अपूर्व देवगन, एडीएम डॉ. मदन कुमार और जिला राजस्व अधिकारी हरीश शर्मा भी मौजूद रहे।

मंडलायुक्त ने अधिकारियों और कर्मचारियों से प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और इसकी बारीकियों को समझने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हाउस लिस्टिंग डेटा अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसकी गुणवत्ता जितनी बेहतर होगी, भविष्य की योजना निर्माण प्रक्रिया उतनी ही प्रभावी होगी। उन्होंने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करने पर भी जोर दिया।

उपायुक्त ने कहा कि अधिकांश अधिकारी पहली बार जनगणना कार्य में भाग ले रहे हैं, इसलिए प्रशिक्षण के दौरान सभी पहलुओं को ध्यानपूर्वक समझना जरूरी है। उन्होंने लोगों से जनगणना में सहयोग देने और प्रगणकों को सही जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की।

# भरनाल के नाला गहरा में दो मंजिला मकान जलकर राख



जलकर राख हुआ घर।

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत भरनाल के वार्ड नाला गहरा में गुरुवार सुबह करीब 9 बजे एक दो मंजिला मकान में अचानक आग लगने से घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। यह मकान सुभाष पुत्र कर्म सिंह का बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार आग लगने के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। सुभाष अपने रोजमर्रा के काम के लिए बाहर गए हुए थे, जबकि उनकी पत्नी गऊशाला में गई हुई थी। इसी दौरान आसपास के लोगों ने घर से धुआं उठता हुआ देखा। लोगों ने तुरंत शोर मचाकर अन्य ग्रामीणों को बुलाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। स्थानीय लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए घर के अंदर रखा गैस सिलेंडर भी तुरंत बाहर निकाल दिया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। हालांकि आग इतनी तेजी से फैली कि घर के अंदर रखा सारा सामान व छत जलकर राख हो गया।

पीड़ित सुभाष के अनुसार इस आगजनी में करीब दो रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है। इस बारे में पटवारी भरनाल निशांत भाटिया से बात करने पर उन्होंने बताया कि मौके पर जा कर रिपोर्ट तैयार कर दी है व उच्च अधिकारियों को दे दी गई है नियमानुसार पीड़ित परिवार को राहत राशि दी जाएगी।

# पेंशनर्स की लंबित देनदारियों का शीघ्र भुगतान करने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान





पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य।

**विजय, नेरचौक।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बल्ह इकाई की कार्यकारिणी बैठक गुरुवार को भंगरोटू में प्रधान कुलदीप गुलेरिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला प्रधान हरीश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक की कार्रवाई सचिव नागेंद्र कपूर ने संचालित की।

बैठक में जिला प्रधान हरीश शर्मा और खंड प्रधान कुलदीप गुलेरिया ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि एक जनवरी 2016 से 31 दिसंबर 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों की लंबित पेंशन देनदारियां शीघ्र जारी की जाएं। उन्होंने कहा कि पेंशन बकाया, ग्रेच्युटी, लीव एनकैशमेंट और कंप्यूटेशन की राशि का भुगतान जल्द किया जाना चाहिए। इसके अलावा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित चिकित्सा बिलों का भुगतान भी सरकार द्वारा किए गए वादे के अनुसार शीघ्र किया जाए। उन्होंने बताया कि पेंशनर्स की विभिन्न मांगों को लेकर निकट भविष्य में उपमंडलाधिकारी बल्ह के साथ भी बैठक की जाएगी, ताकि लंबित मामलों के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। बैठक के दौरान संगठन के नव सदस्य नरेंद्र जम्वाल को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर, हरी सिंह चंदेल, एलआर कश्यप आदि उपस्थित रहे।

### बीजे स्कूल के विलय का प्रस्ताव रद्द

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** बीजे हाई स्कूल ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में मंडी दौरे के दौरान शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मुलाकात कर बीजे स्कूल को गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंडी के साथ मर्ज करने के प्रस्ताव पर चिंता व्यक्त की थी। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री से आग्रह किया था कि लगभग 160 वर्ष पुराने इस ऐतिहासिक संस्थान की अलग पहचान और अस्तित्व को बनाए रखा जाए। एसोसिएशन के अनुसार इस मुद्दे पर शहर की नागरिक सभा तथा अन्य सामाजिक संस्थाओं ने भी समर्थन देते हुए सरकार को ज्ञापन सौंपकर दोनों स्कूलों के विलय के प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने की मांग की थी।

उस दौरान शिक्षा मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया था कि दोनों विद्यालयों का विलय नहीं किया जाएगा और उनका अलग-अलग अस्तित्व बरकरार रखा जाएगा। अब सरकार द्वारा जारी नए आदेश में इस आश्वासन को लागू करते हुए दोनों स्कूलों को मर्ज नहीं किया गया है। आदेश के अनुसार गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्ध रहेगा, जबकि गवर्नमेंट बीजे सीनियर सेकेंडरी स्कूल को सीबीएसई से संबद्ध रखा जाएगा।

# शानन पॉवर हाउस तक सड़क की टारिंग पूरी

अनंत ज्ञान



अधिकारियों से चर्चा करते धरवाल। अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** पूर्व सचिव हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमिटी तथा शानन बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष डॉ. राकेश धरवाल ने कहा कि एप्रोच रोड से शानन पॉवर हाउस तक सड़क की टायरिंग का लंबे समय से लंबित कार्य आखिरकार संघर्ष समिति की लगातार मांग और प्रयासों के बाद पूरा हो गया है।

धरवाल ने बताया कि इस कार्य को पूरा करवाने में शानन पॉवर हाउस के डिप्टी चीफ इंजीनियर का विशेष सहयोग रहा है। उन्होंने कहा कि डिप्टी चीफ इंजीनियर ने तीन दिन के भीतर उनकी मांगों को स्वीकार करते हुए सड़क की टायरिंग का कार्य पूरा करवाया, जिसके लिए वे उनके आभारी हैं। इसके साथ ही उन्होंने इस कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए ठेकेदार अशोक शर्मा उर्फ गग्गू का भी उत्कृष्ट कार्य के लिए विशेष धन्यवाद व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि सड़क को सुरक्षित और टिकाऊ बनाने के लिए जल्द ही नालियों का निर्माण किया जाना बेहद आवश्यक है, ताकि बरसात के दौरान पानी के सड़क पर बहने से होने वाले नुकसान को रोका जा सके। इसके अलावा एप्रोच रोड से शानन तक रेलिंग लगाना भी जरूरी है, क्योंकि रेलिंग न होने के कारण इस मार्ग पर पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस सड़क के अलावा लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आने वाली कई अन्य सड़कें भी बेहद खराब स्थिति में हैं, लेकिन स्थानीय विभाग इस ओर पूरी तरह से उदासीन नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय पीडब्ल्यूडी एक्सईएन जेपी नायक हैं, लेकिन अभी तक उन्होंने अपने पद के अनुरूप कोई ठोस कार्य नहीं किया है।

जोगिंद्रनगर तहसील में नई पंचायतों के गठन के मुद्दे पर बोलते हुए धरवाल ने कहा कि पंचायतों का गठन भौगोलिक क्षेत्र और जनसंख्या के आधार पर किया जाता है। आज भी कई पंचायतें इतनी बड़ी हैं कि लोगों को पंचायत संबंधी कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इसके अलावा डुब्बल और नोहली पंचायतें भी काफी बड़ी हैं, जिन्हें प्रशासनिक सुविधा के लिए छोटी पंचायतों में विभाजित किया जाना चाहिए।

# स्पार्टन-11 ने जीता सड़क सुरक्षा कप का खिताब

अनंत ज्ञान



विजेता टीम सामूहिक चित्र में। अनंत ज्ञान

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल जोगिंद्रनगर के चौंतड़ा खेल मैदान में आयोजित सड़क सुरक्षा कप 2026 का समापन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि जोगिंद्रनगर विकास मंच के संस्थापक केके सकलानी ने शिरकत की और प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। सकलानी ने कहा कि आज के समय में नशा समाज के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय बनता जा रहा है, इसलिए युवाओं को इस बुराई से दूर रहना चाहिए।

कार्यक्रम के आयोजक मुनीष बरकवाल और संदीप राठौर ने बताया कि प्रतियोगिता में कई टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबले में स्पार्टन-11 टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को 61,000 रुपए और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं, रनरअप 35 प्लस टीम को 41,000 रुपए की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त कमांडेंट जेपी राणा, ज्योति राणा बरकवाल, कैप्टन भानु प्रताप, पूर्व जिला परिषद सदस्य संजीव शर्मा, इंदुबाला, पवन कुमार, ओंकार सिंह, पूर्व प्रधान रेवत राम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की और भविष्य में भी इस तरह के खेल आयोजनों को जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

### जोगिंद्रनगर में घर से अवैध शराब की 120 बोतलें बरामद

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पुलिस चौकी घट्टा की टीम ने गश्त के दौरान कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की बड़ी खेप बरामद की है। गुप्त सूचना के आधार पर एक व्यक्ति के घर पर तलाशी लेने पर 120 बोतलें शराब बरामद की गईं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी घट्टा की टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि गांव भटेहर, जिला मंडी निवासी कृष्ण कुमार पुत्र शेर सिंह ने अपने घर में अवैध रूप से शराब रखी हुई है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के घर से 120 बोतलें ऊना नंबर-1 शराब बरामद हुईं। पुलिस ने शराब को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है तथा यह पता लगाया जा रहा है कि उक्त शराब कहां से लाई गई थी और इसे कहां ले जाया जाना था।

# मनरेगा बचाने और स्मार्ट मीटरों के खिलाफ 14 मार्च को भराड़ी में जन आक्रोश रैली

अनंत ज्ञान



लोगों को जागरूक करते हुए। अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), हिमाचल किसान सभा और मनरेगा मजदूर यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में 14 मार्च को भराड़ी में जन आक्रोश रैली आयोजित की जाएगी। रैली को पूर्व विधायक कॉमरेड राकेश सिंघा के अलावा पार्टी के केंद्रीय सचिव मंडल सदस्य डॉ. विक्रम सिंह, राज्य सचिव संजय चौहान और माकपा नेता भूपेंद्र सिंह संबोधित करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी लोगों को विभिन्न मुद्दों के प्रति जागरूक किया जाएगा। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि रैली की तैयारियों के तहत गरली, घरवासड़ा, अंसवाई, भड्डू, चस्वाल, पिपली, करनोहल और बीड़ सहित कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए बिजली विधेयक को लागू करने के लिए लगाए जा रहे स्मार्ट बिजली मीटरों का विरोध करने के लिए उपभोक्ताओं को एकजुट किया जा रहा है। साथ ही मनरेगा कानून को कमजोर करने के प्रयासों का भी विरोध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनसंपर्क अभियान का पहला चरण 14 मार्च को भराड़ी में आयोजित जनसभा तक चलेगा। दूसरा चरण 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली तक जारी रहेगा, जिसमें धर्मपुर क्षेत्र से भी मजदूर, किसान और पार्टी कार्यकर्ता भाग लेंगे। रैली में मनरेगा और राजस्व अनुदान की बहाली, बिजली विधेयक, चार श्रम संहिताओं, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और बीज विधेयक को रद्द करने की मांग उठाई जाएगी। इसके अलावा अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी।

# दूध उत्पादन व पशुपालन को लेकर किसानों को दिया प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान



जानकारी देते हुए। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिला मंडी के चक्कर व कुन्नु में बीते दो दिनों के दौरान हिमाचल प्रदेश दूध उत्पादक सहकारी प्रसंघ के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर के निर्देशानुसार व मार्गदर्शन में जिला मंडी के चक्कर व भरवान (कुन्नु) में दूध उत्पादकों को दूध उत्पादन व पशुपालन का प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान मझवार, चक्कर, सिद्धयानी, भरवाहन क्षेत्र की दुध उत्पादक सहकारी समितियों से जुड़े किसानों को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड से आए अधिकारी डॉ. सत्यपाल कुरहे (प्रधानाचार्य क्षेत्रीय प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण केंद्र जालंधर) व डॉ. दामिनी आर्य वैज्ञानिक (एनडीडीबी) ने स्वच्छ दुध उत्पादन, पशुपालन, पशु की देखभाल, रखरखाव, संतुलित आहार, दुधारु पशुओं की नस्ल व नस्ल में सुधार तथा बीमारियों से पशुओं के बचाव के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश दूध उत्पादक सहकारी प्रसंघ द्वारा सरकार की ओर से बढ़ाए गए दूध के दाम प्रत्येक किसान तक पहुंचाने के लिए गुणवत्ता आधारित दूध खरीद व्यवस्था को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। इस दौरान एचपी मिल्क फेड मंडी इकाई के पी एंड आई इंचार्ज लाभ सिंह ठाकुर, दुध अभिशीतन केंद्र कुन्नु के इंचार्ज हितेश शर्मा, चंदन शर्मा इंचार्ज सिद्धयानी तथा भादर सिंह इंचार्ज मझवार भी उपस्थित रहे।

**दिक्कत** सुबह 5 :30 बजे सेवा शुरू करने का आग्रह, मरीजों को मिलेगी बड़ी राहत

# टिहरा से एम्स बिलासपुर तक जल्द बस चलाने उठी मांग

अनंत ज्ञान





**रितेश चौहान, सरकाघाट।** धाड़ता क्षेत्र से संबंध रखने वाले सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व प्रत्याशी सरकाघाट विस रमेश चंद भारद्वाज ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से पुन: अनुरोध किया है कि वह संधोल/टिहरा से सुबह 5.30 बजे एम्स बिलासपुर के लिए सीधी बस सेवा तुरंत चालू करे, जिससे इस क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए, बिना देरी और बिना झंझट के, एम्स, बिलासपुर पहुंचने और उसी दिन शाम को अपने घर वापस पहुंचने में कोई देरी न हो।

उन्होंने बताया कि संधोल से लेकर सरकाघाट तक तकरीबन सभी हस्पतालों में पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं, जिसकी वजह से जनता, दिव्यांगों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल रही हैं और लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। सीधी बस सुविधा न होने की वजह से लोगों को निजी गाड़ियों या टैक्सी का सहारा लेकर हॉस्पिटल पहुंचना पड़ता है, जिससे जहां जनता की जेब भी ढीली होती है, वहीं एचआरटीसी को भी राजस्व घाटा हो रहा है। उन्होंने गैर-राजनैतिक तौर से जनता हित में धर्मपुर के स्थानीय विधायक चंद्र शेखर तथा सरकाघाट के विधायक दलीप सिंह ठाकुर से इस वास्तविक और प्रमुख मांग को जोर-शोर से विधानसभा में उठाने का आग्रह किया हैं।

अनंत ज्ञान मुद्दा

कई क्षेत्रीय पूर्व प्रधानों, महिला मंडलों तथा प्रसिद्ध सामाजिक संस्थाओं में एक्स सर्विसमैन लीग, टिहरा के चेयरमैन कैप्टन रमेश तपवाल व सरकाघाट के सचिव बलदेव राज, कोर ऑफ सिग्नल यूनिट सरकाघाट के चेयरमैन नायब सूबेदार अमृत लाल, जन कल्याण समिति, कांगो का गहरा के प्रधान बक्शी राम गुलेरिया, हिमाचल पेंशनर्स फैडरेशन के मंडी जिला के महासचिव दलीप ठाकुर व गोपालपुर खंड प्रधान रमेश ठाकुर, हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति के प्रदेशाध्यक्ष हरिदास प्रजापति, अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग समेत हजारों लोगों ने इस मांग का समर्थन किया और इसे अति शीघ्र अमलीजामा पहनाने का आग्रह किया हैं।

उन्होंने प्रबंध निदेशक से आग्रह किया है कि वह इस बस को जनताहित में पूरी तरह से कामयाब बनाने के लिए इसे हफ्ते में सोमवार, बुधवार और शुक्रवार वाले दिन संधोल/टिहरा से वाया अवाहदेवी, चोलथरा तथा मंगल, वीरवार व शनिवार को वाया रोसो, धनराशि, पपलोग, सरकाघाट से चलाकर, जनता खासकर दिव्यांगों को स्वास्थ्य सेवाएं दिलवाने के लिए इस परिवहन सुविधा को अमलीजामा पहनाएं।

### पधर के बाद अब जोगिंद्रनगर व चौंतड़ा में चलेगा पीला पंजा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पधर क्षेत्र में अवैध कब्जों पर कार्रवाई के बाद अब राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की टीम जोगिंद्रनगर और चौंतड़ा में भी अतिक्रमण हटाने की तैयारी में है। एनएचएआई द्वारा सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटाने के लिए जल्द ही अभियान चलाया जाएगा। एनएचएआई के साइट इंजीनियर अंकित गिल ने बताया कि पधर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद अब अगला चरण जोगिंद्रनगर और चौंतड़ा क्षेत्र में शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे किए गए अवैध निर्माण और कब्जों को हटाने के लिए विभाग द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है।

उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर सड़क किनारे दुकानों, शेड, रेहड़ियों और अन्य अस्थायी ढांचों के कारण यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है। ऐसे में सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई आवश्यक है। एनएचएआई की टीम द्वारा पहले ही संबंधित लोगों को अवैध कब्जे हटाने के लिए नोटिस जारी किए जा चुके हैं। विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे स्वेच्छा से अपने अवैध कब्जे हटा लें, ताकि कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

एनएचएआई अधिकारियों के अनुसार यदि तय समय के भीतर कब्जे नहीं हटाए गए तो विभाग की ओर से जेसीबी मशीनों की मदद से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान के दौरान प्रशासन और पुलिस का सहयोग भी लिया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे अवैध कब्जों के कारण कई जगह सड़क संकरी हो गई है, जिससे आए दिन जाम और हादसों का खतरा बना रहता है। ऐसे में विभाग की यह कार्रवाई यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में मददगार साबित हो सकती है।

# ऊना-बिलासपुर



## न्यूज ब्रीफ

### पूर्वी ने एनएमएमएस परीक्षा में पाई सफलता

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पंजगाई की मेधावी छात्रा पूर्वी पुत्री प्रवीण कुमार ने राज्य स्तरीय नेशनल मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय तथा पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पूर्वी ने अपनी मेहनत व लगन के बल पर वरीयता सूची में स्थान प्राप्त कर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के बाद छात्रा को छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत कक्षा नवमीं से बारहवीं तक प्रतिवर्ष 12,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्राप्त होगी, जो उसकी आगे की पढ़ाई में सहायक सिद्ध होगी। छात्रा की इस उपलब्धि पर स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेंद्र पाल चड्डा, शिक्षक संजीव कौशल तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने उसे बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि पूर्वी की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी उदाहरण है। बेटी की इस उपलब्धि से विद्यालय का गौरव बढ़ा है। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की कि पूर्वी आगे भी इसी तरह मेहनत व लगन के साथ पढ़ाई कर नए मुकाम हासिल करेगी व अपने माता-पिता, विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन करती रहेगी।

### गोंदपुर बनेहड़ा में दिव्य गऊ कथा आज से 15 तक

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हर वर्ष की भांति इस बार भी गोंदपुर बनेहड़ा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के पास स्थित राधे-कृष्ण, सीता-राम शिव-पार्वती दुर्गा मंदिर परिसर में 13 से 15 मार्च तक दिव्य गऊ कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस कथा का आयोजन दूसरी बार किया जा रहा है। यह जानकारी आयोजन समिति के महेश शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि कथावाचक चंद्रकांत जी महाराज द्वारा ज्ञान की वर्षा की जाएगी।

### सुदामा-कृष्ण मिलन की कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपमंडल अंब के तहत ग्राम पंचायत कटोहड कलां के बीजापुर स्थित राधा कृष्ण मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत समापन भक्तिमय वातावरण में हुआ। अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में उपस्थित रहे और भगवान के भजनों, कीर्तन एवं कथा श्रवण में भाव विभोर हुए। कथा व्यास हित अरुण शरण जी महाराज ने श्री कृष्ण और उनके परम मित्र सुदामा के पावन मिलन की कथा का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने सच्ची मित्रता, प्रेम और निस्वार्थ भक्ति का संदेश देते हुए बताया कि सुदामा की मुट्ठी भर चावल भेंट से भगवान कृष्ण प्रसन्न हुए और उनके जीवन की गरीबी दूर कर दी। समापन अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सचिव ने आयोजकों की सराहना की और श्रद्धालुओं से सनातन संस्कृति और धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

### बिलासपुर लेखक संघ की मासिक बैठक कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर लेखक संघ की मासिक बैठक व संगोष्ठी संघ के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में 14 मार्च को प्रातः 11 बजे संतोषी माता मंदिर लदरौर के सभागार में आयोजित की जाएगी। संघ के महासचिव रवींद्र कुमार शर्मा ने बताया कि इस बैठक के प्रथम सत्र में साहित्यिक चर्चा तथा वर्ष 2025-26 का लेखा जोखा प्रस्तुत किया जाएगा। द्वितीय सत्र में काव्य गोष्ठी का आयोजन होगा। इसमें उपस्थित साहित्यकार अपनी नई रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि इस बैठक में अवश्य भाग लें।

### मलारी-कल्लर सड़क 20 मार्च तक यातायात के लिए बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** डीसी बिलासपुर राहुल कुमार ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 के अंतर्गत आदेश जारी करते हुए बताया कि लोक निर्माण विभाग मंडल झंडूता के अंतर्गत मलारी-कल्लर सड़क मार्ग आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए आगामी 20 मार्च तक बंद रहेगा। उन्होंने जारी आदेश में आगामी 20 मार्च तक इस सड़क का प्रयोग करने वाले वाहनों को वाया कुठेडा लिंक सड़क मार्ग का उपयोग करने को कहा है। उन्होंने जारी आदेशों में बताया कि इन सड़क मार्गों की मरम्मत कार्य के दौरान केवल एंबुलेंस, स्कूल बसों, वीआईपी वाहनों तथा अन्य आपातकालीन सेवा वाहनों की आवाजाही की अनुमति रहेगी।

### पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में नितिन का शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** हैदराबाद में 6 मार्च से 10 मार्च तक आयोजित सातवीं सीनियर राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में संतोषगढ़ के खिलाड़ी नितिन शर्मा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए लगातार तीन मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में स्थान बना लिया है। यह प्रतियोगिता हैदराबाद की गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी में आयोजित की गई। नितिन शर्मा नगर परिषद संतोषगढ़ के बैडमिंटन क्लब से जुड़े हुए हैं तथा डॉ. आनंद राज मलिक अकादमी के छात्र हैं। उनकी इस उपलब्धि के पीछे उनके कोच अमित चब्बा के मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत का अहम योगदान रहा है। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में नितिन शर्मा ने पंजाब के खिलाड़ी अमित शर्मा को 15-7 और 15-6 से हराया। दूसरे मैच में उन्होंने तमिलनाडु के रामकृष्णा एल को 15-10 और 15-4 से पराजित किया। तीसरे मुकाबले में नितन शर्मा ने दिल्ली के विकास यादव को 15-7 और 15-4 के अंतर से हराकर लगातार तीसरी जीत हासिल की, अब क्वार्टर फाइनल में नितिन शर्मा का मुकाबला हरियाणा के खिलाड़ी तरुण ढिल्लों से होगा, जिन्हें विश्व रैंकिंग में नंबर एक खिलाड़ी माना जाता है। नितिन शर्मा की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। इस शानदार प्रदर्शन पर क्लब के प्रधान कृष्ण कांत, उपाध्यक्ष अश्वनी प्रभाकर ,राकेश दीवान, मुकेश पुरी, परवेश घेड़िया, अमित चब्बा, राजीव भारद्वाज, हरदीप सिंह, और गौतम राम सहित सभी ने खुशी व्यक्त करते हुए खिलाड़ी को शुभकामनाएं दी हैं।

### विनय कुमार का जन्मदिन सेवा कार्यों के साथ मनाया

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार के जन्मदिन के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर की अध्यक्ष अंजना धीमान के नेतृत्व में घुमारवीं और झंडूता क्षेत्रों में सामाजिक सेवा कार्यक्रम आयोजित किए गए। घुमारवीं की कोठी पंचायत स्थित आशा किरण संस्था में दिव्यांग बच्चों के बीच जन्मदिन सादगीपूर्ण ढंग से मनाया गया। अंजना धीमान ने बच्चों से मुलाकात कर फल वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके बाद झंडूता के नंद ग्राम में जरूरतमंद परिवारों को फल वितरित किए गए। अंजना धीमान ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा हमेशा कमजोर और जरूरतमंद वर्ग की सेवा करने की रही है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में कई पदाधिकारी और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

### गैस सिलेंडर व पेट्रोलियम पदार्थों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि पेट्रोलियम पदार्थों की वैश्विक स्थिति के बावजूद जिले में गैस सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। वर्तमान में जिले में 14 गैस एजेंसियों के पास लगभग 4791 सिलेंडर हैं, जबकि पेट्रोल 5459.24 केएल और डीजल 8043.32 केएल मौजूद है। उन्होंने आमजन को आश्वस्त किया कि गैस सिलेंडरों और पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति नियमित रूप से की जा रही है और किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा 25 दिनों की इंटर बुकिंग सुविधा लागू की गई है। जिला प्रशासन ने जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए नियमित निरीक्षण अभियान भी चलाए हैं। राहुल कुमार ने सभी से समयानुसार बुकिंग करने की अपील की।

### 16 को बिलासपुर मुख्यालय पर गरजेंगे पेंशनर्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक चेत राम वर्मा ने बताया कि जिला बिलासपुर के पेंशनरों के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी 16 मार्च को सर्किट हाउस प्रांगण से शांतिपूर्ण रैली निकालकर जिलाधीश कार्यालय तक जाएंगे। इस अवसर पर मांग पत्र सौंपकर पेंशनरों के वित्तीय लाभों और चिरलंबित आर्थिक देनदारियों के समाधान की गुहार लगाई जाएगी। वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा 28 नवंबर 2025 को दिए गए आश्वासन के बावजूद मेडिकल बिलों का भुगतान आज तक नहीं हुआ है। यदि 21 मार्च के बजट में प्रावधान नहीं किया गया तो 30 मार्च को शिमला में विधानसभा बजट सत्र के दौरान घेराव किया जाएगा। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि पेंशनरों की मांगों के समाधान के लिए संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक बुलाई जाए।

### टोल टैक्स वृद्धि को जनता पर अतिरिक्त बोझ बताया

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** टोल टैक्स में अचानक की गई भारी बढ़ोतरी को लेकर सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने हिमाचल प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार को स्थिति पर तुरंत नियंत्रण रखना चाहिए, ताकि पड़ोसी राज्यों में हिमाचल की किरकिरी न हो। जम्वाल ने कहा कि एक टोल प्लाजा पर टैक्स को 70 से बढ़ाकर सीधे 170 कर दिया गया है, जो कि पूरी तरह अनुचित व जनता पर अतिरिक्त बोझ डालने वाला निर्णय है। उन्होंने कहा कि इस तरह के फैसलों से आम लोगों में भारी नाराजगी है। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को लेकर पंजाब विधानसभा में भी हिमाचल सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जा रहे हैं, जो प्रदेश की छवि के लिए ठीक नहीं है। विधायक ने चिंता जताते हुए कहा कि यदि पंजाब और हरियाणा भी इसी प्रकार टोल टैक्स बढ़ाने या नए टैक्स लगाने लगे, तो हिमाचल के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में प्रदेश के नागरिकों को कहीं आने-जाने के लिए तीन-तीन बार टैक्स देना पड़ सकता है।

---

### आरएच ऊना में रेड रिबन क्लबों की एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

# 27 स्वास्थ्य संस्थानों में लगेगी एचपीवी वैक्सीन

अनंत ज्ञान

**ऊना।** क्षेत्रीय अस्पताल (आरएच) ऊना में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संजीव कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिले के विभिन्न कॉलेजों व प्रशिक्षण संस्थानों के रेड रिबन क्लबों के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस दौरान सीएमओ ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नोडल अधिकारियों और छात्र-शिक्षकों को एचआईवी/एड्स की रोकथाम, स्वैच्छिक रक्तदान, नशा मुक्ति तथा यौन स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उनमें आवश्यक कौशल विकसित करना है। उन्होंने बताया कि इस पहल से युवाओं में नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करके समाज में सकारात्मक बदलाव के वाहक के रूप में तैयार करना है। साथ ही, सीएमओ ने जिला के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में संचालित रेड रिबन क्लबों द्वारा की जा रही गतिविधियों की भी समीक्षा की और युवाओं को समाज में जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त एचआईवी/एड्स के प्रसार से बचाव के उपायों, स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व तथा इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने युवाओं में बढ़ती नशाखोरी की समस्या की रोकथाम, जीवन कौशल तथा यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा उन्होंने 1097 निशुल्क हेल्पलाइन तथा एनएसीओ/एचपीएसएसीएस के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत जिले के 27 स्वास्थ्य संस्थानों में टीकाकरण किया जाएगा, जिससे बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण को और मजबूती मिलेगी। साथ ही, गर्भवती महिलाओं के शीघ्र पंजीकरण तथा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए बताया कि वर्तमान में जिला में चार प्रसवपूर्व जांचें की जाती थी जिसे विंग्स स्केल प्रोजेक्ट के तहत 8 प्रसवपूर्व जांच सुनिश्चित की जाएगी ताकि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष ध्यान दिया जा सके।

#### टीबी नियंत्रण के लिए बेहतर कार्य किया जा रहा

**सीएमओ** ने बताया कि जिला ऊना में टीबी नियंत्रण के लिए बेहतर कार्य किया जा रहा है। इससे टीबी के मरीजों की समय पर जांच और उपचार सुनिश्चित हो रहा है तथा रोग की दर में भी कमी आई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार वर्मा की अध्यक्षता में एचपीवी टीकाकरण अभियान की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की सभी बालिकाओं का यू-विन पोर्टल पर शीघ्र पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए ताकि 29 मार्च, 5 अप्रैल और 12 अप्रैल को आयोजित होने वाले टीकाकरण दिवसों पर पात्र बालिकाओं को समय पर टीका लगाया जा सके।

### लापता हुई दो बच्चों की मां सुरक्षित लौटी

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** स्थानीय क्षेत्र के घंगरेट गांव से दो बच्चों सहित लापता हुई महिला के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। लापता अंजना देवी उर्फ ज्योति और उनके दोनों बच्चों को पुलिस ने गगरेट-दौलतपुर तलवाड़ा मार्ग से सुरक्षित बरामद कर लिया है। बता दें कि महिला और बच्चों के लापता होने के बाद परिजनों ने मंगलवार को चिंतपूर्णी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। महिला के मानसिक तनाव (डिप्रेशन) की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय इनपुट की मदद से दो दिनों की गहन तलाश के बाद पुलिस टीम ने उन्हें ढूंढ निकाला। मामले की पुष्टि करते हुए एसएचओ जयराम शर्मा ने बताया कि पुलिस टीम लगातार महिला और बच्चों की लोकेशन ट्रेस कर रही थी। इसके बाद उन्हें सुरक्षित बरामद कर लिया गया। पुलिस ने कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद महिला और बच्चों को सुरक्षित उनके घर पहुंचा दिया है। परिवार ने राहत की सांस ली है और पुलिस प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई का आभार व्यक्त किया है।

### नलवाड़ी मेले में पत्रकारों को पेश आने वाली समस्याओं को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले के दौरान पत्रकारों को पेश आने वाली समस्याओं के समाधान को लेकर फैडरेशन ऑफ जर्निलिस्ट वेलफेयर एसोशिएशन के प्रधान कश्मीर सिंह ठाकुर की अगुवाई में पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार से मिला तथा उन्हें बाकायदा ज्ञापन प्रेषित कर मांगों को पूरा करने का आग्रह किया।

प्रधान ने बताया कि जिला बिलासपुर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला एक ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसकी गतिविधियों और कार्यक्रमों को विभिन्न समाचार पत्रों, टीवी चैनलों तथा डिजिटल मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचाने में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। मेले के दौरान विशेष रूप से रात्रि समय में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कवरेज करते समय पत्रकारों को कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जैसे कि यह चलन है कि प्रिंट मीडिया संध्या के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कवरेज उसी दिन करती है, तो ऐसे में पत्रकारों को कार्यक्रम परिसर में वाई-फाई सुविधा प्रदान की जाए, ताकि उन्हें अपने कार्यालय बार-बार न जाना पड़े, क्योंकि कवरेज के दौरान समय का भी अभाव रहता है, यदि इसी दौरान उन्हें जलपान की व्यवस्था कार्यक्रम में ही हो जाए, तो पत्रकार और बेहतर काम कर पाएंगे। मेले में आम आदमी से ज्यादा वीआईपी मूवमेंट होती है, लिहाजा पत्रकारों को बैठने की व्यवस्था अलग हो। इसी के साथ रात्रि कार्यक्रमों का आनंद लेने के लिए पत्रकारों के परिवार सदस्यों के बैठने का उचित प्रबंध भी किया जाए। मेले के विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों की सुचारू रूप से कवरेज के लिए पत्रकारों को रात्रि कार्यक्रमों की सूची व्यक्तिगत न देकर सार्वजनिक की जाए। मेले में होने वाले हर प्रकार के कार्यक्रमों के लिए पत्रकार व फोटो जर्निलिस्ट्स को पहचान पत्र जारी किए जाएं, ताकि उन्हें अनावश्यक तंग न किया जाए। उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने कहा कि वे इस बाबत डीपीआरओ बिलासपुर से बात कर उचित दिशा-निर्देश देंगे, ताकि पत्रकारों को कवरेज करने में कोई परेशानी न हो।

# कुटलैहड़ का विकास ठप सरकार दे जवाब : वीरेंद्र

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** अखिल भारतीय वॉलीबाल महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के ऊना जिले के एकदिवसीय प्रवास पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का जिले में स्वागत है, लेकिन कुटलैहड़ क्षेत्र के विकास को लेकर सरकार को जनता को जवाब देना चाहिए।



उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के बार-बार ऊना आने के बावजूद कुटलैहड़ क्षेत्र को अब तक कोई ठोस लाभ नहीं मिला है और यहां विकास कार्य लगभग ठप पड़े हुए हैं। पिछले तीन वर्षों से कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति लगभग रुक गई है। भाजपा की सरकार के समय शुरू किए गए कई महत्वपूर्ण विकास कार्य आज भी अधूरे पड़े हैं और वर्तमान सरकार की उदासीनता के कारण क्षेत्र की जनता को उनका लाभ नहीं मिल पा रहा है। थाना कलां और बंगाणा अस्पताल से जुड़े कई कार्य अभी तक पूरे नहीं हो पाए हैं। इसी प्रकार बंगाणा विद्यालय की विज्ञान प्रयोगशाला, महाविद्यालय का आच्छादित खेल भवन तथा शिवा परियोजना जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी आगे नहीं बढ़ पाए हैं। अटल आदर्श विद्यालय, आजीविका भवन, बसाल दुग्ध उत्कृष्टता केंद्र, थानाकलां गोकुल ग्राम तथा बरनोह मुर्राह प्रजनन केंद्र जैसे कई कार्य भी अधूरे पड़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई सरकारी कार्यालय और पशु चिकित्सा संस्थान बंद कर दिए गए हैं, जिससे लोगों और पशुपालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि कुटलैहड़ क्षेत्र में रुके हुए विकास कार्यों को शीघ्र पूरा करवाया जाए और बंद किए गए सरकारी कार्यालयों व संस्थानों को दोबारा शुरू किया जाए।

### बदलते रोजगार परिदृश्य के बारे में जागरूक किया

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तहत 'करियर एवेन्यूज' विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों और बदलते रोजगार परिदृश्य के बारे में जागरूक करना था। मुख्य संसाधन व्यक्ति प्रो. अनुप्रिया (जेपी यूनिवर्सिटी, सोलन) ने विद्यार्थियों को सही करियर चयन, कौशल विकास और निरंतर सीखने की आवश्यकता पर मार्गदर्शन दिया। अन्य अतिथि टायसन और ज्योति ने आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलविंदर सिंह राणा ने कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों के लिए करियर के अनेक नए द्वार खुल रहे हैं। कार्यक्रम में विभिन्न क्लबों और प्राध्यापक वर्ग की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे यह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## बिलासपुर स्थित ऐतिहासिक गर्ल्स स्कूल के दर्जे पर सियासत तेज

### भाजपा के संघर्ष के आगे झुकी सरकार : जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला मुख्यालय बिलासपुर स्थित ऐतिहासिक गर्ल्स स्कूल को एक बार फिर पहले जैसा दर्जा मिलने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस निर्णय को लेकर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसे अपनी जीत बताया है। सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी और स्थानीय लोगों ने इस मुद्दे को लेकर लगातार संघर्ष न किया होता, तो प्रदेश सरकार अपना फैसला कभी वापस नहीं लेती। उन्होंने कहा कि भाजपा ने इस विषय को जनता की आवाज बनाकर मजबूती से उठाया, जिसके कारण सरकार को आखिरकार निर्णय बदलना पड़ा।



जम्वाल ने कहा कि यह स्कूल वर्षों से बेटियों की शिक्षा का प्रमुख केंद्र रहा है और इसके दर्जे में बदलाव से छात्राओं तथा अभिभावकों में भारी चिंता पैदा हो गई थी। भाजपा ने इस मामले को गंभीरता से उठाते हुए सरकार पर दबाव बनाया और जनता के हित में आवाज बुलंद की। उन्होंने कहा कि सरकार को शुरुआत में ही जनता की भावनाओं को समझना चाहिए था, लेकिन भाजपा के संघर्ष और जनसमर्थन के कारण अंततः सरकार को अपना निर्णय बदलना पड़ा। उन्होंने इसे क्षेत्र की बेटियों, अभिभावकों और शिक्षा के हित में लिया गया सकारात्मक कदम बताया। विधायक ने कहा कि भाजपा हमेशा शिक्षा और जनहित के मुद्दों पर मजबूती से खड़ी रही है और आगे भी जनता के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

### बंबर ठाकुर बोले— हमारे आग्रह पर हुआ फैसला

**अनंत ज्ञन, बिलासपुर।** जिला मुख्यालय बिलासपुर स्थित ऐतिहासिक गर्ल्स स्कूल को फिर से पहले जैसा दर्जा मिलने के बाद अब इस मुद्दे पर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने कहा कि इस संबंध में उन्होंने स्वयं प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से आग्रह किया था, जिसके बाद सरकार ने इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि गर्ल्स स्कूल के दर्जे को लेकर लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए सरकार ने यह फैसला लिया है, लेकिन भाजपा के नेता इस पर अनावश्यक पब्लिसिटी करने में लगे हुए हैं। बंबर ठाकुर ने कहा कि शिक्षा और जनहित के मुद्दों को राजनीति का माध्यम नहीं बनाना चाहिए। सरकार हमेशा जनता की भावनाओं का सम्मान करती है और इसी के चलते छात्राओं के हित में यह निर्णय लिया गया है। गर्ल्स स्कूल का दर्जा बदलने के फैसले के बाद क्षेत्र में रोष देखने को मिला था और अब सरकार द्वारा इसे फिर से पहले जैसा दर्जा दिए जाने से छात्राओं और अभिभावकों में खुशी का माहौल है।



# सीएम के स्वागत को कुटलैहड़ तैयार

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के 13 मार्च (शुक्रवार) को कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के प्रस्तावित दौरे को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।



बंगाणा में मुख्यमंत्री सुक्खू के दौरे की तैयारियों का जायजा लेते विधायक विवेक शर्मा। अनंत ज्ञान

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा (विक्कू) ने वीरवार को बंगाणा में सभा स्थल का दौरा कर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान एसडीएम सोनू गोयल, बीडीओ केएल वर्मा और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री शुक्रवार प्रातः लगभग 10 बजे बंगाणा पहुंचेंगे, जहां वे करीब 15 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली तुरकाल-पंगा जलापूर्ति योजना का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर बंगाणा में विशाल जन-आभार रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग भाग लेंगे। विधायक ने बताया कि इस योजना के निर्माण से लठियाणी, धुंधला तथा आसपास के क्षेत्रों की विभिन्न जलापूर्ति योजनाओं के स्रोतों को सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे लोगों को पर्याप्त और नियमित पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। लंबे समय से पेयजल संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे क्षेत्रवासियों को इससे बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अपने प्रवास के दौरान मिनी सचिवालय बंगाणा में पुस्तकालय तथा बंगाणा में बहुउद्देशीय हॉल (जिम) की भी आधारशिला रखेंगे।

विधायक विवेक शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को नई गति मिली है और कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में भी जनहित से जुड़े कार्यों को निरंतर प्राथमिकता दी जा रही है।

### बिलासपुर में किशोरियों को कैंसर से बचाने के लिए विशेष टीकाकरण अभियान 29 मार्च से

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में स्वास्थ्य विभाग 29 मार्च, 5 अप्रैल और 12 अप्रैल को ह्यूमन पेपीलोमा वायरस (एचपीवी) का विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे इस अभियान के तहत जिले के 31 स्वास्थ्य संस्थानों में 14 से 15 वर्ष की करीब 4000 किशोरियों का टीकाकरण किया जाएगा।



टीकाकरण के लिए पात्र किशोरियों की जन्म तिथि 28 फरवरी 2011 से 24 मई 2012 के बीच होनी चाहिए। विभाग ने सभी ब्लॉकों में टीकाकरण स्थलों (कोल्ड चेन पॉइंट) की सूची जारी कर दी है। ब्लाक घुमारवीं में 4 केंद्र (सीएचसी भराड़ी, सीएचसी घुमारवीं, सीएचसी हरलोग, सीएचसी कुठेड़ा) शामिल हैं। खंड झंडूता में 9 केंद्रों में तलाई, भेहड़ी, गेहड़वी, झंडूता, कलोल, मरोतन, पनौल, बरंठी व ऋषिकेश के स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। खंड मारकंड में सबसे अधिक 11 केंद्रों में एम्स बिलासपुर, बागी सुंगल, भजून, छडोल, मलोखर, मारकंड, नम्होल, पंजगाई, राजपुरा, मंडी मानवा और एमसीएच बिलासपुर में टीकाकरण होगा। वहीं श्री नयना देवी जी ब्लॉक में 7 केंद्रों में घवांडल, स्वारघाट, स्वाहण, तरसूह और टोबा शामिल हैं।

डॉ. शर्मा ने बताया कि एचपीवी एक सामान्य संक्रमण है, जिसकी समय पर रोकथाम न होने पर यह सर्वाइकल कैंसर का कारण बन सकता है, जो भारत में महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर है। समय पर टीकाकरण व जागरूकता के माध्यम से इस बीमारी को प्रभावी ढंग से रोका जा सकता है।

### आदित्य ने छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया क्षेत्र का मान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय उच्च विद्यालय चुवाडी के कक्षा आठवीं के मेधावी छात्र आदित्य भारद्वाज पुत्र राकेश कुमार एवं अनीता, तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश ) ने राष्ट्रीय साधन सह-योग्यता (नैशनल मीन्स कम मेरिट योग्यता स्कालर्शिप) परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया। यह छात्रवृत्ति केंद्र सरकार द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उदेश्य से प्रदान की जाती है। इसके अंतर्गत चयनित विद्यार्थी को कक्षा 9 से लेकर जमा दो तक प्रति वर्ष 12000 की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। विद्यालय की प्रधानाचार्य मति भावना ने आदित्य भारद्वाज की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा की यह विद्यालय के लिए गर्व की बात है।

**आयोजन** 17 व 18 मार्च को बहुउद्देशीय सांस्कृतिक भवन में होंगे मंचन

# नलवाड़ी मेले में सजेगा रंगमंच का मंच

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इस बार रंगमंच की विशेष छटा देखने को मिलेगी। जिला प्रशासन द्वारा मेले के अंतर्गत 17 और 18 मार्च को बहुउद्देशीय सांस्कृतिक भवन, बिलासपुर में दो दिवसीय नाट्य उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

इसमें विभिन्न प्रतिष्ठित नाट्य संस्थाओं और कलाकारों द्वारा नाटकों की प्रस्तुति दी जाएगी। यह जानकारी नलवाड़ी मेला कमेटी के अध्यक्ष व उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि मेले के उद्घाटन के बाद 17 मार्च को शाम 7 बजे से नाट्य उत्सव की शुरुआत होगी, जिसमें दो अलग-अलग नाटकों का मंचन किया जाएगा। पहले नाटक के रूप में रूसी साहित्यकार एंटोन चेखव की प्रसिद्ध रचना 'द बेयर' का मंचन शिमला की नाट्य संस्था द बिगिनर्स द्वारा किया जाएगा, जिसका निर्देशन कपिल देव शर्मा ने किया है। इसके बाद लेखक मोहम्मद इनामुल्ला द्वारा लिखित नाटक 'खाली प्लेट' का मंचन होगा।

**◆ स्थानीय कलाकारों को मिलेगा बड़ा मंच**

इसमें कलाकार विनोद शर्मा और शिवांगी रघु अपनी अभिनय प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे नाट्य उत्सव के दूसरे दिन 18 मार्च को शाम 6 बजे कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। इस दिन प्रसिद्ध व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई की चर्चित रचना 'एक लड़की: पांच दीवाने' पर आधारित नाटक का मंचन उड़ान थिएटर ग्रुप बिलासपुर द्वारा किया जाएगा। इस नाटक का निर्देशन युवा रंगकर्मी अभिषेक डोगरा कर रहे हैं, जो पिछले कुछ वर्षों से बिलासपुर में रंगमंच को नई ऊर्जा देने के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके निर्देशन में यह प्रस्तुति सामाजिक व्यंग्य और समकालीन संवेदनाओं का रोचक मिश्रण होगी, जिससे दर्शकों को भरपूर मनोरंजन के साथ विचार करने का अवसर भी मिलेगा। इसी दिन लेखक पंकज सोनी द्वारा लिखित नाटक 'जहर' का मंचन भी किया जाएगा, जिसका निर्देशन संजय सूद ने किया है। इस नाटक में मंच पर संजय सूद और निशांत रघु अपनी सशक्त अभिनय प्रस्तुति देंगे।

#### नागरिकों से उत्साहवर्धन की अपील

**डीसी** ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि नलवाड़ी मेले को केवल पारंपरिक पशु मेले तक सीमित न रखकर इसे कला, संस्कृति और रंगमंच के विविध आयामों से जोड़कर एक व्यापक सांस्कृतिक उत्सव के रूप में विकसित किया जाए। इससे स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के अवसर मिलेंगे और जिले की सांस्कृतिक पहचान भी और मजबूत होगी। उन्होंने जिले के सभी कला प्रेमियों, युवाओं और आम नागरिकों से अपील की कि वे इस दो दिवसीय नाट्य उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कलाकारों का उत्साहवर्धन करें और नलवाड़ी मेले की सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

### मरोत्तन से एम्स बिलासपुर के लिए बस सेवा शुरू

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र के पिछड़े कोटधार क्षेत्र के लोगों को अब एम्स बिलासपुर पहुंचने में राहत मिलेगी। वीरवार को मरोत्तन से एम्स बिलासपुर के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस सेवा शुरू कर दी गई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव व झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विवेक कुमार ने बताया कि बागछाल पुल बनने के बाद इस मार्ग पर पहली बार बस सेवा शुरू की गई है, जिससे आसपास के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। पहले बस सुविधा न होने के कारण लोगों को एम्स पहुंचने में काफी दिक्कत व अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ता था। उन्होंने कहा कि इस बस सेवा के लिए मामला मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष उठाया गया था। इसके बाद रूट को मंजूरी मिली। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार भी जताया। इस अवसर पर श्याम सिंह परमार, सोम प्रकाश शास्त्री, पूर्व प्रधान जगतराम, अमर सिंह, बलदेव, राकेश परमार, रतनलाल, इंद्र सिंह, बलवान और मनोज चड्ढा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### नवचेतना व आधारशिला पहल के तहत बच्चों के समग्र विकास पर जोर

अनंत ज्ञान



**ऊना।** बाल विकास परियोजना ऊना द्वारा पोषण भी, पढ़ाईभी कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का जिला कल्याण भवन ऊना में सफल समापन हुआ।

इस प्रशिक्षण में ऊना ब्लॉक की 100 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सीडीपीओ शिव वर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य नवचेतना और आधारशिला पहलों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू कर प्रारंभिक बाल्यावस्था में पोषण और शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता इस कार्यक्रम की रीढ़ हैं और उनके माध्यम से बच्चों तक संतुलित पोषण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाई जाती है। प्रशिक्षण सत्रों में बच्चों के पहले छह वर्षों के महत्व, मानसिक, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास, संतुलित आहार और खेल-आधारित शिक्षण पर विशेष जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं को कहानी, कविता, गीत, नाटक और स्थानीय संसाधनों के प्रभावी उपयोग के व्यावहारिक तरीके भी सिखाए गए। इसके अलावा बच्चों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और आनंददायक वातावरण तैयार करने, सीखने की प्रक्रिया को रोचक बनाने तथा बच्चों में आत्मविश्वास और जिज्ञासा विकसित करने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। नवचेतना पहल के अंतर्गत बच्चों में जागरूकता और सामाजिक व्यवहार को सुदृढ़ करने के उपाय साझा किए गए, जबकि आधारशिला पहल के माध्यम से 3 से 6 वर्ष के बच्चों की शैक्षणिक और वैचारिक नींव मजबूत करने से जुड़ी गतिविधियों पर चर्चा हुई। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रतिभागी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# माकपा ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

## नुक्कड़ नाटक से सरकार की नीतियों पर प्रहार, 24 मार्च को दिल्ली में बड़े आंदोलन का ऐलान

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) द्वारा वीरवार को आनी में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता को जागरूक किया। साथ ही आनी के न्यू बस स्टैंड के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-305 किनारे सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और किसानों, बागवानों तथा आम जनता से जुड़े मुद्दों को उठाया। माकपा के प्रभारी प्रताप ठाकुर ने कहा कि माकपा हमेशा किसानों, बागवानों व ग्रामीणों की हितेषी पार्टी रही है और समय-समय पर जनता के अधिकारों के लिए आवाज उठाती रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी के आह्वान पर पूरे देश तथा हिमाचल प्रदेश में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जनता को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 24 मार्च को दिल्ली में केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ एक बड़ा विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इसमें देश भर से सैकड़ों लोग भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्य वक्ता व पूर्व विधायक राकेश सिंघा ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आनी विधानसभा क्षेत्र सहित प्रदेश भर में हजारों अवैध कब्जाधारियों को नोटिस जारी किए गए हैं और बेदखली के आदेश दिए जा रहे हैं, जो कि पूरी तरह गलत हैं। उन्होंने कहा कि इन आदेशों के खिलाफ हिमाचल प्रदेश के किसान एकजुट हो चुके हैं और अब सरकार की मनमानी नहीं चलेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि सरकार वास्तव में किसानों का भला चाहती तो कृषि क्रेडिट कार्ड का सारा ऋण माफ किया जा सकता था, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार ने किसानों को कोई राहत नहीं दी है। प्रदेश में भी किसान बेदखली के डर से चिंतित हैं। राकेश सिंघा ने कहा कि वर्ष 2023 और 2025 में आई प्राकृतिक आपदाओं के कारण आनी क्षेत्र की कई पंचायतों में गांव और कृषि भूमि को भारी नुकसान हुआ था। इसके बावजूद प्रदेश सरकार ने प्रभावित परिवारों को पर्याप्त मुआवजा नहीं दिया और जिन परिवारों के घर उजड़ गए, उन्हें आज तक घर निर्माण के लिए कोई आर्थिक सहायता उपलब्ध नहीं करवाई गई है।

इससे प्रदेश की जनता में रोष बढ़ता जा रहा है। धरना-प्रदर्शन के दौरान माकपा कार्यकर्ताओं ने नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। इसमें किसानों और आम लोगों के साथ हो रहे अन्याय तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों पर व्यंग्यात्मक और प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई। इस प्रस्तुति से जहां लोगों का मनोरंजन हुआ, वहीं सरकार की नीतियों पर भी तीखा प्रहार किया गया। इस धरना-प्रदर्शन में माकपा के राज्य नेता तथा शिमला के पूर्व मेयर संजय चौहान, पूर्व विधायक राकेश सिंघा, प्रताप ठाकुर, आनी इकाई सचिव गीताराम सहित कई कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।



आनी के न्यू बस स्टैंड के समीप एनएच-305 के किनारे प्रदर्शन के दौरान नुक्कड़ नाटक करते माकपा के नेता व कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

## 15 को होगा अंडर- 19 बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए टीम का ट्रायल

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** 47वीं राज्य स्तरीय 19 बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीती की टीम का ट्रायल 15 मार्च को राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कटराईं के बास्केटबॉल खेल मैदान में आयोजित होगा। जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष अंकुर राणा ने बताया कि वर्ष 2026 की राज्य स्तरीय 19 बास्केटबॉल प्रतियोगिता 3 से 5 अप्रैल तक जिला हमीरपुर के भरेड़ी में आयोजित होगी। इसमें जिला लाहौल-स्पीति की लड़कों व लड़कियों की टीम भाग लेंगी। जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीति के महासचिव मदन बोद्ध ने बताया कि यह ट्रायल जिला बास्केटबॉल संघ के चेयरमैन संजय अंगरूप की देखरेख में होगा। इस ट्रायल में 1-1-2008 के जन्मे बच्चे भाग ले सकते हैं। सभी खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। यह ट्रायल ब्वॉयज एंड गर्ल्स दोनों के लिए रखा गया है। ट्रायल के बाद जो खिलाड़ी चयनित होंगे, उनका प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। उसके बाद खिलाड़ी 2 अप्रैल को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हमीरपुर रवाना होंगे।

# लाहौल व कुल्लू जिले में बर्फबारी बारिश से तापमान में आई गिरावट

अनंत ज्ञान

**कुल्लू/केलांग।** कुल्लू और लाहौल-स्पीति में वीरवार को हल्की बारिश व बर्फबारी का क्रम जारी रहा।

लाहौल-स्पीति के ऊंचाई वाले क्षेत्रों के साथ-साथ वीरवार को निचले क्षेत्रों में भी बर्फबारी हुई है, जबकि कुल्लू और मनाली के निचले क्षेत्रों में बारिश जबकि अटल टनल सहित रोहतांग व अन्य ऊंची चोटियों पर बर्फबारी हुई। दोनों जिला में मौसम में आये बदलाव के चलते तापमान में गिरावट आई है, जिससे गर्मी से राहत मिली है। वहीं, अटल टनल में ताजा बर्फबारी के बीच पर्यटकों ने खूब मस्ती की। उधर, मनाली सहित सोलंगनाला, अंजनी महादेव, अटल टनल में पर्यटकों का खूब जमावड़ा लग रहा है। मौसम के एकदम करवट बदलने के बाद अब पर्यटन कारोबारियों को पर्यटन कारोबार के बढ़ने की उम्मीद जगी है। वहीं, लाहौल घाटी के सिस्सू में भी पर्यटक पहुंच रहे हैं और बर्फ के बीच खूब मस्ती कर रहे हैं। हालांकि, ताजा बर्फबारी व बारिश से इस बार समय से पहले सता रही गर्मी से जहां बड़ी राहत मिली है। साथ ही यह बारिश और बर्फबारी किसानों और बागवानों के लिए एक बड़ी राहत लेकर आई है। उधर, कुल्लू जिला के भुंतर व ये कुछ स्थानों में वीरवार ओलावृष्टि हुई है। ओलावृष्टि से प्लम को भारी नुकसान हुआ है। प्लम के पौधों में इन दिनों फूल खिले हुए थे।

ओले गिरने का क्रम कुछ देर तक जारी रहा। वहीं, लाहौल-स्पीति जिला प्रशासन की ओर से ताजा बर्फबारी के कारण मनाली-लेह मार्ग जिस्पा के आगे यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। प्रशासन ने पर्यटकों को हिमस्खलन के खतरे को देखते हुए अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर न जाने की सलाह दी है।


कुल्लू और लाहौल-स्पीति में हल्की बारिश व बर्फबारी का क्रम रहा जारी। अनंत ज्ञान

# वैज्ञानिक व प्रभावी तरीके से हों बाढ़ सुरक्षा के कार्य : डॉ. अभिषेक जैन

अनंत ज्ञान

**मनाली।** सचिव जल शक्ति, वित्त, नियोजन, अर्थ एवं सांख्यिकी डॉ. अभिषेक जैन ने वीरवार को मनाली विधानसभा में गत वर्षों में बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लिया तथा बाढ़ सुरक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने जलशक्ति विभाग द्वारा मनाली विधानसभा में आलू ग्राउंड के साथ बाढ़ सुरक्षा कार्य का निरीक्षण किया, जिसका कार्य प्रगति पर है। उन्होंने जलशक्ति विभाग द्वारा कलाथ वृद्धाश्रम के पास निर्मित बाढ़ सुरक्षा दीवार का भी निरीक्षण किया 400 मीटर इस लंबी सुरक्षा दीवार का काम पूर्ण हो चुका है। इसके पश्चात सचिव ने सभी महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने जलशक्ति विभाग से केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट पर की गई प्रगति की भी जानकारी ली। बैठक में जानकारी दी गई कि 8 करोड़ रुपए से 700 मीटर क्षेत्र पर बाढ़ नियंत्रण का कार्य चल रहा है। इसके साथ ही 21 सौ मीटर के क्षेत्र में 30 करोड़ का कार्य प्रगति पर है, जो कि 15 अप्रैल से पहले पूर्ण हो जाएगा। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि प्रशासन द्वारा 11 स्थलों पर ड्रेजिंग के कार्य प्रस्तावित है। लोक निर्माण द्वारा बताया गया कि विभाग के माध्यम से कुल 24 करोड़ के कार्य 800 मीटर के क्षेत्र पर कार्य चल रहा है। इसमें से 15 करोड़ का कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने निर्देश दिए कि जून माह तक सभी कार्यों को पूर्ण करें, ताकि आगामी बरसात से पहले ऐसे सभी स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि उपायुक्त की अध्यक्षता में मासिक रूप से सभी विभागों के साथ नियमित बैठक अनिवार्य रूप से हो जिसमें एनएचएआई की भागीदारी भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सचिव स्तर पर वे स्वयं भी मासिक बैठक की अध्यक्षता नियमित रूप से सुनिश्चित बनाएंगे। बैठक में एसडीएम मनाली रमन शर्मा, अधीक्षण अभियंता जलशक्ति विनोद ठाकुर सहित लोक निर्माण, नगर परिषद सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# दुर्गम क्षेत्रों में विकास को गति देने के लिए नई पंचायतों का गठन : सुंदर ठाकुर

## लोगों ने विधायक का किया भव्य स्वागत, नई पंचायत बनने पर ढोल-नगाड़ों के साथ मनाया जश्न

अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू में नवगठित पाहनाला पंचायत के गठन से स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

पंचायत बनने की खुशी में ग्रामीणों ने क्षेत्र के विधायक सुंदर ठाकुर का ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक कुल्लवी परिधानों के साथ भव्य स्वागत किया। इस दौरान आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे और उन्होंने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए नई पंचायत के गठन को क्षेत्र के विकास की दिशा में बड़ा कदम बताया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सुंदर ठाकुर ने कहा कि कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के दूरदराज और दुर्गम इलाकों के लोगों को सुविधाएं देने के उद्देश्य से नई पंचायतों का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि पाहनाला और लिंगर-बनसू क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से काफी दुर्गम और संवेदनशील क्षेत्र रहे हैं। यहां के लोगों को पहले पंचायत कार्यों के लिए करीब 16 किलोमीटर दूर तक सफर करना पड़ता था, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि अब नई पंचायत बनने से लोगों को अपने ही क्षेत्र में प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी व विकास कार्यों को भी गति मिलेगी। पंचायत स्तर पर सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए योजनाएं तैयार की जाएंगी।

विधायक ने यह भी कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं व पंचायत के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी विशेष प्रयास किए जाएंगे, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें। इस अवसर पर पंचायत के बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं ने भी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि नई पंचायत बनने से अब विकास कार्य तेजी से होंगे और ग्रामीणों को अपने कामों के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में नहीं जाना पड़ेगा। समारोह के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।


पंचायत बनने की खुशी में विधायक का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत करते ग्रामीण। अनंत ज्ञान

## जेसीसी की बैठक जल्द बुलाए जाने को लेकर सीएम से बात करने का किया आग्रह

**कुल्लू।** अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का प्रतिनिधिमंडल कुल्लू के विधायक सुंदर ठाकुर से मिला। प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज ने की। इस अवसर पर महासंघ ने आश्वासन दिलवाया कि वे सरकार के साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उन्होंने कहा कि जिलो के 99 प्रतिशत विभागों के कर्मचारी उनके संघ के साथ जुड़े हैं। उन्होंने विधायक के माध्यम से प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि मान्यता उनके गुट को ही दी जाए। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों से संबधित एक ज्ञापन भी विधायक के माध्यम से सरकार को भेजा और शीघ्रातिशीघ्र मांगों को पूरा करने की अपील की। वहीं, विधायक ने उन्हें आश्वासन दिलवाया कि उनकी मांगों को सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। साथ ही विधायक ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने चुनावों के समय कर्मचारियों से किये अपने वादे को पूरा किया है और वर्तमान में सरकार कर्मचारियों से किये गए वादे (ओपीएस) को पूरा करने के लिए वर्तमान में आर्थिक नुकसान की स्थिति में भी कर्मचारियों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपना वादा पूरा किया अब प्रदेश के कर्मचारियों को यह तय करना होगा कि वह किसके साथ हैं उस पार्टी के साथ जिनके नेता कह रहे हैं कि सत्ता में आते ही कांग्रेस की सभी योजनाओं को बंद किया जाएगा या फिर कांगेस के साथ।

## न्यूज ब्रीफ

### स्पर फीडर शवाड-कोठी में बिजली रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, आनी।** बिजली मंडल आनी के अंतर्गत 22 केवी शवाड़ फीडर के स्पर फीडर शवाड-कोठी का जरूरी रखरखाव किया जाना है। इसके चलते 15, 18, 19, 21 और 22 मार्च सुबह 10 से शाम 5 बजे तक रोपा, शेउल, शवाड, थाच, शाहनी, निनवी, निंगलू, ठारवी, बशावल, कोठी, फरबोग, पकरेड़, पोखरी व आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली उपमंडल आनी के सहायक अभियंता अमर ठाकुर ने प्रभावित क्षेत्रों की जनता से सहयोग की अपील की है।

### गैस सिलेंडर की 25 दिन बाद ही मान्य होगी अगली बुकिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग विवेक गुलेरिया ने कहा कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की बुकिंग प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अब उपभोक्ता घरेलू गैस सिलेंडर की अगली बुकिंग पिछली डिलीवरी के 25 दिन बाद ही कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिले की सभी गैस एजेंसियों में एलपीजी सिलेंडरों की पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध है। ऐसे में उपभोक्ताओं को घबराने या जल्दबाजी में गैस सिलेंडर की बुकिंग करने की आवश्यकता नहीं है। जिला नियंत्रक ने बताया कि पहले उपभोक्ता पिछली डिलीवरी प्राप्त होते ही अगली सिलेंडर बुकिंग कर सकते थे, लेकिन केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुसार इस व्यवस्था में बदलाव किया गया है। नई व्यवस्था के तहत उपभोक्ताओं को अगली बुकिंग करने के लिए पिछली डिलीवरी के बाद कम से कम 25 दिन का इंतजार करना अनिवार्य होगा।

### उचित मूल्य की दुकानों के लिए 31 तक आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले, शिव राम ने कहा कि विकास खंड आनी की ग्राम पंचायत टकरासी के गांव रौड़ीधार, ग्राम पंचायत कराणा के गांव बागी, ग्राम पंचायत रोपा के गांव थाच, ग्राम पंचायत कुठेड़ के गांव घुलट व विकास खंड कुल्लू की ग्राम पंचायत मंझली के गांव कंमाद में करने दुकाने पुर्नाबंटित उचित की मूल्य के लिए इच्छुक आवेदकों से विभागीय पोर्टल पर अपना आवेदन निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन पत्र 31 मार्च तक समस्त आवश्यक दस्तावेज सहित ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित किए जाने के लिए सार्वजनिक सूचना जारी की गई हैं।

# सैंज हाइड्रो परियोजना के आउटसोर्स कर्मचारी 16 को करेंगे संपूर्ण हड़ताल

## एचपीपीसीएल के अड़ियल रवैये से तंग आकर हड़ताल का लिया फैसला

अनंत ज्ञान

**सैंज।** जिला कुल्लू की प्रतिष्ठित सैंज जल विद्युत परियोजना (100 मेगावाट) में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर पिछले तीन वर्षों से प्रोजेक्ट प्रबंधन से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन कर्मचारियों का आरोप है कि प्रबंधन की ओर से उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

कर्मचारियों ने बताया कि लगातार अनदेखी के बाद उन्हें मजबूर होकर लेबर कोर्ट कुल्लू का रुख करना पड़ा। बीते दो वर्षों से कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर लेबर कोर्ट के माध्यम से न्याय की उम्मीद कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है। कर्मचारियों का कहना है कि लेबर ऑफिसर कुल्लू द्वारा कई बार प्रोजेक्ट प्रबंधन को श्रम कानूनों के बारे में अवगत कराया गया, लेकिन इसके बावजूद प्रबंधन ने कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया। यहां तक कि लेबर ऑफिसर की लिखित तहरीर को भी अनदेखा किया गया।

कर्मचारियों के अनुसार एचपीपीसीएल प्रबंधन किसी भी प्रकार के कानूनी प्रावधानों को मानने के लिए तैयार नहीं है। इसी अड़ियल रवैये से तंग आकर सैंज हाइड्रो परियोजना में पिछले 15 से 18 वर्षों से कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों ने 16 मार्च 2026 को संपूर्ण हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। इसकी पूर्व सूचना 2 मार्च 2026 को संबंधित विभागों को भेज दी गई है। सैंज हाइड्रो वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष महेंद्र नेगी ने कहा कि 16 मार्च को परियोजना के सभी आउटसोर्स कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे व उस दिन प्रोजेक्ट पूरी तरह बंद रहेगा। उन्होंने कहा कि 16 मार्च को प्रोजेक्ट में किसी भी प्रकार की गतिविधि नहीं होगी। यदि उस दिन प्रोजेक्ट को किसी प्रकार का नुकसान होता है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी प्रोजेक्ट प्रबंधन वर्ग की होगी।


सैंज हाइड्रो परियोजना के आउटसोर्स कर्मचारी बैठक में चर्चा करते हुए। अनंत ज्ञान

## इंस्पायर अवार्ड के लिए ललित चयनित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** ललित महाजन सरस्वती विद्या मंदिर बाशिंग के मेधावी छात्र निखिल नलवा का चयन इंस्पायर अवार्ड मानक के लिए हुआ है। इस उपलब्धि से स्कूल में हर्ष का माहौल है। भारत सरकार की ओर से संचालित यह एक प्रतिष्ठित योजना है, जिसका उद्देश्य विद्यालय स्तर के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार व रचनात्मकता को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत विद्यार्थी अपने नए वैज्ञानिक विचार प्रस्तुत करते हैं, जिससे उन्हें भविष्य में अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। इसी क्रम में निखिल ने अपना जो मॉडल बनाया था, वह हिमाचल में आ रही बाढ़ और बारिश के कारण जो स्थिति है। उससे बचने के लिए किस तरह के घर होने चाहिए ऐसा मॉडल निखिल ने बनाया था। प्रधानाचार्य विजेता ठाकुर ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थी को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए स्कूल के समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं को भी इस सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी व कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनती है।

## सोशल मीडिया की अफवाहों से पतलीकूहल में गैस को लेकर उपभोक्ताओं में बेचैनी

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** सोशल मीडिया पर गैस की किल्लत को लेकर फैल रही अपुष्ट और सनसनीखेज खबरों ने पतलीकूहल क्षेत्र के उपभोक्ताओं में अनावश्यक चिंता और बेचैनी पैदा कर दी है। हालात यह हो गए कि घरेलू गैस की पर्याप्त उपलब्धता होने के बावजूद भी बड़ी संख्या में लोग गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी के बाहर पहुंचने लगे।

वीरवार को भारत गैस एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं की भीड़ देखने को मिली। लोग इस आशंका में सिलेंडर लेने पहुंचे कि कहीं भविष्य में गैस मिलना बंद न हो जाए। हालांकि, वास्तविक स्थिति इससे अलग है और घरेलू गैस की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। यह इलाका ग्रामीण क्षेत्र है, जहां अधिकांश घरों में आज भी तंदूर, लकड़ी के चूल्हे व कई जगहों पर इंडक्शन चूल्हे जैसे वैकल्पिक साधन मौजूद हैं। इसके बावजूद सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों के कारण लोगों में घबराहट का माहौल बन गया है। भारत गैस एजेंसी के संचालक देवेंद्र नेगी ने स्पष्ट किया कि घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है और उपभोक्ताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि फिलहाल केवल व्यावसायिक (कमर्शियल) सिलेंडरों की आपूर्ति पीछे से नहीं आ पा रही है, जिसके कारण बाजार में उनकी कमी महसूस की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि एजेंसी द्वारा नियमों के अनुसार उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध करवाई जा रही है। नियमानुसार जिन उपभोक्ताओं ने लगभग 25 दिन पहले गैस भरवाई है, उन्हें नया सिलेंडर दिया जा रहा है, ताकि सभी उपभोक्ताओं को क्रमवार और व्यवस्थित रूप से गैस मिल सके। एजेंसी संचालक ने लोगों से अपील की कि सोशल मीडिया पर फैल रही अपुष्ट खबरों पर ध्यान न दें और अनावश्यक भीड़ न लगाएं। एजेंसी के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडर की सप्लाई सामान्य रूप से जारी है और सभी उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस उपलब्ध करवाई जा रही है स्थानीय लोगों का भी मानना है कि अफवाहों के कारण अचानक मांग बढ़ने से अनावश्यक स्थिति बन जाती है। उन्होंने लोगों से संयम रखने और केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करने की अपील की है।

**समस्या** ग्लोफ संवेदनशील क्षेत्रों में गांव व पंचायत स्तर पर छोटे-छोटे समूह गठित करने की जरूरत

# हिमाचल में चार झीलें अत्यंत संवेदनशील, मचा सकती हैं तबाही

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में 4 झीलें अति संवेदनशील हैं व यह झीलें अगर टूटी तो यह तबाही मचा सकती हैं।

केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार यह बात सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार हिमाचल प्रदेश में 10 ऐसी ग्लेशियल झीलें (हिमनद झीलें) हैं, जिनका क्षेत्रफल 10 हेक्टेयर से अधिक है, जिनमें से चार झीलें अत्यंत संवेदनशील मानी गई हैं। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो भविष्य में यह गंभीर खतरा बन सकता है, जब इन झीलों को रोकने वाला प्राकृतिक बांध (बर्फ, मोरेन या चट्टान) किसी कारण से टूट जाता है, तो झील का पानी अचानक तेज गति से नीचे की ओर बहता है और विनाशकारी बाढ़ उत्पन्न करता है, जिसे ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड कहा जाता है। भविष्य के इस बड़े खतरे के मद्देनजर हिमाचल प्रदेश आपदा जोखिम न्यूनीकरण व तैयारी परियोजना के अंतर्गत ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड (ग्लोफ) जोखिम न्यूनीकरण व तैयारी विषय पर मनाली में एक कार्यशाला आयोजित हुई। एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबद्ध खेल संस्थान मनाली में हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से किया गया।


कार्यशाला के दौरान जानकारी देते हुए मुख्यातिथि। अनंत ज्ञान

### जलवायु परिवर्तन से पिघल रहे ग्लेशियर

**कार्यशाला** में विशेषज्ञों ने ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड जोखिम, निगरानी प्रणाली तथा आपदा तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। विशेषज्ञों ने बताया कि ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड वर्तमान समय में हिमालयी क्षेत्रों के लिए एक गंभीर प्राकृतिक खतरे के रूप में उभर रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे उनके आगे या ऊपर बड़ी-बड़ी झीलें बन रही हैं, जो भविष्य में खतरे का कारण बन सकती हैं।

### तेजी से पिघल व टूट रहे ग्लेशियर, बन रही झीलें

**हिमालयी** क्षेत्रों में ग्लेशियर के तेजी से पिघलने व टूटने से ग्लेशियल झीलें ( हिमनद झीलें) बन रही हैं, जोकि बेहद चिंतनीय विषय है। इन झीलों की वैज्ञानिक निगरानी, अर्ली वार्निंग सिस्टम तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय को मजबूत करने की आवश्यकता है। ग्लोफ संवेदनशील क्षेत्रों में गांव और पंचायत स्तर पर छोटे-छोटे समूह गठित किए जाएं, ताकि आपदा की स्थिति में संभावित नुकसान को कम किया जा सके।

**निशांत ठाकुर, अतिरिक्त सचिव (राजस्व) एवं कार्यक्रम निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण।**

### तेजी से बढ़ रहा ग्लेशियल झीलों की संख्या और आकार

**हाल** के वर्षों में हिमालयी क्षेत्रों में ऐसी घटनाओं की संभावना बढ़ी है, क्योंकि ग्लेशियल झीलों की संख्या और आकार दोनों तेजी से बढ़ रहे हैं। भारत के हिमालयी राज्यों जैसे सिक्किम, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और लद्दाख में कई झीलें उच्च जोखिम वाली मानी गई हैं। उदाहरण के तौर पर वर्ष 2023 में सिक्किम की साउथ लोन्क झील के फटने से तीस्ता नदी में भीषण बाढ़ आई थी, जिससे भारी नुकसान हुआ था। बढ़ते खतरे को देखते हुए भारत सरकार और वैज्ञानिक संस्थान उपग्रहों की मदद से ग्लेशियल झीलों की निगरानी, जोखिम आकलन व पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित करने पर काम कर रहे हैं। इस प्रकार ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड हिमालयी क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन से जुड़ी एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय व आपदा प्रबंधन चुनौती बन गया है।

# जटेहड़ बिहाल में ब्यास नदी से सुरक्षा के लिए आरसीसी दीवार निर्माण का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** पतलीकूहल क्षेत्र के जटेहड बिहाल में ब्यास नदी की संभावित बाढ़ से स्थानीय जनता को सुरक्षित रखने व क्षेत्र के भविष्य को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। पतलीकूहल सब्जी मंडी के समीप करीब साढ़े पांच करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली आरसीसी सुरक्षा दीवार के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के बाद जेसीबी मशीन के आगे नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का औपचारिक शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे विधायक का स्थानीय लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया और क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। भूमिपूजन के उपरांत पतलीकूहल सब्जी मंडी परिसर में एक जनसभा का भी आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि जटेहड़ बिहाल में लगभग साढ़े पांच करोड़ रुपए से बनने वाली यह सुरक्षा दीवार क्षेत्र को ब्यास नदी की बाढ़ से बचाने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले करीब दस करोड़ रुपए की लागत से बयास नदी और बड़ाग्रां नाले के संगम स्थल पर आरसीसी दीवार के निर्माण का लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र में बाढ़ से होने वाले नुकसान को स्थायी रूप से रोकने के लिए सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। माहिली सहित अन्य बाढ़ संभावित क्षेत्रों में सुरक्षा दीवारों के निर्माण के लिए लगभग 243 करोड़ रुपए के प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजे गए हैं, ताकि आने वाले समय में लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। जनसभा को विधायक के अतिरिक्त जटेहड के बूथ अध्यक्ष देव नलवा, राजगीर महंत और पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष बीर सिंह ठाकुर ने भी संबोधित किया। उन्होंने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की परियोजनाएं न केवल लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी, बल्कि क्षेत्र के विकास को भी नई दिशा देंगी। कार्यक्रम में एसडीओ योगेश ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, डीएफओ एंजल चौहान, बीओ संदीप ठाकुर, कुंज लाल ठाकुर, विक्की, डोला और रमेश शंभु सहित कई गणमान्य लोग और स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



# गौ माता को न्याय दिलाने हाईकोर्ट पहुंचे रेणुकाजी के राजेंद्र सिंह

## अदालत ने चीफ सेक्रेटरी, डीसी सिरमौर समेत कई अधिकारियों को जारी किए नोटिस

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सड़कों पर भटक रहे बेसहारा गौवंश के संरक्षण को लेकर रेणुकाजी के निवासी पशु प्रेमी राजेंद्र सिंह हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट पहुंच गए हैं। इस मामले में जनहित याचिका दायर की है, जिस पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव, गौसेवा आयोग के अध्यक्ष, निदेशक पशुपालन विभाग, उपायुक्त सिरमौर और बीडीओ ददाहू को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।




### सड़कों पर भटक रहा बेसहारा गौवंश

**राजेंद्र** सिंह ने कहा कि संगड़ाह और ददाहू विकास खंड में बड़ी संख्या में बेसहारा गौवंश सड़कों पर भटक रहा है। सर्दियों में बर्फबारी के दौरान कई पशुओं की मौत हो जाती है, जबकि गर्मियों में उन्हें पानी तक उपलब्ध नहीं हो पाता। कई गौवंश सड़क हादसों में घायल या अपंग भी हो चुके हैं।

### पशु क्रूरता पर कार्रवाई की मांग

*राजेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि सड़क किनारे अतिक्रमण कर सब्जियां बेचने वाले कुछ दुकानदार आए दिन गायों को डंडों से पीटते हैं, जो पशु क्रूरता का गंभीर मामला है। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।*

# पर्याप्त मात्रा में घरेलू सिलेंडर उपलब्ध

## अनावश्यक रूप से न करें गैस सिलेंडरों का भंडारण : प्रियंका वर्मा

अनंत ज्ञान

**नाहन।** उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला सिरमौर में संचालित सभी गैस एंजेसियों में पर्याप्त मात्रा में घरेलू एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध हैं तथा उपभोक्ताओं को नियमित रूप से आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि मध्य-पूर्व एशिया मे जारी अतंरराष्ट्रीय संघर्ष की खबरों के कारण पूरे प्रदेश सहित जिला सिरमौर में भी एलपीजी की उपलब्धता को लेकर कुछ अफवाहें फैल रही हैं।

◆ **गैस एंजेसियां निर्धारित समय पर उपलब्ध करवाएं गैस सिलेंडर : उपायुक्त**



उन्होंने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा अनावश्यक रूप से गैस सिलेंडरो का भंडारण न करें। उपायुक्त ने समस्त गैस एंजेसियों को निर्देश दिए हैं कि वह उपभोक्ताओं को निर्धारित समय के भीतर गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

## न्यूज ब्रीफ

### राजगढ़ में धूमधाम से मनाया प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार का जन्मदिवस

अनंत ज्ञान, राजगढ़। ब्लॉक कांग्रेस पच्छाद एवं युवा कांग्रेस पच्छाद द्वारा संयुक्त रूप से हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार का जन्मदिवस राजगढ़ में सादगी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने राजगढ़ अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि समाज सेवा ही सच्चा उत्सव है, इसलिए जन्मदिवस के अवसर पर जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बेहतर कार्य है। इस अवसर पर विवेक शर्मा, अनुज ठाकुर, ज्योति साहनी, दिनेश आर्य, विक्रम ठाकुर, चंद्र मोहन, बलदेव तोमर, निशु शर्मा, स्नेह शर्मा, सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### डॉ. धनीराम शांडिल आज सोलन प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 13 मार्च को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल 13 मार्च को प्रातः 11:40 बजे कंडाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत जधाणा के गांव कुफ्टू में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

### महिला से 5 लीटर अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पुलिस थाना पच्छाद की टीम ने गश्त के दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक महिला को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस को सूचना मिली थी कि महिला अपने घर से अवैध शराब बेचने का काम कर रही है। आरोपी के घर की तलाशी के दौरान करीब 5 लीटर अवैध कसीदशुदा शराब बरामद की गई।

### वैन में लगी आग, बाल-बाल बचे युवक



**अनंत ज्ञान, अर्की।** उपमंडल अर्की में एनएच 205 पर दानोघाट के समीप एक ओमिनी वैन एचपी63-6228 में शार्ट सर्किट से आग लग गई। वैन में सवार दो युवकों ने आग लगने का अंदेशा होते ही समय रहते गाड़ी से निकल गए। अग्निशमन विभाग प्रभारी अशोक धीमान ने बताया कि दानोघाट में गाड़ी में आग लगी है। टीम ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पा लिया। उन्होंने बताया कि गाड़ी कृष्ण लाल पुत्र रामकिशन की थी, वे दाड़लाघाट से शिमला की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया की अन्य गाड़ियों व साथ लगते क्षेत्र को आग से सुरक्षित किया गया है और लगभग 50 से 60 हजार का नुकसान हुआ है।

### भाजपा का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान संपन्न

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भारतीय जनता पार्टी संगड़ाह मंडल द्वारा विश्राम गृह संगड़ाह में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बलबीर ठाकुर ने की, जबकि प्रशिक्षण अभियान के पालक एवं प्रभारी प्रदेश किसान मोर्चा उपाध्यक्ष रामेश्वर ठाकुर रहे। यह दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 9 मार्च को सुबह 11 बजे शुरू होकर 10 मार्च को सुबह 11 बजे संपन्न हुआ। प्रशिक्षण अभियान में कुल सात सत्र आयोजित किए गए, जिनमें पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यपद्धति और विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया।

### बाड़ूबाड़ा देव की पावन देव यात्रा 15 मार्च से

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट क्षेत्र के सर्व आराध्य बाड़ूबाड़ा देव की पावन देव यात्रा 15 मार्च से आरंभ होगी। यह देव यात्रा करीब डेढ़ महीने तक चलेगी, जिसमें देवता अपने कारिंदों के साथ श्रद्धालुओं के घर-घर जाकर उनकी मन्नतें पूर्ण करने का आशीर्वाद देंगे। यह यात्रा मार्च से शुरू होकर मई माह तक विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित की जाएगी। देवता के कारिंदे पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोलन, शिमला, बिलासपुर तथा मंडी जिलों में देव जात्रा करेंगे। सोलन जिला, अर्की तथा आसपास के क्षेत्रों में बाड़ूबाड़ा देव को विशेष रूप से पूजा जाता है और श्रद्धालुओं में इनके प्रति गहरी आस्था है। देवता का मूल स्थान मांगल क्षेत्र के मन्झयाटल धार के पूर्वी किनारे की ऊंची चोटी पर स्थित है। वहीं देवता के अन्य पूजास्थल और रथ अर्की के दाड़लाघाट तथा मंडी सुकेत के नालनी बटवाड़ा सहित कई स्थानों पर स्थापित हैं।

### 14 से 16 अप्रैल तक मनाया जाएगा राजगढ़ का प्रसिद्ध बैशाखी मेला

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** सिरमौर जिले का प्रसिद्ध एवं पारंपरिक जिला स्तरीय शिरगुल देवता बैशाखी मेला आगामी 14 से 16 अप्रैल तक राजगढ़ के नेहरू मैदान में बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी एसडीएम राजगढ़ एवं मेला समिति के अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर ने वीरवार को मेले की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उल्लेखनीय है कि राजगढ़ में क्षेत्र के पीठासीन देवता शिरगुल के नाम पर हर वर्ष बैशाख संक्रांति के अवसर पर इस मेले का आयोजन परंपरागत रूप से किया जाता रहा है। एसडीएम ने जानकारी दी कि 14 अप्रैल को परंपरा के अनुसार बैशाख संक्रांति के दिन राजगढ़ स्थित शिरगुल देवता मंदिर में पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके उपरांत देवता की पालकी की भव्य शोभायात्रा मेले में निकाली जाएगी, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु भाग लेंगे।

### दाड़लाघाट में किया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन

**अनंत ज्ञान, अर्की।** दाड़लाघाट ट्रक यार्ड में भारी वाहन चालकों के लिए एक विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ट्रक चालकों और परिवहन से जुड़े लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करना तथा दुर्घटनाओं को कम करने के लिए आवश्यक सावधानियों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में डॉ. नवम धीमान के नेतृत्व में ट्रक चालकों को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कि आज के समय में सड़क दुर्घटनाएं एक गंभीर सामाजिक और स्वास्थ्य समस्या बन चुकी हैं। विशेष रूप से भारी वाहनों के चालक लंबी दूरी तय करते हैं, जिसके कारण थकान, नींद की कमी और जल्दबाजी कई बार दुर्घटनाओं का कारण बन जाती है। इसलिए आवश्यक है कि चालक सड़क पर चलते समय पूरी सावधानी और जिम्मेदारी के साथ वाहन चलाएं।

## नगर परिषद का कार्यकाल समाप्त होने के बाद विधायक के साथ नाम लिखने पर विवाद

# कार्यकाल खत्म, फिर भी उद्घाटन पट्टिका पर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के नाम

अनंत ज्ञान

**परवाणू।** नगर परिषद का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी एक उद्घाटन कार्यक्रम में लगी पट्टिका पर अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के नाम लिखे जाने को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। बुधवार को शहर में एक विकास कार्य के उद्घाटन के दौरान लगाई गई पट्टिका में विधायक के साथ नगर परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के नाम भी अंकित पाए गए, जबकि नगर परिषद का कार्यकाल पहले ही समाप्त हो चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब परिषद का कार्यकाल खत्म हो चुका है और प्रशासनिक जिम्मेदारी प्रशासक के पास होती है, तो उद्घाटन पट्टिका पर पूर्व पदाधिकारियों के नाम क्यों जोड़े गए। ऐसे में उद्घाटन पट्टिका पर पूर्व पदाधिकारियों के नाम लिखे जाने पर शहर में चर्चा का बाजार गर्म है।

नियम के अनुसार यदि नप का कार्यकाल समाप्त हो गया है तो मौजूदा उप मंडल अधिकारी (नागरिक) व नप कार्यकारी अधिकारी का नाम लिखा जाना चाहिए था। इस मामले में विधायक और संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण की अपेक्षा की जा रही है। विपक्ष द्वारा भी इस मुद्दे की निंदा की गई है कि सत्ता पक्ष द्वारा नियमों व प्रोटोकॉल अनदेखी के आरोप लगाए गए हैं।



उद्घाटन पट्टिका में अंकित नप की अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के नाम। अनंत ज्ञान

### राष्ट्रीय ध्वज का अनावरण बना पार्टी का कार्यक्रम

**परवाणू** में राष्ट्रीय ध्वज का अनावरण कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रम में उस वक्त तब्दील होता नजर आया, जब कार्यक्रम में कांग्रेस सरकार जिंदाबाद व विधायक विनोद सुल्तानपुरी तथा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू के नारे गूजने लगे। लोगों इस बात की भी चर्चा रही की परवाणू के स्थानीय भाजपा समर्थक, कार्यकर्ता तथा राजनितिक लोग कार्यक्रम में नदारद नजर आए। लोगों का कहना था की यह कार्यक्रम यदि पूरे परवाणू का था तो केवल कांग्रेस के लोगों को ही निमंत्रण क्यों भेजा गया, सभी को आमंत्रित किया जाना चाहिए था।

### जवाब देने से बच रहे अधिकारी

**इस** मामले में उच्च अधिकारीयों से बात करने पर अधिकारी सवालों से बचते नजर आए, कुछ अधिकारियों ने फोन नहीं उठाया, तो कुछ ने अन्य अधकारियों का नाम लेकर पीछा छुड़ाने का प्रयास किया और कोई सही जवाब नहीं दिया।

"**परवाणू** में राष्ट्रिय ध्वज के अनावरण पर नप कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का नाम उद्घाटन पट्टिका पर लिखना नियमों व प्रोटोकॉल की सरासर अनदेखी है तथा यह निंदनीय एवं अशोभनीय कार्य है। यदि विधायक इस बात से अनभिज्ञ भी थे, तो उन्हें इसमें सुधार करना चाहिए।"
**राजीव सहजल, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री, भाजपा**

"**नगर** परिषद द्वारा वर्षों पुराने नियम को तोड़कर यह जो कार्यक्रम किया है हम उसकी निंदा करते हैं। इतने वर्षों से नगर परिषद पार्क में किसी भी निजी या राजनितिक कार्यक्रम के लिए किसी को अनुमति नहीं दी गई थी, वहीं विपक्ष के दबाव में नगर परिषद ने परवाणू के सबसे सुंदर व हरे-भरे पार्क की शोभा खराब की है, जोकी गलत है। नप कार्यकाल पूरा होने के पश्चात उद्घाटन पट्टिका पर केवल विधायक का नाम होना चाहिए था, यदि आवश्यक था तो मौजूदा अधिकारीयों का नाम लिखा जाना चाहिए था।"
**डॉ. डेजी ठाकुर, भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष**

# 5459 लाभार्थियों को 198 .99 करोड़ रपए की राशि स्वीकृत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने ज़िला के सभी बैंकों को निर्देश दिए हैं कि लंबित ऋण मामलों का निपटारा 31 मार्च तक अवश्य सुनिश्चित किया जाए। वह आज यहां आयोजित ज़िला स्तरीय सलाहकार समिति की 182वीं त्रैमासिक बैठक तथा यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) की 55वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मनमोहन शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण स्वरोजगार मिशन के अंतर्गत दिसंबर 2025 तक विभिन्न बैंकों में पंजीकृत 1180 स्वयं सहायता समूहों को लगभग 1730 करोड़ का ऋण उपलब्ध करवाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। बैठक में यूको बैंक की अग्रणी जिला प्रबंधक तमन्ना मोदगिल ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 31 दिसंबर 2025 तक सोलन में 5459 लाभार्थियों को 198.99 करोड़ स्वीकृत किए हैं।

◆ **बैंक लंबित ऋण मामलों का निपटारा 31 मार्च तक पूर्ण करें : मनमोहन शर्मा**

उन्होंने जानकारी दी कि यूको बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 45 वर्ष से बढ़ाकर 18 से 50 वर्ष कर दी गई है। इससे अधिक लोगों को प्रशिक्षण प्राप्त करने और नए कौशल सीखने का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि होगी। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जन सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया योजना, डॉ. वाई.एस. परमार ऋण योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने बैंक अधिकारियों को ग्रामीण पंचायतों में बैंकिंग और ऑनलाइन बैंकिंग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के भी निर्देश दिए ताकि लोग ठगी से बच सकें।

### ग्राम सभा के विभाजन अथवा पुनर्गठन के संबंध में अधिसूचना जारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना के अनुरूप ग्राम सभा के विभाजन अथवा पुनर्गठन कर नई ग्राम सभा के गठन एवं स्थापना के संबंध में आक्षेपों एवं सुझावों के लिए अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार आपत्ति एवं सुझाव 12 मार्च तक उपायुक्त सोलन के समक्ष प्रस्तुत करने होंगे। उसके उपरांत कोई भी आपत्ति एवं सुझाव स्वीकृत नहीं किए जाएंगे। सोलन जिला में यह अधिसूचना खंड विकास अधिकारी सोलन की ग्राम पंचायत सलोगड़ा व खंड विकास अधिकारी कंडाघाट की ग्राम पंचायत सतडोल के संबंध में प्रेषित की गई है।

इस अधिसूचना के अनुसार विकास खंड सोलन की वर्तमान ग्राम पंचायत सलोगड़ा का पुनर्गठन ग्राम पंचायत मनसार के रूप में तथा विकास खंड कंडाघाट की वर्तमान ग्राम पंचायत सतडोल का पुनर्गठन ग्राम पंचायत घाट कुम्हाला के रूप में किया जाना है।

# 14,640 नशीले कैप्सूल और 4800 टेबलट्स के साथ आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



**नाहन।** पांवटा ब्लॉक में पुलिस की स्पेशल टीम ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने कुल 14,640 नशीले कैप्सूल और 4,800 नशीली गोलियां बरामद की हैं। इस मामले में सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार पहले चरण में आमिर पुत्र बुरहान और मोहम्मद नवाज पुत्र विशाल अहमद, दोनों निवासी बेहट, सहारनपुर, को गिरफ्तार किया गया था। इनके कब्जे से 11,040 नशीले कैप्सूल और 4,200 गोलियां बरामद हुई थीं। जांच आगे बढ़ाने पर तीसरे आरोपी शाकिब पुत्र अब्दुल गफ्फार, निवासी चिल्काना, सहारनपुर को भी गिरफ्तार किया गया। अदालत ने उसे 12 मार्च तक पुलिस रिमांड में भेजा है।

पुलिस ने चौथे आरोपी वॉबी कुमार पुत्र दीपक, निवासी अतरगढ़, सहारनपुर को भी गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 3,600 नशीले कैप्सूल और 600 गोलियां बरामद हुई। इस तरह कुल बरामदगी 14,640 कैप्सूल और 4,800 गोलियां हो चुकी हैं। मामले की जांच जारी है।

# शूलिनी विवि की वैज्ञानिक डॉ. राधा को लंदन की संस्था ने दी फेलोशिप

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय के जैविक और पर्यावरण विज्ञान संकाय में वनस्पति विज्ञान की सहायक प्रोफेसर डॉ. राधा को लंदन की प्रतिष्ठित लिनियन सोसायटी की फेलो (एफएलएस) चुना गया है। यह सोसायटी प्राकृतिक इतिहास और जीव विज्ञान को समर्पित दुनिया की सबसे पुरानी और सम्मानित वैज्ञानिक संस्थाओं में से एक है। लिनियन सोसायटी की फेलोशिप के रूप में चयन को एक विशिष्ट अंतरराष्ट्रीय सम्मान माना जाता है, जो उन वैज्ञानिकों को दिया जाता है, जिन्होंने जीव विज्ञान, जैव विविधता अनुसंधान, वर्गीकरण और पारिस्थितिकी में उल्लेखनीय योगदान दिया है। सोसायटी के फेलोशिपो में दुनियाभर के प्रमुख शोधकर्ता शामिल हैं, जो पृथ्वी पर जीवन और जैव विविधता की समझ को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। डॉ. राधा को वनस्पति विज्ञान, नृजातीय वनस्पति विज्ञान, औषधीय पौधों और पादप रसायन विज्ञान में उनके शोध के लिए मान्यता मिली है।



# निरीक्षण : 4 स्कूलों के 7 कमरे असुरक्षित

अनंत ज्ञान

**नाहन।** शिलाई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शिक्षा खंड रोनहाट के चार विद्यालयों में जर्जर भवनों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। भवनों की खराब स्थिति के मद्देनजर गठित समिति ने स्कूलों के कमरों का निरीक्षण कर उनकी स्थिति का आकलन किया। निरीक्षण समिति में उपनिदेशक शिक्षा राजीव ठाकुर, शिक्षा खंड अधिकारी रोनहाट नीलम ठाकुर, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता अनिल ठाकुर, समग्र शिक्षा के कनिष्ठ अभियंता मोहन सिंगटा, संबंधित विद्यालयों के एसएमसी अध्यक्ष, पाठशाला प्रभारी और कार्यालय अधीक्षक गगनदीप सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। संयुक्त टीम ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला हकायना में दो कमरों, राजकीय प्राथमिक पाठशाला बोंच में दो कमरों, राजकीय प्राथमिक पाठशाला अजरोली में एक कमरे और राजकीय प्राथमिक पाठशाला जरवा में दो कमरों का निरीक्षण पाया कि इन सभी कमरों की हालत अत्यंत जर्जर है और छात्रों के लिए असुरक्षित हो सकती है। निरीक्षण से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट निदेशक स्कूल शिक्षा हिमाचल प्रदेश को भेजी जाएगी। स्वीकृति मिलने के बाद इन जर्जर कमरों को गिराने की कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध वन कटान पर भाजपा-कांग्रेस के नेताओं की चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण : मनीष




पत्रकारों को संबोधित करते मनीष बिरसान्टा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नाहन।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) जिला सिरमौर द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें अभाविप के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनीष बिरसान्टा ने सिरमौर के शिलाई में हुए 307 चीड़ के अवैध पेड़ कटान मामले की निंदा की है। विद्यार्थी परिषद ने इस मामले में प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन सौंपा है व इस मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग भी की है। उन्होंने बताया कि जिला सिरमौर के भीतर भाजपा व कांग्रेस के बड़े-बड़े दिग्गज नेता है, लेकिन शिलाई अवैध पेड़ कटान मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। ये यह दर्शाता है कि ये सब नेताओं व उच्च अधिकारियों की मिलीभगत से ही हुआ है।

मनीष बिरसान्टा ने कहा कि जब से हिमाचल प्रदेश के भीतर व्यवस्था परिवर्तन की सरकार आई है तबसे व्यवस्थाओं का पतन ही हो रहा है। हिमाचल प्रदेश में हम आए दिन देखते की टिंबर माफिया, खनन माफिया, फिरौती माफिया, गोली कांड, चिट्टा माफिया बेलगाम होता जा रहा है। खनन माफिया इतना ज्यादा सक्रिय हो चुका है कि पहाड़ के पहाड़ काटे जा रहे हैं।

## ग्रामीण आर्थिकी मजबूत करने के लिए सरकार कर रही विशेष प्रयास : विनोद सुल्तानपुरी

# परवाणू में 44.65 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण

अनंत ज्ञान

**परवाणू।** कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के समावेशी विकास और कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। वह वीरवार को परवाणू में विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लोकार्पण के उपरांत आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि गांवों को आत्मनिर्भर बनाए बिना प्रदेश का चहुंमुखी विकास संभव नहीं है, इसलिए सरकार ग्रामीण आर्थिकी को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार ने कई योजनाएं शुरू की हैं। इनमें गाय व भैंस के दूध के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि, प्राकृतिक खेती से उगाए गए उत्पादों के समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी और दूर-दराज क्षेत्रों तक सेवाएं पहुंचाने के लिए 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम शामिल हैं।

◆ **105 फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया**



विकासात्मक कार्यों लोकार्पण करते विधायक विनोद सुल्तानपुरी। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में किसानों, बागवानों और पशुपालकों के हित में अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश सरकार राजस्व घाटा अनुदान बंद होने के बाद उत्पन्न वित्तीय चुनौतियों से निपटने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सरकार ने तीन वर्षों में वित्तीय अनुशासन के साथ हिमाचल की आर्थिकी को मजबूत करने के लिए कार्य किया है और लगभग 3800 करोड़ रुपये से अधिक राजस्व एकत्रित किया है।

इस अवसर पर विधायक ने नगर परिषद परवाणू के मैदान में 10 लाख रुपए की लागत से स्थापित 105 फुट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का भी शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान का प्रतीक है और यह हमारे वीर शहीदों के त्याग और हर भारतीय के गर्व का प्रतीक है।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने दशहरा ग्राउंड में 5 लाख रुपए की लागत से स्थापित हाई मास्ट लाइट, नगर परिषद आनंद पार्क में 3 लाख से बने सेल्फी प्वाइंट, शहर के विभिन्न हिस्सों में 10 लाख की लागत से लगाए गए 24 सीसीटीवी कैमरों तथा 9 लाख रुपये से किए जा रहे स्टॉर्म वॉटर मैनेजमेंट कार्य का भी शुभारंभ किया। इससे सिरमौर चौक क्षेत्र में लंबे समय से पानी भरने की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी।

# भारत पर फिर से टैरिफ लगाने की तैयारी में अमेरिका

## सेक्शन 301 के तहत 16 प्रमुख ट्रेडिंग पार्टनर्स के खिलाफ की जांच शुरू

एजेंसी, वॉशिंगटन

**अमेरिका** के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने भारत और चीन समेत अपने 16 प्रमुख ट्रेडिंग पार्टनर्स के खिलाफ 'सेक्शन 301' के तहत नई जांच शुरू कर दी है। 'सेक्शन 301' अमेरिका को उन देशों पर एकतरफा टैक्स बढ़ाने की शक्ति देता है, जो उसकी कंपनियों को नुकसान पहुंच रहे हो।

पिछले महीने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ को अवैध बताने के बाद, प्रशासन अब नए कानूनी रास्तों से टैरिफ का दबाव वापस बनाने की तैयारी में है। यूएस ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव जेमिसन ग्रीर के मुताबिक, इस जांच के कारण इस साल गर्मियों तक भारत, चीन,

◆ **अनुचित व्यापार के सबूत मिले तो भारी टैक्स लगेगा**

यूरोपीय संघ और मैक्सिको जैसे देशों पर नए टैरिफ लगाए जा सकते हैं। ट्रंप प्रशासन ने कुल 16 ट्रेडिंग पार्टनर्स के खिलाफ जांच शुरू की है। इनमें भारत, चीन, यूरोपीय संघ, जापान, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, वियतनाम, ताइवान, थाईलैंड, मलेशिया, कंबोडिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, स्विट्जरलैंड और नॉर्वे शामिल हैं।

गौर रहे कि 20 फरवरी को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप द्वारा लगाए गए ग्लोबल टैरिफ को अवैध करार दिया था। इसके बाद ट्रंप ने 150 दिनों के लिए 10% का अस्थाई टैरिफ लगाया था। अब प्रशासन 'सेक्शन 301' का इस्तेमाल कर रहा है, ताकि ट्रेडिंग पार्टनर्स पर टैरिफ का खतरा बरकरार रहे और उन्हें बातचीत की मेज पर लाया जा सके। यह 'ट्रेड एक्ट ऑफ 1974' का एक हिस्सा है। यह अमेरिकी ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव को यह ताकत देता है कि अगर कोई देश 'अनुचित व्यापार व्यवहार' करता है, तो अमेरिका उस पर जवाबी टैरिफ या अन्य प्रतिबंध लगा सकता है। अमेरिका उन देशों की जांच कर रहा है जो अपनी जरूरत से कहीं ज्यादा सामान बना रहे हैं और खपत न होने पर उस माल को सस्ते दामों पर अमेरिकी बाजारों में डंप कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप के पास जंग खत्म करने का कोई प्लान नहीं

## ईरान की ताकत का लगाया गलत अंदाजा, तेल सप्लाई ठप होगी, सोचा नहीं था

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 18 फरवरी को जब यह तय कर रहे थे कि ईरान पर हमला किया जाए या नहीं, तब ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने एक इंटरव्यू में कहा था कि उन्हें यह चिंता नहीं थी कि अगर युद्ध हुआ तो मिडिल ईस्ट से तेल की सप्लाई पर असर पड़ेगा या तेल के बाजार में बड़ी गड़बड़ी होगी। राइट ने कहा था कि पिछले साल जून में जब इसराइल और अमेरिका ने ईरान पर हमले किए थे, तब भी तेल बाजार पर ज्यादा असर नहीं पड़ा था। उनके मुताबिक उस समय तेल की कीमत थोड़ी बढ़ी थी, लेकिन जल्द ही नीचे आ गई थी।

ट्रंप के दूसरे सलाहकार भी निजीतौर पर इसी तरह की राय रखते थे। उनका मानना था कि चेतावनियां बढ़ा-चढ़ाकर दी जा रही हैं और ईरान शायद ही इस बार तेल ले जाने वाले समुद्री रास्तों को बंद करेगा, जिनसे दुनिया की लगभग 20% तेल सप्लाई गुजरती है। हाल के दिनों में यह आकलन गलत साबित होता दिख रहा है। ईरान ने धमकी दी कि वह होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले तेल के टैंकरों पर हमला कर सकता है। (अनंत ज्ञान)

### होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही रुकी

**ईरान** की इन धमकियों के बाद खाड़ी रीजन में व्यावसायिक जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई है। इस वजह से तेल की कीमतें एक समय 110 डॉलर प्रति बैरल को छू गई थीं। ट्रंप प्रशासन अब आर्थिक संकट को काबू में करने के तरीके खोजने में जुट गया है। इस संकट के कारण अमेरिका में पेट्रोल की कीमतें भी बढ़ गई हैं। इस घटना यह भी पता चलता है कि ट्रंप और उनके सलाहकारों ने जंग पर ईरान के रुख का गलत अंदाजा लगाया। ईरान इस संघर्ष को अपने अस्तित्व से जुड़ा खतरा मान रहा है।

## इराकी कुर्दिस्तान में इतालवी सैन्य बेस पर मिसाइल हमला

**एजेंसी, तेहरान।** इराकी कुर्दिस्तान के इरबिल में स्थित इतालवी सैन्य बेस पर बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात एक मिसाइल गिरी है। इटली के रक्षा मंत्रालय ने वीरवार को इस हमले की पुष्टि करते हुए बताया कि हमले में किसी भी इतालवी कर्मी को चोट नहीं आई है और सभी सुरक्षित हैं। विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी है कि मिसाइल हमले के वक्त सैन्य कर्मियों ने बंकरों में शरण ली थी। रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो इस घटना के बाद से लगातार वरिष्ठ सैन्य कमांडरों के संपर्क में हैं। इटली के करीब 300 सैनिक वर्तमान में इरबिल में तैनात हैं, जो कुर्द सुरक्षाबलों को ट्रेनिंग देने का कार्य कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## आतंकवाद के वित्त पोषण मामले में शब्बीर अहमद शाह को मिली जमानत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह को आतंकवाद के वित्तपोषण के मामले में वीरवार को जमानत दे दी। शाह को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने इस मामले में चार जून, 2019 को गिरफ्तार किया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि जमानत के संबंध में शाह पर कुछ कड़ी शर्तें लगाई जाएंगी और विस्तृत आदेश बाद में जारी किया जाएगा। पीठ ने शाह की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंसाल्वेस की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। एनआईए की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा पेश हुए। शब्बीर ने जमानत देने से इनकार किये जाने संबंधी दिल्ली उच्च न्यायालय के पिछले साल 12 जून के आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी। (अनंत ज्ञान)

## मंदिरों में पशु बलि पर रोक लगाने संबंधी याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने धर्म के नाम पर मंदिरों में जानवरों की बलि पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है।



जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की अगली सुनवाई एक महीने बाद करने का आदेश दिया। वकील श्रुति बिष्ट ने दायर याचिका में कहा है कि मंदिरों में जानवरों की बलि के मामले पर सरकार और प्रशासन बिल्कुल चुप हैं। याचिका में प्रिवेंशन ऑफ क्रूएल्टी टू एनिमल्स एक्ट की धारा 28 में जरुरी संशोधन कर धर्म के नाम पर जानवरों की बलि पर रोक लगाने की मांग की गई है।

धारा 28 में कहा गया है कि धार्मिक रिवाज के मुताबिक किसी जानवर की बलि लेना अपराध नहीं है। याचिका में मांग की गई है कि धार्मिक त्यौहारों के समय जानवरों का कत्ल करने पर रोक लगाई जाए। (अनंत ज्ञान)

# मणिपुर के चुराचांदपुर व थौबल जिले से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद



**एजेंसी, इंफाल**

**मणिपुर** के अलग-अलग हिस्सों में अभियान चलाते हुए सुरक्षाबल एवं पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किया है।

मणिपुर पुलिस मुख्यालय द्वारा वीरवार को दी जानकारी के अनुसार, सुरक्षाबलों ने चुराचांदपुर जिले के संगाईकोट थानांतर्गत आने वाले जी. सोंगेल गांव में अभियान चलाते हुए तीन देसी बोल्ट एक्शन एसबीबीएल कैलिबर की राइफलें, एक मैगजीन के साथ देसी बोल्ट एक्शन .303 कैलिबर की राइफल, एक मैगजीन के साथ देसी 9एमएम कैलिबर की पिस्तौल, एक पोंपी, छह स्थानीय रूप से निर्मित रॉकेट शेल और दो स्टन ग्रेनेड बरामद किये गये हैं। वहीं दूसरे अभियान में सुरक्षाबलों ने थौबल जिले के नोंगपोख सेकमाई थानांतर्गत क्वारोक मारिंग की तलहटी में सुरक्षाबलों ने एक एके राइफल मैगजीन सहित, एक लेथोड गन, दो एसबीबीएल गन, एक 36 नंबर एचई हैंड-ग्रेनेड, तीन ग्रेनेड, दो डेटोनेटर, दस 7.62×51 मिमी गोलियों के राउंड, दो हेलमेट और एक बीपी वेस्ट बरामद किया है। (अनंत ज्ञान)

## मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर के विभिन्न हिंसा प्रभावित इलाकों में सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान के दौरान विभिन्न उग्रवादी संगठनों के कैडरों को गिरफ्तार कर रहे हैं। बीते 24 घंटों के दौरान क्रांतिकारी जन मोर्चा (आरपीएफ)/ पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी), कांगलीपाक पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी-प्रगतिशील (प्रीपाक-प्रो) के कुल तीन कैडरों को गिरफ्तार किया गया है।

## आंध्र प्रदेश में मिलावटी दूध से मरने वालों की संख्या 13 पहुंची, सात का इलाज जारी

**एजेंसी, राजमहेंद्रवरम (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में संदिग्ध रूप से मिलावटी दूध पीने के कारण मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है और सात अन्य लोगों का राजमहेंद्रवरम के अस्पतालों में इलाज जारी है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इस मामले का पता सबसे पहले 22 फरवरी को चला था जब कई बुजुर्ग व्यक्तियों को पेशाब न आना, उल्टी, पेट दर्द और अन्य दिक्कतों के कारण अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। लालाचेरुवु के चौडेश्वरनगर और स्वरूपनगर इलाकों के निवासी कथित तौर पर मिलावटी दूध पीने के बाद बीमार पड़ गए।

एक अधिकारी ने कहा कि पूर्वी गोदावरी जिले में संदिग्ध मिलावटी दूध मामले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है और सात लोगों का राजमहेंद्रवरम के अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है।' प्राधिकारियों ने कहा कि महामारी विज्ञान संबंधी पुख्ता साक्ष्य दूध में मिलावट को संभावित कारण के रूप में इंगित करते हैं तथा विभिन्न विभागों ने इस मामले में समन्वित कार्रवाई शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 829 अंक गिरा निफ्टी भी 228 अंक टूटा

**एजेंसी, मुंबई**




**अमेरिका**-इसराइल और ईरान के कारण शेयर बाजार में वीरवार को लगातार दूसरे गिरावट रही। सेंसेक्स 829 अंक (1.08%) की गिरावट के साथ 76,034 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 228 अंक (0.95%) की गिरावट रही, ये 23,639 पर बंद हुआ। ऑटो, एफएमसीजी, रियल्टी और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा गिरावट रही। एनर्जी और मेटल शेयर्स में बढ़त रही। अमेरिका-इसराइल और ईरान युद्ध से सप्लाई चेन बिगड़ गई है। इसके कारण कच्चे तेल के दाम बढ़ने से भारत का इंपोर्ट बिल और महंगाई बढ़ेगी। अमेरिका और एशियाई बाजारों में गिरावट का असर भारत पर पड़ा है। ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी है। ब्रेंट क्रूड करीब 9% बढ़कर फिर 101 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। वहीं अमेरिकी तेल डब्ल्यूटीआई भी 95 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया है। इससे पहले कल इस कच्चे तेल की कीमत में गिरावट थी। वहीं 9 मार्च को ब्रेंट क्रूड 116 डॉलर पर पहुंच गया था। 11 मार्च को शेयर बाजार में गिरावट रही थी। सेंसेक्स 1342 अंक (1.72%) की गिरावट के साथ 76,864 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में भी 395 अंक (1.63%) की गिरावट रही, ये 23,867 पर बंद हुआ था। (अनंत ज्ञान)

# राजौरी में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़, आईईडी बरामद

**एजेंसी, राजौरी**



सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के एक सुदूर वन क्षेत्र में स्थित आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया और एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद की है। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों ने बुधवार रात को थानामंडी के चामरेर वन क्षेत्र में चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान इस ठिकाने का पता लगाया। एक तैयार आईईडी के अलावा ठिकाने से कुछ खाने-पीने की चीजें और कपड़े भी बरामद किए गए। अधिकारियों ने बताया कि इस बरामदगी के संबंध में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## पुंछ में आतंकी साजिश मामले में एनआईए की छापेमारी जारी

**एजेंसी, जम्मू।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने वीरवार को आतंकी साजिश मामले की जांच के तहत जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि 2024 में सीमावर्ती जिले में दो लोगों से एक पिस्तौल और दो ग्रेनेड सहित हथियारों और गोला-बारूद की बरामदगी से जुड़े एक आतंकी साजिश से जुड़े मामले के सिलसिले में मोहल्ला खोरीनार और हरि-सूरनकोट में छापेमारी की गई थी। एनआईए ने पिछले साल अप्रैल में आरोपियों अब्दुल अजीज और मुनव्वर हुसैन के साथ-साथ उनके पाकिस्तानी हैंडलर नजीर हुसैन के खिलाफ पहले ही आरोप पत्र दायर कर दिया था। (अनंत ज्ञान)

# न्यूज ब्रीफ

## गर्मियों के मौसम में रसना न्यूट्री+ लॉन्च किया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत के लोकप्रिय पेय ब्रांड रसना ने गर्मियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए अपना नया उत्पाद रसना न्यूट्री+ लॉन्च किया है। यह पोषण से भरपूर पाउडर कॉन्सन्ट्रेट ड्रिंक है, जिसे रसना की रिसर्च एंड डेवलपमेंट टीम ने खासतौर पर आधुनिक भारतीय परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया है। इस नए पेय में रसना का वही जाना-पहचाना व पसंदीदा स्वाद बरकरार रखा गया है, जिसे लोग वर्षो से पसंद करते आए हैं, लेकिन इसके साथ इसमें जरूरी पोषक तत्व भी जोड़े गए हैं। इसका उद्देश्य यह है कि लोगों को स्वादिष्ट पेय का आनंद लेने के साथ-साथ शरीर के लिए जरूरी पोषण भी मिल सके, जिससे यह बच्चों और परिवार के सभी सदस्यों के लिए एक बेहतर और सेहतमंद विकल्प बन सके। रसना के ग्रुप चेयरमैन पिरुज खंबाटा ने कहा कि आज के समय में ग्राहक स्वाद और सेहत के बीच किसी एक को चुनना नहीं चाहते और रसना का नया उत्पाद रसना न्यूट्री+ इन दोनों के बीच संतुलन बनाने का काम करता है। उन्होंने बताया कि उन्हें इस बात पर गर्व है कि रसना आज भी 'मेक इन इंडिया' की सोच को आगे बढ़ाने वाला ब्रांड है। कंपनी अपने उत्पादों में केवल भारत में उगाए गए फलों का उपयोग करती है, जिससे किसानों को उनकी फसल का बेहतर और अधिक मूल्य मिल सके। यह पहल किसानों की आय बढ़ाने के लक्ष्य के साथ भी जुड़ी हुई है। रसना देश के कई हिस्सों में किसानों के साथ मिलकर फलों की खरीद करता है। उन्होंने यह भी कहा कि जहां कई कंपनियां अपने उत्पादों के लिए सामग्री विदेशों से मंगाती हैं, वहीं रसना पूरी तरह भारतीय ब्रांड है और गर्व के साथ अपने उत्पादों को दुनिया के 60 से अधिक देशों में निर्यात करता है। साथ ही उन्होंने खुशी जताई कि इस नए कैंपेन में उनका बेटा अरीज भी रसना बॉय के रूप में शामिल होकर इस ब्रांड की खुशियों को आगे बढ़ाने का हिस्सा बन रहा है।

## सीनियर सिटिजन होम बनाने में मदद की

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सामाजिक व पर्यावरण से जुड़ी पहलों में मदद के एक बड़े कदम के तौर पर, इंटरसॉफ्ट डेटालैब्स एंड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के एमडी, संदीप पासी ने पंजाब के रूपनगर जिले के लखमीपुर गांव में सीनियर सिटिजन होम बनाने में मदद की। पंजाब के गवर्नर और चंडीगढ़ के एडमिनिस्ट्रेटर, गुलाब चंद कटारिया की मौजूदगी में संदीप पासी द्वारा 5,00,000 रुपए का चेक दिया गया। यह चेक एनजीओ विमेन एंड चाइल्डकेयर वेलफेयर फाउंडेशन के फाउंडर जसबीर कौर और कमलजीत सिंह को दिया गया। यह योगदान इंटरसॉफ्ट डेटालैब्स एंड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पहल के तहत पंजाब के रूपनगर जिले के लखमीपुर गांव में एक सीनियर सिटिजन होम बनाने के लिए दिया गया है। इस मौके पर, इंटरसॉफ्ट डेटालैब्स एंड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, संदीप पासी ने कहा, 'एक कॉर्पोरेट संगठन के तौर पर यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम समाज के लिए सार्थक योगदान दें। सीनियर सिटिजन की देखभाल करने वाले और पर्यावरण और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने वाले प्रयासों का समर्थन करना एक ज्यादा दयालु और टिकाऊ समुदाय बनाने की दिशा में एक कदम है। हमें ऐसे नेक कामों के लिए जमीनी स्तर पर काम करने वाले संगठनों के साथ मिलकर काम करने पर गर्व है।

## समय पर सर्जरी से 35 वर्षीय मां की जान बची

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** एक दुर्लभ और जानलेवा प्रसूति आपात स्थिति में मदरहुड चैतन्य हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम ने 35 वर्षीय महिला में पाए गए अत्यंत असामान्य ट्विन सीजेरियन स्कार प्रेग्नेंसी का सफल उपचार कर समय पर पहचान और हस्तक्षेप के महत्व को रेखांकित किया। रिया (बदला हुआ नाम), जो पहले एक सी-सेक्शन डिलीवरी करा चुकी थीं और जिन्हें गर्भावस्था के मध्य चरण में एक बार गर्भहानि हो चुकी थी, इस बार स्वाभाविक रूप से गर्भवती हुईं। गर्भावस्था के नौवें सप्ताह में की गई शुरुआती अल्ट्रासाउंड जांच में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया- जुड़वां गर्भ पुराने सी-सेक्शन के निशान (स्कार) के भीतर ही विकसित हो रहा था। विशेषज्ञों ने सुरक्षित रूप से गर्भ को हटाकर समय रहते रक्तस्राव नियंत्रित कर लिया व बड़ी आपात स्थिति टाल दी। मामले पर टिप्पणी करते हुए डॉ. हीना चावला, कंसल्टेंट-गायनेकोलॉजिकल, लैप्रोस्कोपिक व ऑन्कोलॉजी सर्जरी, मदरहुड हॉस्पिटल्स, सेक्टर 44, चंडीगढ़ ने कहा, 'ट्विन स्कार प्रेग्नेंसी अत्यंत दुर्लभ, लेकिन उच्च जोखिम वाली स्थिति है। बिना उपचार के लगभग आधे मामलों में गंभीर रक्तस्राव हो सकता है। इसलिए जिन महिलाओं का पहले सी-सेक्शन हो चुका है, उनके लिए 6-7 सप्ताह में पहली तिमाही का अल्ट्रासाउंड कराना बेहद जरूरी है। समय पर पहचान से हम रक्तस्राव के खतरे को नियंत्रित कर सके और गर्भाशय को सुरक्षित रख पाए। गर्भाशय सुरक्षित रहने का मतलब है कि महिला की भविष्य की प्रजनन क्षमता प्रभावित नहीं होती, जो आगे गर्भधारण की योजना बनाने वाली महिलाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# कल मोगा के किल्ली चहल में भाजपा की विशाल 'बदलाव रैली': परमजीत

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी 14 मार्च को मोगा के किल्ली चहल में एक विशाल 'बदलाव रैली' आयोजित करने जा रही है, जो पंजाब की राजनीति में सकारात्मक परिवर्तन व विकास की नई दिशा का संदेश देगी।



इस रैली को भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य रूप से संबोधित करेंगे। रैली की तैयारियों को लेकर भाजपा पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़, कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा तथा संगठन मंत्री श्रीनिवासुलु प्रदेश के विभिन्न जिलों में जाकर कार्यकर्ताओं को सक्रिय और उत्साहित कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के उपाध्यक्ष परमजीत सिंह कैंथ ने कहा कि यह रैली केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि पंजाब में सुशासन, पारदर्शिता और तेज़ विकास के संकल्प का जन-आंदोलन बनेगी। उन्होंने कहा कि अमित शाह की मौजूदगी से पार्टी कार्यकर्ताओं, युवाओं और समर्थकों में नया जोश पैदा होगा और संगठनात्मक मजबूती और बढ़ेगी। कैंथ ने कहा कि पंजाब के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता, किसान, युवा और समाज के विभिन्न वर्ग इस रैली में भाग लेंगे। यह रैली भाजपा की बढ़ती जनस्वीकृति, मजबूत संगठन और पंजाब को नई दिशा देने के संकल्प का स्पष्ट संदेश देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा पंजाब में विकास, रोजगार, सामाजिक न्याय और सबको साथ लेकर चलने की राजनीति को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। 14 मार्च की यह 'बदलाव रैली' पंजाब में नई राजनीतिक ऊर्जा और सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक बनेगी। भाजपा नेता परमजीत सिंह कैंथ ने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से आह्वान किया कि वे बड़ी संख्या में पहुंचकर इस रैली को ऐतिहासिक और प्रभावशाली बनाएं, ताकि पंजाब में सकारात्मक बदलाव का संदेश पूरे प्रदेश में मजबूती से पहुंचे।

## पंजाब में 818 युवाओं को अपॉइंटमेंट लेटर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने वीरवार को चल रहे मिशन रोजगार पहल के तहत अलग-अलग डिपार्टमेंट में 818 युवाओं को अपॉइंटमेंट लेटर दिए, जिससे पिछले चार सालों में पंजाब सरकार द्वारा दी गई सरकारी नौकरियों की कुल संख्या 65,264 हो गई है। अपॉइंटमेंट लेटर बांटने के लिए आयोजित एक फंक्शन में लोगों को संबोधित करते हुए, सीएम भगवंत सिंह मान ने इस मील के पत्थर को पंजाब के युवाओं के लिए ट्रांसपेरेंट और मेरिट-बेस्ड नौकरी के मौके पक्का करने के सरकार के कमिटमेंट की झलक बताया। उन्होंने कहा, 'आज अलग-अलग डिपार्टमेंट में 818 युवाओं को अपॉइंटमेंट लेटर दिए जा रहे हैं,' उन्होंने बताया कि इन भर्तियों में पावर डिपार्टमेंट में 459, लोकल गवर्नमेंट डिपार्टमेंट में 215, हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर डिपार्टमेंट में 129 और मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च डिपार्टमेंट में 15 प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर शामिल हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि पंजाब सरकार ने अब तक पूरे पंजाब में युवाओं को 65,264 सरकारी नौकरियां दी हैं।

# सीजीसी यूनिवर्सिटी में भविष्य की रणनीतियों पर हुई चर्चा

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** सीजीसी यूनिवर्सिटी मोहाली ने कैंपस में गवर्निंग बॉडी की उद्घाटन बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की। यह महत्वपूर्ण बैठक संस्थान के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और यह अकादमिक उत्कृष्टता, रणनीतिक दूरदर्शिता और उत्कृष्ट प्रशासन के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दोहराती है। बैठक की अध्यक्षता सीजीसी यूनिवर्सिटी के चांसलर रशपाल सिंह ने की।




विश्वविद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर अर्श धालीवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) विनय गोयल ने गवर्निंग बॉडी के सम्मानित सदस्यों का औपचारिक स्वागत किया और विश्वविद्यालय की रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें अकादमिक प्रगति, प्रशासनिक ढांचे और संस्थान के दीर्घकालिक विकास मार्ग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अपने संबोधन में माननीय चांसलर रशपाल सिंह धालीवाल ने कहा कि गवर्निंग बॉडी की यह पहली बैठक विश्वविद्यालय की प्रगतिशील यात्रा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण क्षण है। हमारा मुख्य उद्देश्य पारदर्शी प्रशासन, सिद्धांत आधारित नेतृत्व और उच्च शिक्षा में निरंतर उत्कृष्टता को बनाए रखना है। एक मजबूत प्रशासनिक ढांचा ही अकादमिक विश्वसनीयता और परिवर्तनकारी विकास की नींव होता है।

मैनेजिंग डायरेक्टर अर्श धालीवाल ने कहा कि सीजीसी यूनिवर्सिटी को एक ऐसे वैश्विक स्तर के संस्थान के रूप में विकसित किया जा रहा है जहां शोध, नवाचार और उद्योग-अकादमिक सहयोग को प्राथमिकता दी जाती है। गवर्निंग बॉडी की रणनीतिक सिफारिशें हमारे विद्यार्थियों को वैश्विक चुनौतियों के लिए तैयार करने में सहायक होंगी। बैठक के दौरान पाठ्यक्रम के आधुनिकीकरण, शोध कार्यों में तेजी, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और कैंपस के बुनियादी ढांचे के विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही स्टार्ट-अप इनक्यूबेशन, डिजिटल एकीकरण और परिणाम-आधारित शिक्षा को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। अंत में प्रो. (डॉ.) अनुपम शर्मा, रजिस्ट्रार-कम-प्रो वाइस चांसलर (परीक्षाएं) ने गवर्निंग बॉडी के सदस्यों को उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

**संसद** केंद्र सरकार सिख रेफरेंस लाइब्रेरी में क्षतिग्रस्त सिख साहित्य के पुनर्स्थापन की संभावना तलाशेगी

# सिख रेफरेंस लाइब्रेरी की क्षतिग्रस्त पांडुलिपियों को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने संसद में 1984 में ऑपरेशन ब्लूस्टार के दौरान हरमंदिर साहिब में सिख रेफरेंस लाइब्रेरी में दुर्लभ पांडुलिपियों (मैन्युस्क्रिप्ट्स) और सिख साहित्य को हुए नुकसान को एक 'दुर्भाग्यपूर्ण' घटना बताया।



उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार 'ज्ञान भारतम मिशन' के तहत लेटेस्ट डिजिटल टूल्स और एआई तकनीक के साथ अमृतसर में ऐतिहासिक सिख रेफरेंस लाइब्रेरी में क्षतिग्रस्त सिख साहित्य के पुनर्स्थापन की संभावना तलाशेगी, जिसका उद्देश्य भारत की पांडुलिपियों की विरासत को बचाना, डिजिटाइज करना और प्रसारित करना है। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने यह जानकारी राज्यसभा में संसद के मौजूदा बजट सत्र के दौरान सांसद सतनाम सिंह संधू के द्वारा पूछे एक प्रश्न के उत्तर में दी। संसद में प्रश्नकाल के दौरान हरमंदिर साहिब, अमृतसर स्थित सिख रेफरेंस लाइब्रेरी की बहाली का मुद्दा उठाते हुए सांसद सतनाम सिंह संधू ने कहा कि सिख रेफरेंस लाइब्रेरी की स्थापना वर्ष 1946 में स्वर्ण मंदिर परिसर में की गई थी जिसमें लगभग 20,000 दुर्लभ पांडुलिपियां, श्री गुरु ग्रंथ साहिब और गुरु नानक देव जी से शुरूहोने वाले पूरे सिख इतिहास से जुड़ा हस्तलिखित साहित्य शामिल था।

सांसद सतनाम सिंह संधू ने 'नेशनल मिशन ऑन लाइब्रेरीज़' पर केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से पूछे एक सप्लीमेंट्री सवाल में कहा कि जब 1984 में ऑपरेशन ब्लू स्टार के दौरान दरबार साहिब पर हमला हुआ और अकाल तख्त मलबे में बदल गया, सिख रेफरेंस लाइब्रेरी को जला दिया गया। वहां सिख इतिहास जलाया और पवित्र गुरु ग्रंथ साहिबजल गए। यह ठीक वैसा ही था जैसे तक्षशिला और नालंदा यूनिवर्सिटी में हमारा इतिहास जलाया गया था।'

उन्होंने मॉडर्न एआई तकनीक और मल्टीस्पेक्ट्रल इमेजिंग के साथ डिजिटल रिकवरी प्रोजेक्ट के तहत मैन्युस्क्रिप्ट्स और सिख साहित्य को ठीक करने की मांग की। सांसद संधू के प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा, 'प्राकृतिक आपदाओं, मानव निर्मित आपदाओं और ऑपरेशन ब्लू स्टार के दौरान हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के कारण ऐसी कई ऐतिहासिक धरोहरें नष्ट हो गईं या राख में बदल गईं। हमारे पूर्वजों ने हजारों वर्षों के अपने ज्ञान, बुद्धिमत्ता और अनुभव के आधार पर जो ऐतिहासिक विरासत तैयार की थी, उसका बड़ा हिस्सा नष्ट हो गया।' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए ज्ञान भारतम मिशन के तहत भारत की पांडुलिपि विरासत को संरक्षित, सुरक्षित और आधुनिक तकनीकों की मदद से स्थायी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मिशन के तहत पांडुलिपियों को डिजिटाइज किया जाएगा और जहां संभव होगा, उन्हें तकनीकी सहायता से सुधारकर और पुनर्निर्मित कर पूरी तरह से संरक्षित किया जाएगा। सिख रेफरेंस लाइब्रेरी, अमृतसर में क्षतिग्रस्त दुर्लभ पांडुलिपियों की बहाली से जुड़े सांसद संधू के प्रश्न को 'अत्यंत प्रासंगिक' (महत्वपूर्ण) बताते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'यह निश्चित रूप से एक महत्वपूर्ण विषय है, आने वाले समय में माननीय सदस्य (सांसद सतनाम सिंह संधू) के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे कि इस दिशा में आगे कैसे बढ़ा जा सकता है और इसे कैसे आगे बढ़ाया जा सकता हैं। सांसद सतनाम सिंह संधू ने पहले भी 1984 में हुए ऑपरेशन ब्लूस्टार के बाद से अमृतसर के श्री हरमंदिर साहिब में सिख रेफरेंस लाइब्रेरी से लापता सिख पांडुलिपियों (मैन्युस्क्रिप्ट्स) और हस्तलिखित पवित्र स्वरूपों और पावन बीड़ों का मुद्दा उठाया था।

# इंटर-कॉलेज क्विज में छात्रों ने दिखाया बिजनेस और एचआर स्किल्स में दम



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** सीईसी-सीजीसी लांडरां के डिपार्टमेंट ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) ने नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ पर्सनल मैनेजमेंट (पंजाब स्टूडेंट चैप्टर) के सहयोग से एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन किया, जिसका थीम था - 'ह्यूमैनाइजिंग एआई: लीडिंग ए मल्टी - जेनरेशनल वर्कफोर्स इन द डिजिटल एरा।'

यह दो दिवसीय अकादमिक और इंडस्ट्री इंगेजमेंट इवेंट एचआर प्रैक्टिसेज, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मैनेजिंग मल्टी - जेनरेशनल वर्कफोर्स पर केंद्रित था। पहले दिन में इंटर-कॉलेज क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सीजीसी के कोंस्टीटूएंट कॉलेजेस जैसे सीईसी, सीबीएसए, सीओई और सीसीटी की 25 टीमों ने भाग लिया। कई राउंड के माध्यम से स्टूडेंट्स को बिज़नेस अवेयरनेस, एचआर कॉन्सेप्ट्स एनालिटिकल स्किल्स पर परखने के बाद विनर्स के नाम घोषित किए गए, पहला पुरस्कार: सीबीएसए की टीम सिनर्जी (खुशी और कुश) ने जीता, दूसरा पुरस्कार: सीईसी की टीम टैलेंट विज़ार्ड्स (ज्योति और खुशी) ने प्राप्त किया, तीसरा पुरस्कार: सीईसी की टीम डेस्क बड़ीज़ (अदिति पांडेय और आकृति) ने जीता। सभी विनर्स को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट्स और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। कॉन्क्लेव के दूसरे दिन में प्रोग्राम की थीम - ह्यूमैनाइजिंग एआई: लीडिंग ए मल्टी - जेनरेशनल वर्कफोर्स इन द डिजिटल एरा' पर एक इंसाइटफुल्ल पैनल रहेगी।

